# बालाघाट एक्सप्रेस

हिन्दी दैनिक

E-mail: balaghatexpress@gmail.com

/padmeshmedia /padmeshmedia

epaper.balaghatexpress.in

बालाघाट
रविवार 29 जून 2025
आषाढ़ शुक्ल 03 विक्रम सम्वत 2082
वर्ष 16, अंक 274
पृष्ठ 12
मूल्य ₹ 7.00


# मोबाइल एप के द्वारा वोट डालने की सुविधा, बिहार देश का पहला राज्य

## अब तक 10,000 मतदाता ई-वोटिंग के लिए पंजीकरण करा चुके

पटना। बिहार देश का पहला राज्य बन गया है, जहां मतदाता अब मोबाइल एप के द्वारा घर बैठे वोट डाल सकते है। इस अनूठी पहल की शुरुआत राज्य निर्वाचन आयोग ने की है, इस लोकतांत्रिक प्रक्रिया में एक नया युग माना जा रहा है।

बिहार राज्य चुनाव आयुक्त दीपक प्रसाद ने बताया कि आगामी पटना, रोहतास और पूर्वी चंपारण के छह नगर निगम क्षेत्रों में होने वाले नगर निकाय चुनावों में ई-वोटिंग की सुविधा मिलेगी। यह सेवा विशेष रूप से वरिष्ठ नागरिकों, दिव्यांगों, गर्भवती महिलाओं, प्रवासी श्रमिकों और अन्य असमर्थ मतदाताओं के लिए रहेगी

### कैसे करेगा काम ई-वोटिंग एप

इसके लिए मतदाता ई-एसईसीबीएचआर एप डाउनलोड कर अपने पंजीकृत मोबाइल नंबर से लिंक करना होगा। सत्यापन के बाद वे मतदान के दिन एप के जरिए वोट डाल सकते है। यह ऐप वर्तमान में केवल एंड्रॉइड उपयोगकर्ताओं के लिए उपलब्ध है। ब्लॉकचेन टेक्नोलॉजी के माध्यम से वोटों को सुरक्षित और अपारदर्शी सिस्टम में दर्ज किया जाएगा। फेस ऑथेंटिफिकेशन, ओसीआर स्कैनिंग और डिजिटल लॉगिंग से मतदाता की पहचान सुनिश्चित होगी।




इतना ही नहीं ईवीएम और वीवीपेट जैसे ऑडिट ट्रेल फीचर भी एप में मौजूद हैं। एक मोबाइल नंबर से अधिकतम दो मतदाता ही लॉग इन कर सकते है।

अब तक करीब 10,000 मतदाता ई-वोटिंग के लिए पंजीकरण करा चुके हैं, जबकि कुल 50,000 मतदाताओं को इस तकनीक से जोड़ने का लक्ष्य रखा गया है।

चुनाव आयोग का मानना है कि यह प्रणाली न केवल आसान और सुरक्षित है, बल्कि इससे मतदाता भागीदारी भी बढ़ेगी, खासकर उन वर्गों की जो मतदान केंद्र तक नहीं पहुंच पाते।

### चुनाव आयोग बिहार में गुप्त रूप से एनआरसी लागू कर रहा

## सांसद असदुद्दीन ओवैसी का बड़ा आरोप



एआईएमआईएम अध्यक्ष और सांसद असदुद्दीन ओवैसी ने चुनाव आयोग पर गंभीर आरोप लगाकर दावा किया है कि आयोग बिहार में गुप्त रूप से राष्ट्रीय नागरिक रजिस्टर (एनआरसी) जैसी प्रक्रिया को लागू कर रहा है। सांसद ओवैसी के मुताबिक, आगामी विधानसभा चुनाव से पहले इस तरह के नियम लागू करना गरीबों और विशेषकर सीमांचल जैसे क्षेत्रों में निवासरत लोगों के मताधिकार पर हमला है। ओवैसी ने पोस्ट में लिखा कि अब वोटर लिस्ट में नाम दर्ज करवाने के लिए नागरिकों को दस्तावेजों से साबित करना होगा कि वे और उनके माता-पिता कब और कहाँ पैदा हुए थे। यह सीधा-सीधा एनआरसी की तर्ज पर की जा रही कार्रवाई है। ओवैसी ने बताया कि भारत में केवल तीन-चौथाई जन्म ही पंजीकृत होते हैं। बाढ़ और गरीबी से प्रभावित सीमांचल जैसे इलाकों में रहने वाले लोगों के पास अक्सर दस्तावेजों की भारी कमी होती है। चुनाव से ठीक पहले ऐसी प्रक्रिया लागू करना संवैधानिक अधिकारों का उल्लंघन है।

ओवैसी ने अपनी बात को मजबूती देकर 1995 में सुप्रीम कोर्ट के एक फैसले का हवाला दिया, जिसमें मतदाता पंजीकरण के लिए मनमानी प्रक्रियाओं पर आपत्ति जाहिर की थी।

## खास खबर

### एअर इंडिया ने 4 कर्मचारियों से इस्तीफा मांगा

नई दिल्ली।एअर इंडिया ने अपने ग्राउंड हैंडलिंग वेंचर के 4 कर्मचारियों को इस्तीफा देने के लिए कहा है। ये कार्रवाई इनकी एक पार्टी का वीडियो वायरल होने के बाद की गई। इन कर्मचारियों ने अहमदाबाद प्लेन हादसे के 8 दिन बाद यह पार्टी की थी। एअर इंडिया ने एक बयान में कहा कि अहमदाबाद प्लेन हादसे की दुखद घटना से प्रभावित परिवारों के साथ हम पूरी संवेदना के साथ खड़े हैं। वायरल वीडियो में कर्मचारियों का व्यवहार है, वह हमारी कंपनी की पॉलिसी के खिलाफ है। हमने जिम्मेदार लोगों पर सख्त अनुशासनात्मक कार्रवाई की है।

### पैसेंजर ट्रेन पटरी से उतरी, नुकसान नहीं

चेन्नई। तमिलनाडु के रानीपेट जिले में चिट्टेरी स्टेशन के पास एक पैसेंजर ट्रेन (नंबर 66057) पटरी से उतर गई। यह ट्रेन अरक्कोनम से कटपाड़ी जा रही थी। हादसा तब हुआ जब ट्रेन चिट्टेरी स्टेशन से निकली ही थी। लोगों ने बताया कि तेज आवाज आई और ड्राइवर ने तुरंत ट्रेन रोक दी। वहां की पटरी टूटी हुई दिखी। किसी को चोट नहीं लगी और कोई जान का नुकसान नहीं हुआ। फिलहाल ट्रैक ठीक करने का काम चल रहा है। चिट्टेरी स्टेशन पहले भी हादसों के लिए चर्चा में रहा है। 2011 में यहां दो ट्रेनों की टक्कर में 11 लोगों की मौत हो गई थी।

### तीन महिलाओं समेत छह उग्रवादियों को मणिपुर पुलिस ने किया गिरफ्तार

इंफाल। मणिपुर पुलिस ने प्रतिबंधित कांगलीपाक कम्युनिस्ट पार्टी की तीन महिलाओं समेत छह उग्रवादियों को गिरफ्तार किया गया है। शनिवार को इसकी जानकारी देते हुए अधिकारी ने बताया कि शुक्रवार को इंफाल पश्चिम जिले के थांगमेइबंद थिंगल लेइकाई इलाके से कांगलीपाक कम्युनिस्ट पार्टी (पीडब्लूजी) की दो महिला उग्रवादी समेत तीन उग्रवादियों को गिरफ्तार किया गया है। मीडिया रिपोर्ट में अधिकारी ने बताया कि ये सभी जबरन वसूली की गतिविधियों में शामिल थे। पुलिस ने जबरन वसूली की गतिविधियों में शामिल केसीपी-पीडब्लूजी के एक सक्रिय सदस्य को इंफाल पूर्व जिले के चिंगारेल तेजपुर क्षेत्र से गिरफ्तार किया। वहीं केसीपी-पीडब्लूजी के दो सक्रिय सदस्यों को गुरुवार को इंफाल पूर्व जिले के वांगखेई निंगथेम पुखरी मापल क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया था।

### सिंधु जल समझौते पर पाकिस्तान की नापाक मंशा पर भारत ने फेर दिया पानी

नई दिल्ली,। पहलगाम हमले के बाद पाकिस्तान के आतंकी इरादों को लेकर उसे सबक सिखाने के लिए भारत ने लगभग हर मोर्चे पर जोरदार ढंग से स्ट्राइक की है। इसी क्रम में पड़ोसी देश की सिंधु जल समझौते पर बनी हुई नापाक मंशा पर पूरी तरह से पानी फेरते हुए भारत ने वर्ष 1960 में हुए इस समझौते के तहत गठित किए गए मध्यस्थता न्यायालय को पूरी तरह से अवैध करार दिया है। यह जानकारी विदेश मंत्रालय ने अपने एक बयान के जरिए दी। जिसमें बताया कि भारत ने न केवल उक्त गठित किए गए मध्यस्थता न्यायालय को अवैध बताया है। बल्कि उसके द्वारा जम्मू-कश्मीर के किशनगंगा और रातले पनबिजली परियोजनाओं की क्षमता को लेकर जारी किए गए एक तथाकथित पूरक आदेश को भी सिरे से खारिज कर दिया गया है।

## ईडी ने पटनीटॉप डेवलपमेंट अथॉरिटी से जुड़े एक बड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में 15.78 करोड़ रुपये की संपत्तियों को किया जब्त

नई दिल्ली। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने जम्मू-कश्मीर में पटनीटॉप डेवलपमेंट अथॉरिटी से जुड़े एक बड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में 15.78 करोड़ रुपये की संपत्तियों को अस्थायी रूप से जब्त कर लिया है। जब्त की गई संपत्तियों में होटल पाइन हेरिटेज, होटल ड्रीम लैंड और होटल शाही संतूर शामिल हैं, जिनसे हुई आय भी इसमें गिनी गई है। ये सभी होटल पटनीटॉप इलाके में स्थित हैं। ईडी की जांच सीबीआई, एंटी करप्शन ब्रांच , जम्मू द्वारा दर्ज की गई प्राथमिकी के आधार पर शुरू हुई थी। प्राथमिकी में आरोप है कि पटनीटॉप क्षेत्र में कई होटल, गेस्ट हाउस, रिसॉर्ट और कॉटेज ने रिहायशी इमारतों का व्यावसायिक उपयोग किया, निर्माण की निर्धारित सीमा से ज्यादा निर्माण किया और घने जंगलों, कृषि भूमि और प्रतिबंधित क्षेत्रों में गैरकानूनी गतिविधियां चलाईं। ईडी ने पाया कि होटल पाइन हेरिटेज, होटल ड्रीम लैंड और होटल शाही संतूर ने अनुमति से कहीं ज्यादा निर्माण किया और उसी से आमदनी भी कमाई। यह सब नियमों के खिलाफ था और इसमें अवैध रूप से पैसा कमाया गया। इस मामले में ईडी ने पहले भी जनवरी 2025 में कार्रवाई करते हुए होटल त्रिनेत्रा रिसॉर्ट्स और होटल ग्रीन ऑर्किड, पटनीटॉप की लगभग 14.93 करोड़ रुपये की संपत्तियां जब्त की थीं।

### जैन मुनि आचार्य विद्यानंद महाराज का जन्म शताब्दी समारोह में पीएम मोदी ने डाक टिकट, सिक्के जारी; कहा

# आचार्य विद्यानंद का जीवन त्याग की मिसाल

नई दिल्ली। पीएम मोदी शनिवार को जैन मुनि आचार्य विद्यानंद महाराज के जन्म शताब्दी समारोह में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने आचार्य विद्यानंद का डाक टिकट और सिक्का जारी किया। इस कार्यक्रम का आयोजन भगवान महावीर अहिंसा भारती ट्रस्ट की ओर से किया गया। ट्रस्ट ने पीएम को धर्म चक्रवर्ती की उपाधि से सम्मानित किया। इस मौके पर मोदी ने कहा कि मैं खुद को इस उपाधि के योग्य नहीं मानता, लेकिन हमारी संस्कृति में यह परंपरा है कि संतों से जो भी मिलता है, हम उसे प्रसाद मानकर स्वीकार करते हैं। इस वजह से मैं इस सम्मान को प्रसाद रूप में विनम्रता से स्वीकार करता हूं और इसे मां भारती को समर्पित करता हूं।



पीएम ने कहा कि आज का दिन इसलिए भी खास है क्योंकि 28 जून 1987 को आचार्य विद्यानंद मुनिराज को आचार्य की उपाधि दी गई थी। यह सिर्फ एक सम्मान नहीं था, बल्कि जैन संस्कृति को विचारों, संयम और करुणा से जोडऩे वाली एक पवित्र धारा भी थी। जब हम आज उनके जन्म के 100 साल मना रहे हैं, तो वह ऐतिहासिक पल फिर याद आता है। आचार्य विद्यानंद महाराज का जन्म शताब्दी समारोह पूरे साल भर चलेगा। इस दौरान जैन समाज की ओर से देशभर में जगह-जगह कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।

आचार्य युग पुरुष और युग दृष्टा

पीएम ने भावुक होते हुए कहा कि आचार्य विद्यानंद जी मुनिराज एक युग पुरुष थे, युग दृष्टा थे। मुझे सौभाग्य मिला कि मैं उन्हें निकट से देख पाया और उनके आध्यात्मिक तेज को महसूस कर सका। आज जब हम उनकी जन्म शताब्दी मना रहे हैं, तो मुझे इस मंच से भी उनका स्नेह और निकटता महसूस हो रही है। पीएम ने कहा कि भारत दुनिया की सबसे प्राचीन और जीवित संस्कृति है। हम हजारों वर्षों से अमर हैं, क्योंकि हमारे विचार अमर हैं, हमारी सोच अमर है, हमारा दर्शन अमर है। इस अमर दर्शन का स्रोत हमारे ऋषि, मुनि, संत और आचार्य हैं। उन्होंने ही भारत की आत्मा को दिशा दी है और सदियों तक हमारी संस्कृति को जीवित रखा है।

## आईपीएस अधिकारी पराग जैन बने रॉ प्रमुख

नई दिल्ली। केंद्र सरकार ने पंजाब कैडर के 1989 बैच के आईपीएस अधिकारी पराग जैन को भारत की विदेशी खुफिया एजेंसी रिसर्च एंड एनालिसिस विंग (रॉ) का नया प्रमुख नियुक्त किया है। वह मौजूदा प्रमुख रवि सिन्हा की जगह लेंगे, जिनका कार्यकाल 30 जून 2025 को समाप्त हो रहा है। पराग जैन 1 जुलाई से दो साल के लिए यह जिम्मेदारी संभालेंगे। पराग जैन को आतंकवाद निरोधक विशेषज्ञ माना जाता है, विशेषकर अफगानिस्तान-पाकिस्तान क्षेत्र में उनकी गहरी समझ और पकड़ है। सीमा पार आतंकी नेटवर्क को समझने और डिकोड करने में उनकी विशेषज्ञता के कारण उन्हें रॉ के अगले प्रमुख के तौर पर चुना गया है। वह वर्तमान में एविएशन रिसर्च सेंटर का नेतृत्व कर रहे हैं और उन्हें 'ऑपरेशन सिंदूर' के तहत खुफिया प्रयासों को सफलतापूर्वक संचालित करने का श्रेय भी दिया जाता है। इस ऑपरेशन के तहत भारतीय सेना ने पहलगाम में हुए आतंकी हमले के जवाब में पाकिस्तान और पीओके में नौ आतंकी ठिकानों को निशाना बनाकर तबाह किया था।



पराग जैन की नियुक्ति ऐसे समय में हुई है जब भारत की राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़े कई संवेदनशील मुद्दे सामने हैं। उनकी विशेषज्ञता और अनुभव से रॉ को भविष्य की चुनौतियों से निपटने में नई दिशा और मजबूती मिलने की उम्मीद है।

## यदि कोई आपके प्रति अपनेपन की भावना रखता तो आप भी स्नेह और करुणा रखें

नई दिल्ली। आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत ने समाज में स्नेह और करुणा को बढ़ावा देते हुए कहा कि ऐसे दौर में जब सामाजिक स्नेह कम होता जा रहा है, आरएसएस इन मूल्यों को फिर से स्थापित करने के लिए सक्रिय रूप से काम कर रहा है। भागवत ने ये टिप्पणी एक पुस्तक के विमोचन कार्यक्रम के दौरान की। भागवत ने शुक्रवार को कहा कि आरएसएस का मिशन यह तय करना है कि संपूर्ण हिंदू समाज अपनापन और स्नेह की भावना से एक सूत्र में बंधा रहे। उन्होंने कहा कि पशुओं के विपरीत मनुष्य के पास बुद्धि होती है। बुद्धि के विवेकपूर्ण इस्तेमाल से वह और भी बेहतर बन सकता है, लेकिन उसी बुद्धि का गलत तरीके से इस्तेमाल करने से वह और भी बुरा बन सकता है। एकमात्र चीज जो उसे बुरा बनने से रोकती है, वह है स्नेह और अपनापन की भावना। उन्होंने कहा कि ऐसे कई उदाहरण हैं कि लोग स्वार्थी हो जाने पर बुराई की ओर झुक जाते हैं। वहीं, अगर कोई व्यक्ति स्नेह और करुणा की ओर झुक जाता है, तो वह ईश्वरीय स्वरूप प्राप्त कर लेता है और खडीवाले की जीवन यात्रा इसकी एक बानगी है।



## असम में अब आधार कार्ड बनवाना नहीं रहा आसान, पहले डिप्टी कमिश्नर की स्वीकृति दिखाओ

### जन्म और मृत्यु प्रमाण पत्र की प्रक्रिया भी सख्त होगी

गुवाहाटी। अवैध प्रवासियों की पहचान और उन्हें रोकने के लिए असम की हेंमता सरकार ने एक बड़ा कदम उठाया है। राज्य के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने कहा है कि अब राज्य में 18 वर्ष से अधिक उम्र के किसी भी व्यक्ति को आधार कार्ड तभी मिलेगा जब उसे डिप्टी कमिश्नर (डीसी) से पूर्व स्वीकृति मिली हो। यह निर्णय घुसपैठ को रोकने और राष्ट्रीय सुरक्षा को मजबूत करने की दिशा में बड़ा कदम है।

गुवाहाटी में मुख्यमंत्री सरमा ने कहा कि हम यह सुनिश्चित करना चाहते हैं कि कोई भी अवैध अप्रवासी आधार कार्ड प्राप्त न कर सके। वयस्कों को अब सीधे आधार नहीं मिलेगा, उन्हें जिला आयुक्त से अनुमति लेनी होगी। उन्होंने बताया कि कैबिनेट में इस बारे पर चर्चा की गई है और आगामी बैठक में औपचारिक रूप से लागू करने का निर्णय होगा।

सीएम सरमा ने स्पष्ट किया कि यह प्रतिबंध केवल वयस्कों पर लागू होगा। नवजात शिशुओं और बच्चों के लिए आधार कार्ड बनवाने की सुविधा जारी रहेगी, ताकि उनकी शैक्षणिक और स्वास्थ्य सेवाओं में कोई बाधा न आए।

इतना ही नहीं सरमा ने बताया कि उनकी सरकार जन्म और मृत्यु प्रमाण पत्र की प्रक्रिया को भी सख्त करने जा रही है। मुख्यमंत्री ने बताया कि पहले लोग वर्षों बाद भी जन्म प्रमाण पत्र बनवा लेते थे, जिससे फर्जी दस्तावेज बनाकर नागरिक बन जाते थे। अब ऐसा नहीं होगा।

सीएम सरमा ने बताया कि सरकार की कार्रवाई के तहत 20 बांग्लादेशी नागरिकों को हाल ही में राज्य से बाहर भेजा गया है। उन्होंने कहा कि असम सरकार अवैध विदेशियों की पहचान और उन्हें वापस भेजने के लिए प्रतिबद्ध है।

असम सरकार का कदम राज्य में अवैध घुसपैठ पर नकेल कसने और पहचान दस्तावेजों की विश्वसनीयता बनाए रखने की दिशा में महत्वपूर्ण माना जा रहा है। हालांकि, मानवाधिकार संगठनों और राजनीतिक दलों की प्रतिक्रिया इस पर क्या होगी, यह देखना अभी बाकी है।

## स्पेस स्टेशन में शुभांशु से पीएम मोदी ने की बातचीत, सफलता पर दी बधाई

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन पहुंचे भारतीय वायुसेना के ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला से वीडियो कॉल के जरिए बातचीत की और उन्हें अंतरिक्ष में भारत का प्रतिनिधित्व करने पर बधाई दी। इस दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, कि आज आप भारतभूमि से दूर हैं, लेकिन भारतवासियों के सबसे करीब हैं। आपके नाम में भी शुभ है और आपके कार्य से देश के लिए शुभ संकेत हैं।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला से हालचाल जाना और कहा, कि आप वहां कुशल मंगल हैं न? यहां 140 करोड़ भारतवासी आपके साथ हैं। मेरी आवाज में पूरे देश की भावनाएं और उत्साह शामिल हैं। इसके जवाब में शुभांशु शुक्ला ने कहा, यह यात्रा बहुत खास है। पृथ्वी से 400 किमी दूर कक्षा (ऑर्बिट) तक पहुंचना गर्व का क्षण है। मुझे खुशी है कि मैं अंतरिक्ष में भारत का प्रतिनिधित्व कर रहा हूं। यह सब देशवासियों के आशीर्वाद और प्यार से संभव हुआ है।



प्रधानमंत्री मोदी ने बातचीत के दौरान हल्के-फुल्के अंदाज़ में पूछा कि आप जो गाजर का हलवा साथ ले गए थे, क्या वह अपने साथियों को खिलाया? इस पर शुभांशु ने मुस्कराते हुए हामी भरी और बताया, कि हलवा मिशन के तनाव भरे पलों में एक सुखद याद की तरह है।

यह पहली बार है जब कोई भारतीय वायुसेना अधिकारी कमर्शियल मिशन के तहत अंतरिक्ष स्टेशन तक पहुंचा है। शुभांशु 14 दिन तक अंतरिक्ष में रहेंगे और इन दिनों अनुसंधान कार्यों में हिस्सा ले रहे हैं।

## 33,000 फीट पर था विमान अचानक आई खराबी, यात्रियों की अटक गई सांसें

मुंबई,। अदीस अबाबा से मुंबई की ओर आ रही थी इथियोपियन एयरलाइंस की फ्लाइट ईटी640 में शुक्रवार देर रात तकनीकी खराबी आ गई। एयरलाइंस के बोइंग 787 ड्रीमलाइनर विमान में मिड-एयर डिप्रेशराइजेशन की स्थिति उत्पन्न हुई, जिसके कारण सात यात्रियों की तबीयत बिगड़ गई। विमान ने छत्रपति शिवाजी महाराज अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर रात 1:55 बजे आपातकालीन लैंडिंग की। इस घटना में एक यात्री को गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया। इस दौरान विमान में करीब 300 यात्री सवार थे।

बता दें मिड-एयर डिप्रेशराइजेशन वह स्थिति होती है जब विमान के केबिन में हवा का दबाव कम हो जाता है। यह आमतौर पर तकनीकी खराबी, जैसे केबिन प्रेशर सिस्टम की विफलता या विमान की संरचना में रिसाव के कारण होता है। इससे यात्रियों को सांस लेने में तकलीफ, चक्कर आना या अन्य स्वास्थ्य समस्याएं हो सकती हैं। ताजा घटना 23 जून को एयर इंडिया हीथ्रो-मुंबई उड़ान के दौरान 6 क्रू सदस्यों समेत 11 यात्रियों को चक्कर आने के कुछ दिनों बाद हुई है। बीमारी के कारणों की जांच की जा रही है। रिपोर्ट के मुताबिक फ्लाइट संख्या ईटी640 में 300 यात्री और 11 क्रू मेंबर सवार थे।

## कोलकाता गैंगरेप केस- मेडिकल जांच में दुष्कर्म की पुष्टि

### शरीर पर काटने, खरोंच के निशान; टीएमसी नेता बोले- दोस्त ही दोस्त का रेप करे, तो क्या करें

कोलकाता। कोलकाता के लॉ कालेज में गैंगरेप की पीड़ित छात्रा की मेडिकल रिपोर्ट में रेप की पुष्टि हो गई है। मेडिकल जांच कलकत्ता नेशनल मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल (सीएनएमसी) में की गई थी। कस्बा पुलिस के अधिकारी के मुताबिक पीड़ित के साथ जबरदस्ती करने, शरीर पर काटने और नाखून से खरोंचने के निशान मिले हैं। उससे मारपीट की भी पुष्टि हुई है।

गैंगरेप केस के तीनों आरोपियों को कोर्ट ने शुक्रवार को 1 जुलाई तक पुलिस कस्टडी में भेज दिया है। पुलिस ने 26 जून को 2 आरोपियों और तीसरे आरोपी को शुक्रवार सुबह गिरफ्तार किया था। वहीं लॉ कॉलेज के गार्ड पिनाकी बनर्जी (55) को भी शनिवार को अरेस्ट कर लिया गया। टीएमसी सांसद कल्याण बनर्जी ने घटना को लेकर विवादित बयान दिया। बनर्जी ने कहा- अगर कोई दोस्त अपने दोस्त के साथ बलात्कार करता है तो क्या किया जा सकता है। घटना 25 जून को हुई थी, वारदात कॉलेज के ग्राउंड फ्लोर के गार्ड रूम में हुई थी। आरोपियों में मनोजीत मिश्रा (31), जैब अहमद (19) और प्रमित मुखर्जी (20) शामिल हैं। मनोजीत मुख्य आरोपी है और कॉलेज का पूर्व छात्र है। जबकि जैब और प्रमित कॉलेज के छात्र हैं।

### भाजपा ने जांच कमेटी बनाई

भाजपा लगातार मामले को लेकर राज्य सरकार पर हमलावर है। इस बीच भाजपा ने चार सदस्यीय जांच समिति बनाई है। इस कमेटी में पूर्व केंद्रीय मंत्री सतपाल सिंह, मीनाक्षी लेखी के साथ सांसद विपलब कुमार देव और मनन कुमार मिश्रा को शामिल किया गया था।

## लैंडस्लाइड के चलते केदारनाथ हाईवे फिर बंद

### नॉर्थ ईस्ट में 5 दिन से रेल कनेक्टिविटी टूटी; मुंबई में हाई टाइड से सड़कों को नुकसान

नई दिल्ली। मौसम विभाग ने देश के 31 राज्यों में बारिश की चेतावनी जारी की है। उप्र-बिहार समेत देश के 27 राज्यों में बारिश का यलो अलर्ट है। वहीं, उत्तराखंड, गुजरात, महाराष्ट्र (मध्य), केरल में तेज बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है।

उत्तराखंड के सोनप्रयाग में शुक्रवार देर रात तेज बारिश के चलते लैंडस्लाइड हुई। इस वजह से केदारनाथ हाईवे बंद हो गया है। रास्ते से मलबे को हटाने का काम जारी है। पुलिस ने यात्रियों को कुछ दूर पहले सुरक्षित स्थान पर ही रोक लिया है।



राजस्थान के 29 जिलों में बारिश का यलो अलर्ट है। शुक्रवार को जैसलमेर, जयपुर, सीकर, अलवर समेत 25 से ज्यादा जिलों में तेज बारिश हुई। वहीं, बिजली गिरने से बूंदी में एक युवक और महिला, सिरोही में बच्चे और डूंगरपुर में युवक की मौत हो गई।

महाराष्ट्र में तेज बारिश जारी है। मुंबई में समुद्र में हाई टाइड उठ रहा है। इस वजह से समुद्र किनारे की सड़कों को नुकसान पहुंचा है। वहीं, महाराष्ट्र के चंद्रपुर का ताड़ोबा अंधारी टाइगर रिजर्व (टीएटीआर) का मेन एरिया मानसून की वजह से 1 जुलाई से तीन महीने के लिए पर्यटकों के लिए बंद किया गया है।

त्रिपुरा, मिजोरम, मणिपुर, असम (दक्षिण) में रेलवे लाइन पर कई जगहों पर तेज बारिश के चलते लैंडस्लाइड हुई है। इस वजह से शुक्रवार को लगातार पांचवे दिन ट्रेन सर्विस बाधित रही। वहीं, केरल में इडुक्की जिले का मुल्लापेरियार बांध का जलस्तर लगातार बढ़ रहा है। जो 135.35 फीट हो गया है और जल्द ही 136 फीट के खतरे के निशान को छू सकता है।

# बीते 24 घन्टो में सबसे अधिक बालाघाट में हुई बारिश

## बच्चो ने उठाया मानसूनी बारिश का लुत्फ, पानी मे मस्ती करते आए नजर, आम जन जीवन हुआ प्रभावित, भारी बारिश का अलर्ट

**बालाघाट( पद्मेश न्यूज )। शुक्रवार रात की तरह शनिवार को भी भारी बारिश का दौर चलता रहा ।नगर में हुई इस बारिश ने जिले भर का रिकार्ड तोड़ दिया ।जहा बीते 24 घन्टो में जिले भर में सबसे अधिक बारिश बालाघाट में दर्ज की गई ।जहा शुक्रवार रात 12 बजे के बाद शुरू हुई बारिश, सुबह 3 बजे तक होते रही। तो वही शनिवार को सुबह 11 बजे से शुरू हुआ भारी बारिश का सिलसिला दोपहर 3 बजे तक चलता रहा ।जिसके बाद दिनभर हल्की व बुंदाबांदी बारिश होती रही ।इस भारी बारिश से जगह जगह पानी भर जाने से आम जनजीवन प्रभावित हो गया तो वही नगरवासी पानी निकासी की समस्या से परेशान होते रहे ।उधर दूसरी ओर नगर में हुई इस मानसूनी बारिश का बच्चो ने जमकर लुत्फ उठाया ।जो इस मानसूनी बारिश का जगह जगह आनंद उठाते हुए नजर आए ।इस दौरान बच्चो की टोली ने गलियो में भरे पानी मे जमकर दौड़ लगाई तो वही आसमानी बारिश में भींगकर मानसूनी बारिश का आनंद लिया।**



### मौसम विभाग ने जारी किया बारिश का अलर्ट

जिले के भू-अभिलेख से मिली जानकारी अनुसार जिले में 01 जून से 28 जून तक 101 मिलीमीटर औसत वर्षा रिकार्ड की गई है। जिसमें सबसे ज्यादा बालाघाट तहसील में 193 मि.मी. और सबसे कम खैरलांजी तहसील में 22 मि.मी. वर्षा रिकार्ड की गई। जिले में, बीते 24 घंटे में 20 मिलीमीटर बारिश हुई है ।वहीं भारत मौसम विज्ञान विभाग नई दिल्ली के क्षेत्रिय कार्यालय भोपाल से प्राप्त 05 दिवसीय मध्यम श्रेणी मौसम के पूर्वानुमान को लेकर, जिला कृषि मौसम इकाई कृषि विज्ञान केन्द्र के मौसम वैज्ञानिक धर्मेन्द्र अगासे ने बताया कि आज 28 से 30 जून की अवधी में हल्की से मध्यम वर्षा तथा 01 से 02 जुलाई की अवधि में भारी से अति वर्षा होने के साथ ही आसमान में घने बादल छाए रहने, तूफान और बिजली गिरने तथा तेज सतही हवाएं चलने की संभावना है। इस अवधि में अधिकतम तापमान 28.1 से 29.7 डिग्री सेल्सियस तथा न्यूनतम तापमान 23.6 से 24.1 डिग्री सेल्सियस तथा सुबह हवा में 83 से 90 प्रतिशत तथा दोपहर में 66 से 73 प्रतिशत नमी रहने की संभावना है। आने वाले दिनो में हवा कि गति लगभग 9 से 12 किलो मीटर प्रति घंटा दक्षिण से पश्चिम दिशा में रहने की संभावना है।

### गत वर्ष की अपेक्षा इस वर्ष ज्यादा बारिश

चालू वर्षा सत्र के दौरान बालाघाट जिले में 01 जून से 28 जून तक 101 मिलीमीटर औसत वर्षा रिकार्ड की गई है। जबकि गत वर्ष इसी अवधि में 61 मिलीमीटर वर्षा रिकार्ड की गई थी। जिले की औसत सामान्य वर्षा 1447 मिलीमीटर है।

### कहां हुई कितनी बारिश

बीते 24 घंटे के दौरान बालाघाट तहसील में 56 मिलीमीटर, वारासिवनी में 26 मिलीमीटर, बैहर में 45 मिलीमीटर, लांजी में 10 मिलीमीटर, कटंगी में 00 मिलीमीटर, किरनापुर में 17 मिलीमीटर, खैरलांजी में 04 मिलीमीटर, लालबर्रा में 17 मिलीमीटर, बिरसा में 28 मिलीमीटर, परसवाड़ा में 16 मिलीमीटर एवं तिरोड़ी तहसील में 01 मिलीमीटर वर्षा रिकार्ड की गई है। इस प्रकार जिले में बीते 24 घंटे में 20 मिलीमीटर औसत वर्षा रिकार्ड की गई है।

### जिले में तहसीलवार बारिश का आंकड़ा

चालू वर्षा सत्र में 01 जून से 28 जून तक बालाघाट तहसील में 193 मिलीमीटर, वारासिवनी में 136 मिलीमीटर, बैहर में 166 मिलीमीटर, लांजी में 46 मिलीमीटर, कटंगी में 31 मिलीमीटर, किरनापुर में 129 मिलीमीटर, खैरलांजी में 22 मिलीमीटर, लालबर्रा में 98 मिलीमीटर, बिरसा में 155 मिलीमीटर, परसवाड़ा में 86 मिलीमीटर तथा तिरोड़ी तहसील में 48 मिलीमीटर वर्षा रिकार्ड की गई है । इस प्रकार जिले में चालू वर्षा सत्र में अब तक कुल 101 मिलीमीटर औसत वर्षा रिकार्ड की जा चुकी है। चालू वर्ष सत्र में जिले में सबसे अधिक 193 मिलीमीटर वर्षा बालाघाट तहसील में और सबसे कम 22 मिलीमीटर वर्षा खैरलांजी तहसील में रिकॉर्ड की गई है।

### गत वर्ष हुई बारिश का आंकड़ा

गत वर्ष इसी अवधि में बालाघाट तहसील में 118 मिलीमीटर, वारासिवनी में 55 मिलीमीटर, बैहर में 57 मिलीमीटर, लांजी में 18 मिलीमीटर, कटंगी में 36 मिलीमीटर, किरनापुर में 11 मिलीमीटर, खैरलांजी में 45 मिलीमीटर, लालबर्रा में 91 मिलीमीटर, बिरसा में 79 मिलीमीटर, परसवाड़ा में 31 मिलीमीटर और तिरोड़ी तहसील में 126 मिलीमीटर वर्षा रिकार्ड की गई थी।

# नाबालिक का अपहरण और दुष्कर्म के आरोप में आशुतोष को आजीवन कारावास

## न्यायाधीश कविता इनवाती की विशेष अदालत का फैसला

वारासिवनी(पद्मेश न्यूज)। लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम की विशेष न्यायाधीश श्रीमती कविता इनवाती की विशेष अदालत ने एक नाबालिक लड़की का अपहरण और उसके साथ दुष्कर्म करने के मामले में आरोपी आशुतोष पिता बाबूलाल रखेले 35 वर्ष को आजीवन कारावास की सजा



सुनाई। यह आरोपी कटंगी थाना क्षेत्र में आने वाले ग्राम वरुण का रहने वाला है। जिसे विद्वान अदालत ने ढाई हजार रुपये अर्थदंड से भी दंडित किये है। अभियोजन के अनुसार यह घटना 2022 की है। 20 मई 2022 से आशुतोष ने इस लड़की का कोचिंग जाते समय लगातार पीछा करना शुरू कर दिया था। 22 मई 2022 की शाम 5:00 बजे जब यह लड़की कोचिंग जा रही थी तब अभियुक्त आशुतोष ने इस लड़की का पीछा किया और जबरदस्ती अपने सफेद रंग की पिकअप गाड़ी में बैठाया और उसे वरुण माइंस के कमरे में ले जाकर उसके साथ जबरदस्ती दुष्कर्म किया । यह लड़की बहुत डर गई थी और उसने घटना के संबंध में किसी को नहीं बताई ।इस दौरान अभियुक्त आशुतोष इस लड़की को फोन पर जान से मारने की धमकी देता रहा और उसके साथ तीन-चार बार जबरदस्ती दुष्कर्म किया। इस लड़की ने आशुतोष के डर के कारण कोचिंग छोड़ दी थी। सितंबर 2022 को यह लड़की कोचिंग के लिए भोपाल चली गई थी ।जब वह भोपाल से लौटकर घर आई। तब 22 अक्टूबर 2022 को अभियुक्त आशुतोष ने इस लड़की को पुन: जान से मारने की धमकी देकर उसके साथ जबरदस्ती दुष्कर्म किया । आशुतोष की इस हरकत से परेशान होकर इस लड़की ने कटंगी पुलिस थाना में रिपोर्ट की थी। जहां पर आशुतोष के विरुद्ध धारा 363 धारा 6/5(एल) लैंगिक अपराधों से बालकों का सुरक्षा अधिनियम 2012 के तहत अपराध दर्ज कर इस अपराध में आशुतोष को गिरफ्तार किया गया और विवेचना उपरांत अभियोग पत्र विद्वान अदालत में पेश किया गया था। हाल ही में यह मामला लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम की विशेष न्यायाधीश श्रीमती कविता इनवाती की विशेष अदालत में चला। जहां अभियोजन पक्ष आरोपी आशुतोष रखेले 35 वर्ष ग्राम वरुण निवासी के विरुद्ध आरोपित अपराध सिद्ध करने में सफल रहा। जिसके परिणाम स्वरूप विद्वान अदालत ने मामले की समस्त परिस्थितियों को देखते हुए अपने विवेचन निष्कर्ष उपलब्ध साक्ष्य के आधार पर आरोपी आशुतोष रखेले को धारा 6/5(एल) लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम 2012 के तहत आजीवन कारावास और 2000 हजार रुपये अर्थदंड, धारा 363 भादवि के तहत अपराध में 5 वर्ष का कठोर कारावास और 500 रुपये से दंडित किये। जिला लोक अभियोजन अधिकारी कपिल कुमार डेहरिया के कुशल मार्गदर्शन में इस मामले की पैरवी विशेष लोक अभियोजक ऋतुराज कुमरे द्वारा की गई थी।

# नैनो कार की ठोकर से मोटरसाइकिल सवार एक व्यक्ति घायल

बालाघाट(पद्मेश न्यूज)। गोंदिया रोड सरेखा अंडर ब्रिज के पास नैनो कार की ठोकर से मोटरसाइकिल सवार एक व्यक्ति घायल हो गया। घायल व्यक्ति अफताब उर्फ गुड्डु खान पिता इमामु शेख 49 वर्ष विवेकानंद कॉलोनी बालाघाट निवासी है। जिसे जिला अस्पताल में भर्ती किया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार अफताब उर्फ गुड्डु खान सोम कंपनी में फील्ड चेकर के काम करते है। 27 जून की रात 10:30 बजे करीब अफताब उर्फ गुड्डु खान विवेकानंद कॉलोनी से खाना खाकर मोटरसाइकिल में ऑफिस जा रहे थे। तभी गोंदिया रोड सरेखा अंडर ब्रिज के पास सामने से तेज रफ्तार से आ रही नैनो कार ने मोटरसाइकिल को ठोस मार दी। नैनो कार की ठोकर से आफताब उर्फ गुड्डु खान मोटरसाइकिल सहित गिरने से घायल हो गए। जिस कंपनी के वाहन से जिला अस्पताल बालाघाट लाकर भर्ती किया गया।

# एक व्यक्ति ने अपने पिता और बड़े भाई से की मारपीट

## घायल पिता पुत्र जिला अस्पताल में भर्ती

बालाघाट(पद्मेश न्यूज)। ग्रामीण थाना क्षेत्र में आने वाले ग्राम खुरसोडी में एक व्यक्ति ने अपने पिता और छोटे भाई को डंडे से मारपीट कर घायल कर दिया घायल दोनों घायल टेकुलाल पिता पिता छोटिया कोलते 65 वर्ष और उसके बेटे कृष्णा पिता टेकुलाल कोलते 30 वर्ष दोनों ग्राम खुरसोड़ी निवासी को जिला अस्पताल में भर्ती किया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार टेकू लाल मजदूरी करता है। जिसके परिवार में दो लड़के और दो लड़की है। सभी की शादी हो चुकी है। टेकुलाल अपनी पत्नी के साथ छोटी बेटे बलराम कोलते के पास में रहते हैं। 27 जून की रात्रि 8:00 बजे करीब टेकुलाल के बेटे छोटे बेटे बलराम और बड़े बेटे कृष्णा कोलते के बीच झगड़ा हो रहा था। टेकू लाल झगड़ा छुड़ाने के लिए गया। तभी बलराम कोलते ने कृष्णा कोलते को सिर में डंडे से मारपीट किया और बचाव कर रहे अपने पिता टेकुलाल को भी लकड़ी से मारपीट कर घायल कर दिया। बीच बचाव के बाद दोनों घायल पिता पुत्र को 108 एंबुलेंस से जिला अस्पताल बालाघाट लाकर भर्ती किया है। जिला अस्पताल पुलिस ने टेकूलाल कोलते का बयान लेकर अस्पताल तहरीर घटनास्थल से संबंधित पुलिस थाना ग्रामीण थाना भिजवादी है।

## एक व्यक्ति ने कीटनाशक दवाई का किया सेवन

बालाघाट(पद्मेश न्यूज)। भरवेली थाना क्षेत्र में आने वाले ग्राम रावड़बंदी में इसी ग्राम के एक व्यक्ति संजय पिता विजय कुमले 40 वर्ष ने शराब के नशे में पत्नी को गाली देने के बाद कीटनाशक दवाई का सेवन कर लिया। 27 जून की शाम यह घटना उस समय हुई जब यह व्यक्ति पिकनिक मना कर शराब पीकर अपने घर आया था। इस व्यक्ति को उसकी पत्नी चंद्रकला कुमले ने जिला अस्पताल बालाघाट में लाकर भर्ती की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार संजय कुमले अपनी पत्नी चंद्रकला कुमले के साथ मजदूरी करते हैं ।27 जून को संजय कुमले अपने दोस्तों के साथ पिकनिक मनाने के लिए गया। था और संजय कुंमले पिकनिक बनाकर शाम 6:00 बजे शराब पीकर अपने घर आया और अपनी पत्नी चंद्रकला को गालियां देने लगा। इसके थोड़ी देर बाद संजय कुमले ने घर में रखी किटनाशक दवाई का सेवन कर लिया। जिसे कुछ देर बाद संजय कुमले नर अपनी पत्नी चन्द्रकला कुमले को बताया कि मैंने कीटनाशक दवाई का सेवन कर लिया हूं। जिसके बाद चंद्रकला कुमले ने अपने पड़ोस की रहने वाली गीता नगपुरे के साथ पति संजय कुमले को एंबुलेंस से जिला अस्पताल बालाघाट लाकर भर्ती की।

# इंस्पायर अवार्ड जिला क्लस्टर मानक विज्ञान प्रदर्शनी संपन्न

## 07 मॉडलों का राज्य स्तर के लिए किया गया चयन

बालाघाट(पद्मेश न्यूज)। शनिवार को इंस्पायर अवार्ड जिला क्लस्टर मानक विज्ञान प्रदर्शनी का सफलता पूर्वक समापन किया गया। शासकीय महारानी लक्ष्मीबाई उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बालाघाट में संपन्न हुई इस दो दिवसीय प्रदर्शनी समापन कार्यक्रम में सर्वप्रथम अतिथियों द्वारा मां सरस्वती के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन कर पूजा अर्चना की। इसके पश्चात एमएलबी स्कूल की छात्राओं द्वारा सरस्वती वंदना एवं अतिथियों के सम्मान में स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया। तत्पश्चात जिला शिक्षा अधिकारी अश्विनी कुमार उपाध्याय द्वारा इंस्पायर अवार्ड विज्ञान प्रदर्शनी के बारे में जानकारी देते हुए प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया ।समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में रमेश रंगलानी पूर्व अध्यक्ष नपा, कार्यक्रम अध्यक्ष शंकर बिसेन उपाध्यक्ष जप.पंचायत.जिला शिक्षा अधिकारी अश्विनी कुमार उपाध्याय, सहायक संचालक सीएस मरावी, निर्णायक मंडल सूरत कोठारी जूरी प्रमुख तथा जूरी सदस्यगण सहायक प्राध्यापक नवाब कुरैशी एवं प्रवीण कौशलेंद्र प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।




### 07 मॉडलो का राज्य स्तर के लिए चयन

जिला नोडल अधिकारी शरद खंडेलवाल प्राचार्य ने जानकारी देते हुए बताया कि इंस्पायर अवार्ड जिला स्तरीय मानक विज्ञान प्रदर्शनी 2024 25 के इस क्लस्टर में बालाघाट जिले से 99 में से 72 एवं मंडला जिले से 28 में से 20 प्रतिभागी छात्र-छात्राएं उपस्थित हुए जिनमें से 07 छात्रों के मॉडल राज्य स्तर के लिए चयनित हुए। प्रदर्शनी के समापन दिवस के दिन निर्णायक मंडल के प्रमुख सूरज कोठारी सदस्य नवाब कुरैशी तथा प्रवीण कौशलेंद्र द्वारा प्रत्येक मॉडल का अवलोकन कर सिद्धांत प्रयोग एवं उपयोग की जानकारी प्रतिभागी छात्र-छात्राओं से ली गई। निर्णायको द्वारा मॉडल का अवलोकन कर दिए गए अंकों के आधार पर राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए 7 मॉडल का चयन किया गया।

### विज्ञान आविष्कारों के प्रति बच्चों के दृष्टिकोण को दर्शाते हैं मॉडल

अतिथियों ने अपने संबोधन में कहा कि इस विज्ञान प्रदर्शनी में बच्चों द्वारा जो मॉडल प्रदर्शित किए गए हैं वे विज्ञान के आविष्कारों के प्रति बच्चों के दृष्टिकोण को दर्शाते हैं ।उन्होंने कहां की यह मॉडल भविष्य में बहुत उपयोगी साबित होंगे। अतिथियों ने अवॉर्डी छात्रों को अपने मॉडल की संपूर्ण जानकारी राज्य स्तर पर निसंकोच होकर निर्णायको के सामने प्रस्तुत करने का आवाहन किया। समापन समारोह का सफल मंच संचालन व्याख्याता उमेश कुमार शर्मा द्वारा किया गया ।समापन समारोह के एमएलबी स्कूल की छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया इस दो दिवसीय विज्ञान प्रदर्शनी के आयोजन में जिला शिक्षा अधिकारी अश्विनी कुमार उपाध्याय के मार्गदर्शन में शासकीय स्कूल के प्राचार्यो व्याख्याताओं शिक्षक शिक्षिकाएं एवं जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय के समस्त अधिकारी कर्मचारियों का उल्लेखनीय योगदान रहा।

## नाम सुधार सूचना

मैं भूषण कुमार धामने पिता श्री नंदकिशोर धामने ग्राम कोचेवाही पोस्ट बड़गांव तहसील लांजी जिला बालाघाट का निवासी हूं।

यह कि मेरे समस्त दस्तावेजो में मेरा नाम भूषण कुमार धामने पिता नंदकिशोर धामने दर्ज है। त्रुटि वस ड्राइविंग लाइसेंस में मेरा नाम भूषण धामने पिता नंदकिशोर धामने दर्ज हो गया है, जिसे सुधार कर भूषण कुमार धामने पिता नंदकिशोर धामने किया जाए।

निवेदक
भूषण कुमार धामने
ग्राम कोचेवाही ( लांजी )

## नाम सुधार सूचना

मैं सुनील भारद्वाज पिता श्री हुलासराम भारद्वाज वार्ड क्रमांक 19 ग्राम पोस्ट बोलेगांव तहसील लांजी जिला बालाघाट का निवासी हूं।

यह कि मेरे समस्त दस्तावेजो में मेरा नाम सुनील भारद्वाज पिता हुलासराम भारद्वाज दर्ज है। त्रुटि वस ड्राइविंग लाइसेंस में मेरा नाम सुनील कुमार भारद्वाज पिता हुलासराम भारद्वाज दर्ज हो गया है, जिसे सुधार कर सुनील भारद्वाज पिता हुलासराम भारद्वाज किया जाए।

निवेदक
सुनील भारद्वाज
ग्राम बोलेगांव ( लांजी)

## खेत की मिट्टी उठाने का विवाद

# एक व्यक्ति से दो सगे भाई ने की मारपीट सिर में कड़ा मार कर किये घायल

बालाघाट(पद्मेश न्यूज)। खैरलांजी की पुलिस थाना क्षेत्र में आने वाले ग्राम सावरी में खेत की मिट्टी उठाने के विवाद को लेकर दो सगे भाई ने एक व्यक्ति को हाथबुक्के से मारपीट किए थे वही हाथ में पहने कड़े से सिर में मारकर घायल कर दिए। घायल व्यक्ति अजब लाल पिता सोनया बनोटे 48 वर्ष ग्राम सावरी निवासी को जिला अस्पताल में भर्ती किया गया वहीं उसके द्वारा की गई रिपोर्ट पर खैरलांजी पुलिस ने संतोष बनोटे और उसके भाई अंकुश बनोटे के विरुद्ध मारपीट और जान से मारने की धमकी देने के आरोप में अपराध दर्ज कर जांच शुरू की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार अजब लाल बनोटे अपने परिवार के साथ खेती किसानी करते हैं।। 26 जून को दोपहर 4:00 बजे करीब अजबलाल बनोटे अपने खेत में बकरी चरा रहा था और खेत पड़ोसी संतोष बनोटे और उसका भाई अंकुश बनोटे अपने खेत में जेसीबी मशीन चला रहे और अपने खेत से मिट्टी उठाकर पार में डाल रहे थे। तब कुछ मिट्टी अजब लाल बनोटे के खेत में गिर रही थी। तब अजब लाल बनोटे ने संतोष बनोटे को बोला कि जो मिट्टी मेरे खेत में गिर रही है उसको उठा लेना। तभी संतोष बनोटे भड़क गया और



अजबलाल बनोटे को धमकाते हुए बोला की अगर मिट्टी नहीं उठाया तो क्या कर लेगा। ऐसा बोलकर संतोष बनोटे,अजब लाल बनोटे को अश्लील गालियां देने लगा, जो सुनने में बुरी लग रही थी ।तभी अजबलाल बनोटे ने संतोष बनोटे को बोला की जेसीबी मशीन से ही उठा लेना । यह सुनते ही संतोष बनोटे का भाई अंकुश बनोटे ने आकर अजबलाल। बनोटे को पकड़ा और संतोष बनोटे ने उसे हाथ बुक्को से मारपीट करने लगाऔर हाथ मैं पहने कड़ा अजबलाल बनोटे के सिर में मार दिया। जिससे अजबलाल। बनोटे का सिर फट गया। इसके बाद दोनों भाई ने अगली बार खेत की मिट्टी उठाने की बात बोलने पर अजब लाल बनोटे को जान से मार डालने की धमकी दे दी। इसके बाद मारपीट में घायल अजब लाल बनोटे अपने घर आया और घटना के संबंध में अपने परिवार वालों को बताया और रिपोर्ट करने के लिए खैरलांजी पुलिस थाना पहुंचा। खैरलांजी पुलिस ने मारपीट में घायल अजब लाल बनोटे को वही के शासकीय अस्पताल में भर्ती किये जहा से घायल अजय लाल बनोटे को बेहतर इलाज हेतु जिला अस्पताल बालाघाट रेफर किया गया था। खैरलांजी पुलिस ने इस मामले में अजबलाल बनोटे द्वारा की गई रिपोर्ट पर संतोष बनोटे और उसके भाई अंकुश बनोटे के विरुद्ध धारा 296 115(2) 351(3) 3(5) भारतीय न्याय संहिता 2023 के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना शुरू की है।

# बारिश के पूर्व नही हुई नालियों की सफाई

## स्वच्छता के अभाव में ग्रामीण परेशान, बारिश में घरों में घुसा पानी

बालाघाट(पद्मेश न्यूज)। जिला पंचायत बालाघाट के अंतर्गत आने वाले जनपद पंचायत किरनापुर के ग्राम पंचायत सारद में स्वच्छता को लेकर ग्रामवासियों की शिकायतें लगातार अनसुनी की जा रही हैं ।ग्रामीणों का



कहना है कि कई बार पंचायत के सरपंच और सचिव को नालियों की सफाई और गंदगी की समस्या को लेकर अवगत कराया गया, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई ।अब जब बारिश शुरू हो चुकी है, तो ग्राम में नालियों की सफाई न होने के कारण पानी निकासी की व्यवस्था चरमरा गई है, जिससे बारिश का पानी ग्रामीणों के घरों में घुसने लगा है ।इससे लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। जहां ग्राम पंचायत सारद के ग्रामीणो ने यथाशीघ्र गांव की सभी नालियों की साफ सफाई कराकर पानी निकासी के व्यापक इंतजाम किए जाने की मांग की है।

बारबेड वायर (कांटेदार तार) एवं चेन लिंक जाली
उचित दाम पर उपलब्ध
लघु उद्योग निगम भोपाल से संबद्ध
निर्माता
तिरूपति इंजीनियरिंग वर्क्स
मयूर टॉकिज के सामने हनुमान चौक, बालाघाट
फोन:- 07632-243531
मो:- 8989976858, 9425139998

# करीब 3 सालों से बंद बोटिंग व्यवस्था पुनः होंगी बहाल

## मोती तालाब में फिर से बोटिंग शुरू करने दिल्ली से मंगवाई गई 4 बोट, साढ़े 6 लाख रु की लागत से लाई गई बोट का टेक्निकल टीम ने किया परीक्षण

**बालाघाट( पद्मेश न्यूज )। मोती की माफिक चमकने वाले मोती तालाब की सुंदरता बढाने, और यहां की रौनकों ने चार चांद लगाने के लिए पिछले कुछ वर्ष पूर्व शुरू की गई बोटिंग व्यवस्था लगभग 3 वर्षो से बंद पड़ी हुई थी ।जिससे मोती तालाब पहुचने वाले लोगो मे मायूसी देखी जा रही थी ।जिसे ध्यान में रखते हुए नगर पालिका ने इस व्यवस्था को एक बार फिर से बहाल करने का फैसला लिया है ।जिसके तहत ई टेंडर प्रणाली अपनाकर दिल्ली से 4 बोट मंगवाई गई है ।करीब साढ़े 6 लाख रु की लागत से मंगवाई गई इन बोट का पॉलिटेक्निक कालेज की टीम ने निरीक्षण कर अपनी ओके की रिपोर्ट भी नपा को सौप दी है ।बताया जा रहा है कि 1 सप्ताह के अंदर प्लेटफार्म तैयार कर उसके एक सप्ताह बाद बोटिंग व्यवस्था पुनः बहाल कर दी जाएगी ।जिसके उपरांत मोती गार्डन पहुचने वाले लोगो को फिर से बोटिंग का आंनद मिलने लगेगा।**

### करीब 3 वर्षो से बंद थी बोटिंग व्यवस्था

आपको बताए कि कुछ वर्ष पूर्व बड़े शहरों की तर्ज पर मोती गार्डन में पहुंचने वालो लोगो को बोटिंग का लुत्फ उठाने की मंशा से मोती तालाब में बोटिंग की शुरुआत की गई थी। जो काफी समय तक अच्छी चली, लेकिन बाद में यह व्यवस्था अचानक से बंद हो गई ।बताया गया कि पहले यहा 6 बोट हुआ करती थी ।जो खराब होने से इसे बंद कर दिया गया था ।यह व्यवस्था करीब 3 साल से बंद है ।जिसके चलते गार्डन पहुचने वाले लोग इस सुविधा से मेहरूम हो गए थे ।वही नगरपालिका के जिम्मेदारो द्वारा इसपर कोई ध्यान नही दिया जा रहा था ।जिसपर यहाँ आने वाले लोगो द्वारा नाराजगी जताते हुए, व्यवस्थाओ में सुधार की मांग की जा रही थी ।जिसे देखते हुए इस व्यवस्था को पुन: बहाल करने का निर्णय लिया गया है।

### बोटिंग को लेकर देखा जाता था उत्साह

आपको बताए कि पहले मोती तालाब आने वाले काफी लोग बोटिंग का लुत्फ उठाते थे इसको लेकर लोगों में बहुत उत्साह देखा जाता था। लोगों में बोटिंग को लेकर उत्साह होना भी लाजमी है ।क्यों कि बहुत कम शुल्क पर मोतीतालाब में बोटिंग का लुत्फ उठाने का अवसर नगरपालिका प्रशासन द्वारा प्रदान किया जाता था। नगरपालिका बालाघाट द्वारा किए जा रहे इस प्रयास की नगरवासी जनता द्वारा काफी सराहना भी कि गई थी। वही इससे नगरपालिका प्रशासन को राजस्व भी प्राप्त हो रहा था। उसके अलावा बोटिंग की इस व्यस्वथा से नगर की ख्याति में भी बढ़ोतरी हो रही थी ।लेकिन एक एक कर खराब होती गई बोटिंग की मरम्मत व सुधार कार्य पर ध्यान ना देने के चलते यह व्यवस्था पिछले 3 वर्षों से पूर्णत: बंद हो चुकी थी।



### बोटिंग का मेंटेनेंस नपा के जिम्मे

बताया गया कि नगर के मोती तालाब में एक बार फिर से बोटिंग की व्यवस्था बनाने के लिए दिल्ली से चार बोट मंगाई गई है। जो करीब 15 दिनों में शुरू हो जाएगी। जानकारी के अनुसार डेढ़ महापूर्व इसके लिए ई टेंडर निकाले गए थे। जिसके माध्यम से दिल्ली से चार बोट मंगाई गई है। वही नगर पालिका द्वारा इसके मेंटेनेंस की जिम्मेदारी संभाली जाएगी। आपको बताएं कि इसके पूर्व यहां 6 बोट थी ।जिनका सुचारू संचालन, अन्य व्यवस्था व मेंटेनेंस की जिम्मेदारी नगर पालिका की थी। लेकिन बोट काफी पुरानी होने के चलते समय समय पर उनका मेंटेनेंस नहीं हो सका था। जिसके कारण पूर्व में की सभी बोट खराब होकर कबाड़ हो चुकी है।

### टेक्निकल टीम की मिली ओके रिपोर्ट

बताया गया की मोती गार्डन में बोटिंग की व्यवस्था को जल्द से जल्द बहाल करने के लिए टेक्निकल टीम ने इसका निरीक्षण किया है ।जहां नगर पालिका इंजीनियर ज्योति मेश्राम, उद्यान प्रभारी प्रभात राहांगडाले, यशवंत राणा और पॉलिटेक्निक कॉलेज के दो सदस्य की संयुक्त टीम ने सामूहिक रूप से नगर के मोती गार्डन पहुंचकर वहां रखी इन चार बोट का बारीकी से निरीक्षण कर, सुरक्षा की दृष्टि का जायजा लिया। वही इस टीम ने बोट की क्वालिटी का भी परीक्षण किया है ।जहां किए गए इस निरीक्षण के दौरान टेक्निकल टीम ने इस व्यवस्था को पुन बहाल करने के लिए नगर पालिका को ओके की रिपोर्ट सौपी है। मतलब साफ है कि अब सिर्फ तालाब के अंदर, पानी के भीतर प्लेटफार्म बनने का इंतजार है। जहां प्लेटफार्म बनने के बाद विधिवत रूप से इसका लोकार्पण कर करीब 15 दिनों के भीतर नगर पालिका द्वारा यहां बोटिंग की व्यवस्था बहाल कर दी जाएगी। जिससे न सिर्फ स्थानीय लोगों को बोटिंग का आनंद मिल सकेगा, बल्कि बाहर से आने वाले लोग भी इस व्यवस्था का लुत्फ उठा सकेंगे। वहीं मोती गार्डन की रौनक और अधिक बढ़ जाएगी।

### सेवा शुल्क को लेकर फिलहाल नहीं लिया गया निर्णय

बताया गया कि पूर्व में मोती गार्डन में बोटिंग करने के लिए महज 10रु का शुल्क लिया जाता था। अब नई व्यवस्था के बाद इस शुल्क को बढ़ाया जाएगा या नहीं। फिलहाल इसकी जानकारी नहीं मिल पाई है। बताया गया कि जल्द ही इस दिशा में कोई निर्णय लेकर शुल्क बोर्ड भी जल्द से जल्द चस्पा कर दिया जाएगा। तो वही सुरक्षा के इंतजाम में लाइव जैकेट, रबर ट्यूब,बोट चालक, गोताखोर सहित अन्य व्यवस्था भी बनाई जा रही है।

# तत्काल ई-अटेंडेंस नियम को रद्द करे सरकार

## ई अटेंडेंस का विरोध कर शिक्षकों ने सौपा ज्ञापन

बालाघाट( पद्मेश न्यूज ) । शासन के आदेश पर लोक शिक्षण संचनालय द्वारा शिक्षा विभाग में 1 जुलाई से लागू किए गए ई अटेंडेंस नियम का शिक्षकों द्वारा शनिवार को विरोध किया गया। जहां शिक्षकों ने ई-अटेंडेंस प्रणाली का विरोध करते हुए एसडीएम गोपाल सोनी को एक ज्ञापन सौपा है। जिसमें उन्होंने सरकार से तत्काल ई-अटेंडेंस नियम को रद्द किए जाने की मांग की है । ज्ञापन में इस बात का उल्लेख किया गया कि यदि सरकार अटेंडेंस नियम को लागू करना चाहती है तो सरकार सभी विभागों पर समान रूप से लागू करें। यदि ऐसा नहीं होता तो शिक्षक भी ई-अटेंडेंस नियम का पालन नहीं करेंगे। मप्र राज्य शिक्षक संघ जिला बालाघाट इकाई द्वारा एसडीम को सौंपे गए इस ज्ञापन में इस बात का भी उल्लेख किया गया की शिक्षकों पर लागू किया गया यह नियम शिक्षकीय गरिमा के खिलाफ है, जिसका विरोध संपूर्ण मध्य प्रदेश में शिक्षकों द्वारा किया जा रहा है ।केवल शिक्षक संवर्ग हेतु ई अटेंडेंस व्यवस्था लागू करना समाज में ऐसा संदेश देता है कि शिक्षक कर्तव्य के प्रति लापरवाह और गैरजिम्मेदार है ।राज्य शिक्षक संघ मध्यप्रदेश ने ऐसे कुप्रचार को फैलाने वाली ई अटेंडेंस व्यवस्था को सिर्फ शिक्षकों के लागू किए जाने को अन्यायपूर्ण बताया ।संघ के प्रांताध्यक्ष जगदीश यादव के निर्देशन मे प्रदेश के समस्त विकाशखण्डों एवं जिलो मे ज्ञापन देने के क्रम मे बालाघाट जिले मे भी जिला मुख्यालय सहित समस्त विकासखण्डों मे हस्ताक्षर अभियान चलाकर ज्ञापन सौपा गया है।




# रथ में सवार होकर नगर भ्रमण करेंगे भगवान जगन्नाथ

## नगर में कल 30 जून को निकलेगी जगन्नाथ रथ यात्रा, इस्कॉन संस्था ने की बैठक, उज्जैन से आएगा रथ

बालाघाट(पद्मेश न्यूज) । उड़ीसा के जगन्नाथपुरी में निकाली जाने वाली जगन्नाथ यात्रा के तर्ज पर जिले में 30 जून सोमवार को जगन्नाथ रथ यात्रा निकाली जाएगी। इस रूपरेखा को मूर्त रूप प्रदान करने के लिए, निजी होंटल में बैठक का आयोजन किया गया। इस दौरान बैठक में मौजूद जिला पंचायत पूर्व प्रधान रेखा बिसेन, समाजसेवी अभय सेठिया, महिला नेत्री लता एलकर, गायत्री मंदिर प्रबंध ट्रस्टी महेश खजांची, विहिप अध्यक्ष यज्ञेश लालु चावड़ा सहित विभिन्न धार्मिक, सामाजिक और हिन्दुवादी संगठन के प्रतिनिधि और सनातन धर्मावलंबी मौजूद रहे ।जिन्होंने सनातन धर्मावलंबियों से भगवान जगन्नाथ रथयात्रा में शामिल होकर पुण्यलाभ अर्जित करने की अपील की है।



### विभिन्न कार्यक्रमों के होंगे आयोजन

भगवान जगन्नाथ रथयात्रा, अपरान्ह 4 बजे, नए श्रीराम मंदिर से प्रारंभ होकर आंबेडकर चौक, काली पुतली चौक, गुजरी चौक, महावीर चौक, हनुमान चौक होते हुए रथयात्रा का सिंधु भवन में समापन होगा। जहां भगवान को 56 भोग का नैवैध्य चढ़ाकर, महाआरती और जगन्नाथ कथा के बाद, सभी को महाप्रसाद का वितरण किया जाएगा। इसके अलावा शोभायात्रा के दौरान विभिन्न कार्यक्रमों के आयोजन किए जाएंगे ।कार्यक्रम सहयोगी रमेश रंगलानी ने बताया कि जगन्नाथ रथ यात्रा के लिए रथ, उज्जैन से आ रहे है। इस रथयात्रा में कई संत भी मौजूद रहेंगे।

### नगर में दूसरी बार होंगा आयोजन, विभिन्न जिलों से आएंगे भक्तगण-रत्नभूषण दास

इस्कान संस्था संचालक रत्नभूषण दास ने बताया कि यह आयोजन, जिले में दूसरी बार सनातन धर्मावलंबियो के सहयोग से किया जा रहा है। यह पूरी रथयात्रा, जगन्नाथपुरी में निकाली जाने वाली भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा की तरह होगी। भगवान जगन्नाथ, अपने भाई बलभद्र और बहन सुभद्रा के साथ, लोगों को करूणा बरसाने, आशीर्वाद देने के लिए निकलेगे। उन्होंने बताया कि इस यात्रा में इंदौर, उज्जैन, छिंदवाड़ा, सिवनी सहित अन्य जिलो से 50 भक्त, बालाघाट आ रहे है।

### शोभायात्रा का भव्य आयोजन किया जाएगा-शरणागत

इस दौरान संयोजक वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. बी.एम. शरणागत ने बताया कि रथयात्रा में भगवान जगन्नाथ, भ्राता बलभद्र और बहन सुभद्रा के दर्शनामात्र से ही सारे कष्टों का निवारण हो जाता है, यही कारण है कि प्रतिवर्ष, बड़ी संख्या में लोग, यात्रा को देखने और भगवान का आशीर्वाद लेने, जगन्नाथपुरी जाते है। नगर में निकाली जाने वाली इस शोभायात्रा का भव्य आयोजन किया जाएगा।

## आंगन में नाली खोदने का विवाद

# पड़ोसी ने अपने दो बेटे पत्नी के साथ मिलकर व्रद्ध दंपति और उसके बेटे बहु से की मारपीट

## घायल वृद्ध लिल्हारे दंपति जिला अस्पताल में भर्ती, ग्रामीण थाना के ग्राम गोंगलई की घटना

बालाघाट(पद्मेश न्यूज) । ग्रामीण थाना क्षेत्र में आने वाले ग्राम गोंगलई में एक व्रद्ध दंपति को और उसके बेटे बहु को उसके पड़ोसी बाप बेटों ने लाठी डंडे से मारपीट कर घायल कर दिए। 28 जून को सुबह 6:30 बजे करीब यह घटना आंगन से पानी जाने की विवाद को लेकर हुई की गई। इस मारपीट में अत्यधिक चोट लगने से घायल वृद्ध लिल्हारे दंपति सेवकराम पिता शिवलाल लिल्हारे 70 वर्ष, उनकी पत्नी रामन भाई पति सेवक राम लिल्हारे 68 वर्ष दोनों ग्राम गोंगलई निवासी को जिला अस्पताल में भर्ती किया। गया है वहीं इस व्रद्ध दंपति के बेटे राजेंद्र पिता सेवकराम। लिल्हारे 30 वर्ष और उसकी बहू प्रेमलता पति राजेंद्र लिल्हारे 28 वर्ष को मामूली छोटी आई है। जिन्हें प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार सेवक राम लिल्हारे अपने परिवार के साथ खेती किसानी करते हैं। जिसके परिवार में दो बेटे और दो बेटी है। सभी की शादी हो गई है । सेवकराम लिल्हारे की दोनो बेटी अपने ससुराल में रहती है। बड़ा बेटा राजकुमार लिल्हारे अपने परिवार के साथ गांव में ही अलग मकान में रहता है। सेवकराम लिल्हारे अपनी पत्नी रामन बाई लिल्हारे अपने छोटे बेटे राजेंद्र लिल्हारे ,बहू प्रेमलता लिल्हारे के साथ में रहते हैं और खेती किसानी करते हैं।। बताया गया है कि सेवकराम लिल्हारे के पड़ोस में ही कैलाश उपवंशी अपने परिवार के साथ रहते है। पहले सेवकराम लिल्हारे के आंगन में



बरसात के समय बाहर का में पानी आता था। किंतु उन्होंने अपने मकान में मलबा डालकर आंगन को ऊंचा कर दिए थे। जिसके कारण बाहर का पानी उनके आंगन में नहीं आता था। पड़ोसी कैलाश उपवंशी ने अपने आंगन में मलबा नहीं डलवाया था। जिसके कारण बाहर का पानी उनके आंगन में आता था। इसी को लेकर के दोनों परिवार के बीच विवाद चल रहा था। 28 जून को सुबह 6ः30 बजे करीब कैलाश उपवंशी अपने पड़ोसी सी सेवकराम लिल्हारे के आंगन से पानी निकालने के लिए नाली बना रहा था । रामन बाई ने कैलाश उपवंशी को आंगन से नाली बनाने के लिए मना कर रही थी। रामन बाई द्वारा नाली बनाने मना करने पर कैलाश उपवंशी उसे गालियां देने लगा था। नाली को लेकर के विवाद हो रहा था। तभी कैलाश उपवंशी की पत्नी अमरुता बाई ने कुदाली लेकर घर से निकली और उसने कुदाली की मुंदई से रामन बाई के मारपीट करने लगी । जिसकी आवाज सुनकर उसका पति सेवकराम लिल्हारे, बेटे राजेन्द्र लिल्हारे बहु प्रेमलता लिल्हारे घर से निकले दोनो परिवार के बीच झगड़ा शुरू हो गया। तभी कैलाश उपवंशी ने अपने बेटे दीपक उपवंशी आकाश उपवंशी और पत्नी अमरुता बाई के साथ अश्लील गालियां देते हुए सेवक राम लिल्हारे उसकी पत्नी रामन बाई लिल्हारे उनके बेटे राजेंद्र लिल्हारे को बांस के डंडे लाठी से मारपीट करने लगे बीच बचाव करने जब सेवक राम लिल्हारे की बहू हेमलता लिल्हारे आई उसे भी इन लोगों ने मारपीट कर घायल कर दिए। मोहल्ले पड़ोस के लोगों द्वारा बीच बचाव किया गया । इस वारदात में सेवकराम लिल्हारे,उनकी पत्नी रामन बाई लिल्हारे और बेटा राजेंद्र लिल्हारे बहु हेमलता लिल्हारे बांसके डंडे लाठी के वार से घायल हो गये। बीच बचाव के बाद सभी घायल रिपोर्ट करने के लिए ग्रामीण थाना पहुंचे। ग्रामीण पुलिस ने इन सभी घायलों को 100 डायल से जिला अस्पताल बालाघाट लाये। जहां पर अत्यधिक चोट लगने से घायल सेवकराम लिल्हारे और रामन बाई लिल्हारे को भर्ती किया गया है ।वहीं इस वारदात में उनके बेटे राजेंद्र लिल्हारे और बहू प्रेमलता लिल्हारे को मामूली चोटे आई है। जिन्हें प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई।

## मानसिक रूप से विक्षिप्त लड़की के साथ दुष्कर्म करने के मामले में

# आरोपी घनश्याम को 20 वर्ष की सश्रम कारावास

बालाघाट(पद्मेश न्यूज)। विद्वान सत्र न्यायाधीश प्राणेश कुमार प्राण की अदालत ने मानसिक रूप से विक्षिप्त एक लड़की के साथ दुष्कर्म करने के आरोप में आरोपी घनश्याम पिता मोहपत मेन्डे 49 वर्ष 20 वर्ष की सश्रम कारावास की सजा सुनाई। यह आरोपी जिले के बहेला थाना क्षेत्र में आने वाले ग्राम ओटेकसा के कन्हारटोला निवासी है। विद्वान अदालत में इस आरोपी को 20 वर्ष की सश्रम कारावास के अलावा एक हजार रुपये अर्थदंड से भी दंडित किए हैं वहीं विद्वान अदालत ने पीड़िता को उसके साथ हुई इस घटना के लिए 4 लाख रुपये प्रतिकर दिलाए जाने की अनुशंसा भी की है। इस मामले में शासन की ओर से पैरवी लोक अभियोजक मदन मोहन द्विवेदी द्वारा की गई थी। अभियोजन के अनुसार यह 25 वर्षीय लड़की मानसिक रूप से कमजोर है। वह अपने गांव में माता-पिता दो बड़ी बहन और एक भाई के साथ रहा करती थी । यह घटना 17 फरवरी 2023 की है। उसे दिन इस लड़की के परिवार के लोग भागवत कार्यक्रम में भाग लेने एक अन्य गांव गए हुए थे और यह लड़की अपने घर में अकेली थी। दोपहर 1:00 बजे करीब आरोपी घनश्याम मेन्डे उसके घर आया और इस लड़की को अपने साथ घर ले गया और वहां एक कमरे में ले गया जहा बकरी बांधी जाती है वहां पर इस आरोपी घनश्याम मेन्डे ने इस मानसिक रूप से कमजोर इस लड़की के साथ दुष्कर्म किया। लड़की को हिंदी भाषा का ज्ञान नहीं था। वह मराठी में बात करती थी। जब शाम को उसके घर वाले लौटे तब इस लड़की ने अपनी बड़ी बहन को घटना के संबंध में बताई। दूसरे दिन 16 फरवरी 2023 को इस लड़की की बड़ी बहन ने बहेला पुलिस थाना में रिपोर्ट की थी। जहां पर घनश्याम मेन्डे के विरुद्ध धारा 376,376(2)(I) भादवि के तहत अपराध दर्ज किया गया और इस अपराध में घनश्याम मेन्डे को गिरफ्तार किया गया था। विवेचना अनुसंधान उपरांत अभियोग पत्र विद्वान अदालत में पेश किया गया था । हाल ही में यह मामला विद्वान सत्र न्यायाधीश प्राणेश कुमार प्राण की विद्वान अदालत में चला। जहां अभियोजन पक्ष आरोपी घनश्याम मेन्डे के विरुद्ध आरोपित अपराध सिद्ध करने में सफल रहा। विद्वान अदालत ने प्रकरण के तथ्य एवं परिस्थितियों पर विचार करते हुए अपने विवेचन निष्कर्ष और उपलब्ध साक्ष्य के आधार पर आरोपी घनश्याम मेन्डे को इस मानसिक रूप से कमजोर लड़की के साथ दुष्कर्म करने के आरोप में धारा 376 (2)(एल) भादवि के तहत अपराध में 20 वर्ष की सश्रम कारावास और एक हजार रुपये अर्थदंड से भी दंडित किये। विद्वान अदालत ने इस मानसिक रूप से विकलांग लड़की के साथ हुई इस घटना पर संवेदनशीलता से विचार करते हुए विधिक सेवा प्राधिकरण से 4 लाख रुपये प्रतिकर पीड़िता लड़की को दिलाए जाने की अनुशंसा की है ।



# बार-बार पेशी करवाने को लेकर युवक ने एक व्यक्ति को कुल्हाड़ी मारकर किया गया

बालाघाट(पद्मेश न्यूज) । हट्टा थाना क्षेत्र में आने वाले ग्राम गड़दा के कुड़पा टोला में एक व्यक्ति को उसी के गांव के एक युवक ने हाथ बुक के और कुल्हाड़ी से मार कर घायल कर दिया घायल वृद्ध हरी राम पिता अंतराम मड़ावी 56 वर्ष ग्राम कृड़पा टोला निवासी को जिला अस्पताल में भर्ती किया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार हरिराम मड़ावी खेती किसानी करता है। 27 जून की शाम 5:00 बजे करीब हरिराम अपने घर मैं बैठा था। तभी इसी गांव का रहने वाला युवक निर्भय कुड़ापे जो शराब के नशे में था वह कुल्हाड़ी लेकर हरिराम के घर आया और हरिराम को बोला कि तुम मुझे बार-बार पेशी करवाते हो कर निर्भय कुड़ापे ने हरिराम के मुंह में लात मारा और कुल्हाड़ी से वार कर दिया कुल्हाड़ी का वार हरिराम दाहिने तरफ पीटने और हाथ में लगने से हरिराम बेहोश हो गया। मोहल्ले के लोगों ने बीच बचाव किये और घायल हरिराम को 108 एंबुलेंस से जिला अस्पताल लाकर भर्ती किये। जिला अस्पताल पुलिस ने हरिराम मड़ावी का बयान लेकर अस्पताल तहरीर अग्रिम कार्रवाई हेतु घटना स्थल से संबंधित पुलिस थाना हट्टा भिजवा दी है।

# सेवा सहकारी समितियों एवं कृषि विभाग से नही मिल रहा प्रमाणित बीज

## मजबूरी में बाजार से महंगे दामों में धान बीज खरीदी कर, बुआई कार्य कर रहे किसान

### किसानों ने सहकारी समिति एवं कृषि विभाग में सभी किस्म के धान बीज उपलब्ध करवाने की शासन-प्रशासन से की मांग

**लालबर्रा ( पद्मेश न्यूज )। मानसून की दस्तक आते है ही किसान अपने कृषि कार्यो में जूट जाता है और खेतों की सफाई, जुताई व बुआई सहित अन्य कार्य प्रारंभ कर देता है परंतु किसान अपनी फसल को बेचने से लेकर खाद व बीज के लिये सेवा सहकारी समितियों पर निर्भर होता है क्योंकि किसान को सेवा सहकारी समितियों में खाद व बीज बाजार की तुलना में कम कीमत में उपलब्ध होती है। जिससे उसका आर्थिक बोझ कम होता है परन्तु किसानों को सेवा सहकारी समितियों एवं कृषि विभाग से खरीफ सीजन में धान फसल के लिए प्रमाणित बीज नही मिलने से उन्हे मजबूरी में बाजार से महंगे दामों में बीज खरीदी कर बीज बोने का कार्य करना पड़ रहा है जिससे उन्हे आर्थिक परेशानी से जुझना पड़ रहा है। लालबर्रा विकासखण्ड में किसानों के द्वारा खरीफ धान की फसल लगाने के लिए वर्तमान में धान बीज बोने ( बुआई ) का कार्य युध्द स्तर पर किया जा रहा है परन्तु लालबर्रा विकासखण्ड के सेवा सहकारी समितियों एवं वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी/किसान ज्ञान केन्द्र लालबर्रा में वर्तमान समय तक शासन के द्वारा प्रमाणित बीज उपलब्ध नही करवाया गया है। जबकि सेवा सहकारी समितियों के प्रबंधक व कृषि विभाग के अधिकारियों ने पूर्व में धान बीज उपलब्ध करवाने के लिए मांग पत्र भी शासन-प्रशासन को भेज दिये है। लेकिन अब तक आगे से धान बीज उपलब्ध नही हुआ है। ऐसी स्थिति में किसानों को मजबूरी में बाजार से अधिक दामों में बीज खरीदकर बीज बुआई कार्य करना पड़ रहा है जिससे उन्हे आर्थिक परेशानियों से जुझना पड़ रहा है। क्षेत्रीय किसानों ने सेवा सहकारी समिति एवं कृषि विभाग कार्यालय में सभी किस्म की धान बीज उपलब्ध करवाने की मांग की है।**






#### बाजार से महंगे दामों से बीज खरीद रहे किसान

आपकों बता दे कि बालाघाट जिला सहित लालबर्रा क्षेत्र की आधे से अधिक आबादी कृषि पर ही निर्भर है एवं किसान के परिवार का भरण पोषण कृषि के माध्यम से ही संभव होता है। साथ ही क्षेत्र में सबसे अधिक धान की फसल लगाई जाती है और खरीफ फसल में बीज बोने के लिए किसानों को प्रमाणित व उ`च गुणवत्ता वाले बीजों की आवश्यकता होती है। सेवा सहकारी समितियों व कृषि विभाग कार्यालय से बाजार की तुलना में कम दामों में बीज उपलब्ध होता है और पूर्व में शासन के द्वारा बीज उपलब्ध करवाया जाता है परन्तु इस वर्ष तो बीज बोने का कार्य प्रारंभ होने के बाद भी सेवा सहकारी समितियों एवं लालबर्रा के वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी/किसान ज्ञान केन्द्र में प्रमाणित बीज शासन स्तर से अब तक उपलब्ध नही करवाया गया है। जबकि पूर्व में इन स्थानों पर धान बीज कम दामों में मिलते थे लेकिन इस वर्ष अब तक शासन स्तर से विभिन्न प्रजाति के धान बीज उपलब्ध नही करवाया गया है। ऐसी स्थिति में किसानों को महंगे दामों में बाजार से बीज खरीदना पड़ रहा है जिससे उन्हे आर्थिक परेशानियों से जुझना पड़ रहा है। क्षेत्रीय किसानों ने बताया कि शासन के द्वारा किसानों की आय दुगुनी करने की बात कही जाती है परन्तु किसानों को बीज सेवा सहकारी समितियों व कृषि विभाग के माध्यम से कम दामों में उपलब्ध नही करवाया जा रहा है और उक्त स्थानों पर अब तक बीज भी नही आया है। जिसके कारण हमें मजबूरन बाजार से महंगे दामों में बीज खरीदना पड़ रहा है जिससे किसानों पर आर्थिक बोझ बढ़ रहा है क्योंकि यदि शासन की ओर से हमें बीज उपलब्ध होता है तो उसमें हमें अनुदान व छूट प्राप्त होती है। जिससे हमें आर्थिक सहयोग मिलेगा लेकिन सेवा सहकारी समिति एवं कृषि विभाग में धान बीज नही होने के कारण बाजार से अधिक दामों में धान बीज खरीदकर बीज की बुआई करना पड़ रहा है इसलिए हमारी मांग है कि सेवा सहकारी समितियों एवं वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी/किसान ज्ञान केन्द्र में सभी किस्म की धान बीज उपलब्ध करवाये शासन-प्रशासन।

#### डिमांड भेजने के बाद भी नही आया धान बीज - लिल्हारे

जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित शाखा लालबर्रा, सेवा सहकारी समिति जाम प्रबंधक डीके लिल्हारे ने बताया कि खरीफ सीजन में लगने वाली उन्नत धान बीज सेवा सहकारी समितियों में उपलब्ध करवाने के लिए प्रतिवर्ष हमारे द्वारा मार्च-अप्रैल माह के बीच में शासन-प्रशासन को डिमांड भेंज दिया जाता है और इस वर्ष भी मार्च-अप्रैल माह में 1010, 1001, महामाया सहित अन्य किस्म की धान बीज उपलब्ध करवाने का मांग पत्र भेजा गया था। लेकिन वर्तमान समय तक लालबर्रा जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक शाखा लालबर्रा के अंतर्गत आने वाली 9 सेवा सहकारी समितियों में अब तक प्रशासन के द्वारा उन्नत धान बीज उपलब्ध नही करवाया गया है। श्री लिल्हारे ने बताया कि क्षेत्रीय किसान समितियों में पहुंचकर बुआई के लिए धान बीज की मांग करते है लेकिन हमारे पास उपलब्ध होने के कारण वे वापस हो जाते है। ऐसी स्थिति में बाजार से महंगे दामों में धान बीज की खरीदी कर बुआई कर रहे है जिससे किसानों पर आर्थिक बोझ बढ़ रहा है। साथ ही यह भी बताया कि बीज बुआई होने के बाद प्रशासन बीज उपलब्ध करवाता है जो गलत है। जबकि बुआई के पुर्व ही उन्नत धान बीज सेवा सहकारी समितियों में उपलब्ध करवा देना चाहिए ताकि क्षेत्रीय किसान कम दामों में बीज खरीदी कर उसकी बुआई कर सके।



# उकवा में निकाली गई भगवान जगन्नाथ की भव्य रथ यात्रा



बालाघाट(पद्मेश न्यूज)। ग्राम उकवा में जगत के पालन हार प्रभु जगन्नाथ जी का सकल सनातन समाज एवं श्रद्धालुओं द्वारा भव्य मंदिर का निर्माण कार्य मंगल भवन के समीप किया जा रहा हैं।जिसमे प्रभु के गर्भ ग्रह का निर्माण कार्य पूर्ण होने पर भगवान जगन्नाथ जी,,बलभद्र जी,,सुभद्रा जी के विग्रह की स्थापना एवं प्राण प्रतिष्ठा पंडित समीर शर्मा एवं बाहर से आए हुए ब्राह्मणों के द्वारा की गई।तत्पश्चात विशाल रथ यात्रा मंदिर प्रांगण से प्रारंभ हुई।। मान्यता है कि प्रभु जगन्नाथ बीमारी से ठीक होने के पश्चात ,बलभद्र जी,,माता सुभद्रा जी के साथ आषाढ़ शुक्ल द्वितीय को अपने मौसी के घर में जाते है जहां पर सात दिनों तक रहते है। इसी दिन प्रभु रथ पर सवार होकर नगर दर्शन के लिये निकलते है।

#### जय जगन्नाथ के नारों से गुंजा शमा

ग्राम उकवा में शनिवार को प्रभु अपने भाई एवं बहन के साथ विराजमान होकर उकवा नगर के भ्रमण में निकले एवं अपने भक्तो को दर्शन दिए। मान्यता है कि भगवान के रथ को जो भी भक्त खींचते है उसके समस्त पाप नष्ट होकर मोक्ष प्राप्त होता है।संपूर्ण उकवा नगर आज जय जगन्नाथ जी के नारों से गुज़ायमान हो रहा था जगह जगह सभी भक्तो द्वारा रथ का स्वागत कर पूजा की जा रही थी,,यात्रा में विशेष रूप से उड़ीसा से भजन मंडली एवं गायक आए थे जिन्होंने पूरे उकवा को भक्ति में सराबोर कर दिया। नगर भ्रमण के पश्चात प्रभु जी को रेंज ऑफिस चौक स्थित माता मंदिर में सात दिनों के लिए विश्राम हेतु स्थापित किया गया, जहां विशाल नगर भोज का आयोजन किया गया। बताया गया कि रेंज ऑफिस माता मंदिर में प्रतिदिन पूजन भंडारा भक्तों द्वारा किया जाएगा। सकल सनातन समाज उकवा एवं समिति के समस्त पदाधिकारियों ने रथ यात्रा को सफल बनाने के लिए आभार व्यक्त किया है।



# अमोली पंचायत में पहले अपना नाम जुड़वाएं बालाजी नगरवासी - तूफान

लालबर्रा (पद्मेश न्यूज)। नगर मुख्यालय से सटी ग्राम पंचायत अमोली वार्ड नंबर 20 पंच तूफान गुप्ता ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि बालाजी नगर (शर्मा जी कालोनी) के निवासियों के द्वारा गत दिनों सांसद महोदया को शिकायत मूलभूत सुविधाओं के अभाव के संबंध में शिकायत कर निर्माण कार्य करवाये जाने की मांग किये थे। श्री गुप्ता ने बताया कि बालाजी नगर ग्राम पंचायत अमोली के अंतर्गत आता है परन्तु भूमि विक्रेताओं के द्वारा भूमि विक्रय करने के पश्चात पंचायत के नाम से भूमि के रजिस्ट्री सड़क हेतु नहीं की गई है। जिसके कारण वहां ग्राम पंचायत इस नगर में किसी भी तरह का कोई विकास कार्य नहीं करवा पा रही। जबकि इस वार्ड में निवासरत लोग अन्य ग्राम पंचायत के निवासी है जिन्होने मकान बनाने के उपरांत आज दिनांक तक अपना नाम ग्राम पंचायत अमोली में नहीं जुड़वाया है। जिससे उन्हें ग्राम पंचायत से किसी भी तरह की सरकारी योजना का लाभ या अन्य किसी तरह की सुविधा ग्राम पंचायत मुहैया नहीं करवा पा रही। श्री गुप्ता ने बालाजी नगर वार्ड नंबर 20 के निवासियों से अपील की है कि वे सर्वप्रथम ग्राम पंचायत अमोली में अपना नाम जुड़वाएं और पंचायत स्तर से मिलने वाली हर सुविधाओं का लाभ ले एवं शासन की हर योजनाओं का लाभ उन्हें दिलवाने का पुरा प्रयास किया जायेगा किन्तु वे सबसे पहले भूमि को पंचायत के नाम से रजिस्ट्री और अपना नाम जुड़वाये।



# 15 हितग्राहियों को नगद अंत्येष्टि सहायता राशि की गई वितरित

लालबर्रा (पद्मेश न्यूज)। नगर मुख्यालय की ग्राम पंचायत पांढरवानी-लालबर्रा में गत दिवस क्षेत्रीय विधायक श्रीमती अनुभा मुंजारे एवं अन्य अतिथियों के द्वारा पंचायत क्षेत्र के 15 हितग्राहियों को अंत्येष्टि सहायता राशि के 75 हजार रूपये नगद राशि वितरित किये गये। चर्चा में पांढरवानी सरपंच अनीस खान ने बताया कि मध्यप्रदेश शासन की योजना अंतर्गत मृतक के परिजनों को अंत्येष्टि सहायता योजना से 5000 रूपये प्रदान किये जाते हैं और ग्राम पंचायत क्षेत्र के 15 लोगों की पूर्व में मृत्यु हो गई थी। जिसके बाद शासन की योजना के तहत मृतक व्यक्ति के अभिभावक 15 पात्र हितग्राहियों को शासन से स्वीकृत राशि विधायक अनुभा मुंजारे, समाज सेवी सोहन वैध, अभय सेठिया, श्री भंसाली के हस्ते प्रदान किया गया। जिसमें पंचायत क्षेत्र के हितग्राही मीना पड़वार, जरीना खान, कविता यादव, विजय पंचेश्वर, .नेहा फुंडेकर, निम्मी गोलेन्द्र, संजीदा खान, निशा गौतम, सोफिया, साजन बाई, अरशद खान, सीता कुशमारे, पीयूष मोहबे, सोनिका आश्वले, विद्या माते को राशि प्रदान की गई। इस अवसर पर मुख्यकार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत लालबर्रा चंदरसिंह मंडलोई सहित, जनप्रतिनिधि, समाजसेवी एवं ग्राम पंचायत सरपंच, सचिव व समस्त स्टॉप उपस्थित रहे।

# पांढरवानी सेक्टर का जल गंगा संवर्धन अभियान कार्यक्रम का हुआ आयोजन






लालबर्रा (पद्मेश न्यूज)। प्रदेश में जल संरक्षण, जल स्त्रोतों के पुनर्जीवन और जनजागरूकता को बढ़ावा देने के लिये पूरे प्रदेश में गत 30 मार्च से जल गंगा संवर्धन अभियान प्रारंभ किया गया है और यह अभियान का समापन विकासखंड स्तर पर 30 जून को किया जायेगा। वहीं जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत प्रदेशभर की ग्राम पंचायतों में 30 मार्च से 30 जून तक जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जल संरक्षण के क्षेत्र में खेत तालाब, डगवेल (रिचार्ज पीट) सहित अन्य कार्य करवाये गये है। वहीं शासन के निर्देश पर लालबर्रा जनपद पंचायत के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायतों में भी गत 30 मार्च से 30 जून तक जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जल संरक्षण के क्षेत्र में कार्य किये गये है और इस कार्यक्रम का समापन सेक्टर अंतर्गत बनाये गये 5-5 पंचायतों में अलग-अलग तिथियों में किये जा रहे है एवं विकासखंड स्तरीय समापन कार्यक्रम ग्राम पंचायत बांदरी में 30 जून को आयोजित किया गया है। इसी कड़ी में 28 जून को ग्राम पंचायत पांढरवानी सेक्टर के अंतर्गत आने वाली 5 ग्राम पंचायतों का जल गंगा संवर्धन अभियान का लालबर्रा गार्डन में कार्यक्रम आयोजित कर समापन किया गया। यह कार्यक्रम पांढरवानी सरपंच अनीस खान सहित ग्राम पंचायत बोरी, मोहगांव (बोरी), बल्हारपुर के सरपंच-सचिवों की उपस्थिति में प्रारंभ हुआ। इस अवसर पर जल गंगा संवर्धन अभियान कार्यक्रम के तहत ग्राम पंचायतों में खेत तालाब, डगवेल (रिचार्ज पीट) निर्माण सहित अन्य कार्य जल संरक्षण के क्षेत्र में करवाये गये है जिसकी जानकारी दी गई। साथ ही अभियान के तहत हुए कार्यों को जन-जन तक पहुंचाना है उसके बारे में उपस्थितजनों को बताया गया। चर्चा में ग्राम पंचायत पांढरवानी सरपंच अनीस खान ने बताया कि शासन के निर्देश पर गत 30 मार्च से 30 जून तक जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जल संरक्षण, जल स्त्रोतों के पुनर्जीवन और लोगों में जन जागरूकता लाने के लिए खेत तालाब, डगवेल सहित अन्य कार्य करवाये गये है। साथ ही नागरिकों से मिले सुझावों के आधार पर भविष्य की नीतियों में सुधार भी किया जायेगा और यह कार्यक्रम लालबर्रा जनपद पंचायत के अंतर्गत समस्त ग्राम पंचायतों में विभिन्न कार्य करवाकर ग्रामीणजनों को जल संरक्षण के क्षेत्र में कौन-कौन से कार्य करना है उसके बारे में जागरूक भी किया गया है। श्री खान ने बताया कि पांढरवानी पंचायत सेक्टर के अंतर्गत 5 पंचायतों का एक साथ जल गंगा संवर्धन अभियान कार्यक्रम का शनिवार को समापन किया गया है और उपस्थितजनों को जल संरक्षण के क्षेत्र में करवाये गये कार्यों के उद्देश्यों के बारे में बताया गया। इस अवसर पर ग्राम पंचायत के सरपंच-सचिव, रोजगार सहायक एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

# संजय नगपुरे बने ग्राम पंचायत रमपुरी के स्थानापन्न सरपंच

## रमपुरी में संपन्न हुई स्थानापन्न सरपंच की प्रक्रिया

लालबर्रा (पद्मेश न्यूज)। जनपद पंचायत लालबर्रा के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत रमपुरी में जिला पंचायत बालाघाट के आदेशानुसार 28 जून को स्थानापन्न सरपंच चयन के लिए निर्वाचन किया गया। जिसमें निर्वाचित पंचों में से दो पंचों के द्वारा स्थानापन्न सरपंच के लिए आवेदन किया गया था और 12 पंचों के द्वारा मतदान किया गया। जिसमें श्रीमती कमलाबाई कुकड़े को 4 मत एवं संजय नगपुरे को 7 मत प्राप्त हुए और 1 मत निरस्त हुआ। इस तरह से 3 मतों से संजय नगपुरे विजयी हुए जिन्हे रमपुरी पंचायत का स्थानापन्न सरपंच चुन लिया गया है। वहीं निर्वाचन की प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद उपस्थित पंचगण एवं ग्रामीणजनों ने स्थानापन्न नये सरपंच संजय नगपुरे को शुभकामनाएं दिये और पंचायत क्षेत्र के रूके कार्यों को तीव्र गति से करते हुए विकास कार्य किये जाने की मांग की है। आपकों बता दें कि ग्राम पंचायत रमपुरी में निर्वाचित सरपंच कन्हैयालाल राहंगडाले की शिक्षा विभाग में नौकरी लगने के बाद उन्होने डेढ माह पूर्व अपने पद से इस्तीफा मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत लालबर्रा को देकर सरकारी नौकरी 'वाइन कर लिया था, जिसके बाद से ग्राम पंचायत रमपुरी में सरपंच का पद खाली हो चुका था। जिसके कारण ग्राम पंचायत में होने वाले कार्य प्रभावित हो रहे थे, डेढ माह से मनरेगा योजना के तहत मजदूरी का भुगतान नही हो पा रहा था जिससे मजदूर वर्ग बेहद परेशान थे उन्हे समय पर मजदूरी नहीं मिलने के कारण परिवार का पालन-पोषण करने में कठिनाईयों का सामना करना पड़ रहा था। साथ ही सरपंच नही होने के कारण शासन की योजनाओं का क्रियान्वयन करने में सचिव सहित पंचायत बॉडी को भी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था एवं विकास कार्य भी प्रभावित हो रहे थे और इन सभी समस्याओं के चलते ग्रामीणजनों व पंचों ने शासन-प्रशासन से जल्द रमपुरी पंचायत में स्थानापन्न सरपंच की चुनाव प्रक्रिया के तहत नवीन सरपंच नियुक्त करने की मांग की थी। जिसके बाद जिला पंचायत सीईओं के द्वारा ग्रामीणों की समस्या को ध्यान में रखते हुए स्थानापन्न सरपंच के चुनाव की प्रक्रिया प्रारंभ करने के संबंध में पत्र जारी किया गया था। जिसका पालन करते हुए खण्ड पंचायत अधिकारी खिलेंद्र सोनवंशी के द्वारा 28 जून को रमपुरी पंचायत भवन में पंचों व ग्रामीणों की प्रमुख उपस्थिति में स्थानापन्न सरपंच चयन की प्रक्रिया पूर्ण करवाई गई। वहीं स्थानापन्न सरपंच पद के लिए दो पंचों ने आवेदन किये और 12 पंचों ने गुप्त मतदान किये जिसमें सर्वाधिक मत वार्ड नं. 10 के पंच संजय नगपुरे को मिले जो स्थानापन्न सरपंच निर्वाचित हुए है। इस तरह से अब रमपुरी पंचायत के नया स्थानापन्न सरपंच चुना गया है। जिनके द्वारा अब रमपुरी के सरपंच का पदभार ग्रहण कर वे सभी अधिकार उन्हे मिल जायेगी जो कि एक निर्वाचित सरपंच को दिये जाते है। इस तरह से अब ग्राम पंचायत के विकास कार्यों को गति मिल सकेगी। इस स्थानापन्न सरपंच प्रक्रिया पीठासीन अधिकारी, जनपद पंचायत के खण्ड पंचायत अधिकारी खिलेन्द्र सोनवंशी, सहायक पीठासीन अधिकारी एडीईओं संदेश पारधी, जगदीश राहंगडाले, सचिव युवराज मानेश्वर, रोजगार सहायक गोविंद माने सहित पंचगण उपस्थित रहे।






# प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश द्वारा पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का दिया गया संदेश

बालाघाट(पद्मेश न्यूज)। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश प्राणेष कुमार प्राण के कुशल मार्गदर्शन एवं मुख्य आतिथ्य में 28 जून को कुटुम्ब न्यायालय परिसर बालाघाट में पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सेवानिवृत्त जिला न्यायाधीश सुरेन्द्र तुरकर, प्रधान न्यायाधीश कुटुम्ब न्यायालय श्री पदमेश शाह, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट मनीष सिंह, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सतीष शर्मा, न्यायिक मजिस्ट्रेट श्रीमती शिखा शर्मा, श्रीमती शिनी जैन, शुभम जैन, जिला विधिक सहायता अधिकारी जीतेन्द्र मोहन धुर्वे, वरिष्ठ अधिवक्ता श्री वाय. आर. बिसेन आदि उपस्थित रहे। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश द्वारा कुटुम्ब न्यायालय परिसर में पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। साथ ही उपस्थित समस्त न्यायिक अधिकारियों द्वारा कुटुम्ब न्यायालय परिसर में फलदार एवं छायादार पौधो को लगाया गया।

# सड़कों पर यमदूत बनकर घुम रहे आवारा मवेशी

## नगर के बाहरी क्षेत्र की सड़कों पर आवारा मवेशियों का बना आशियाना







**वारासिवनी( पद्मेश न्यूज )। नगर के रामपायली मार्ग पर आवारा मवेशियों की धमा चौकड़ी मची हुई है। जहां पर लोगों को समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है क्योंकि नगर पालिका परिषद के द्वारा नगर में आवारा मवेशियों को पकड़ने की बीते दिनों कार्यवाही की गई। जिसके बाद अब यह आवारा मवेशी किसानों सहित राहगीरो के लिए सरदर्द बनते जा रहे हैं। जो नगर के बाहरी क्षेत्र की सड़कों पर अपना आशियाना बना लिए है । वहीं पर सड़क किनारे स्थित खेतों में उनके द्वारा किसानों ने जो रोपा लगाया है उसे नुकसान पहुंचाया जा रहा है। वह सड़कों पर यमदूत बनकर लोगों के आवागमन में बाधा उत्पन्न की जा रही है ऐसी स्थिति में किसान सहित राहगीर हर कोई परेशान है। जिनके द्वारा नगर पालिका से उक्त विषय पर सख्त कार्यवाही कर मवेशियों को गौशाला छोड़ने की मांग की जा रही है। ताकि मवेशी मालिकों कि लापरवाही पर पर अंकुश लगाया जा सके।**

### नपा नही कर रही गंभीरता से आवारा मवेशी पर कार्यवाही

नगर के चौक चौराहा सड़कों और गलियों में आवारा मवेशियों की धमा चौकड़ी आए दिन लगी रहती है। ऐसी ही धमा चौकड़ी पर अंकुश लगाने के लिए बीते दिनों नगर पालिका के द्वारा हाका गैंग के माध्यम से मवेशियों को पड़कर कांजी हाउस में डालने के कार्यवाही की गई। जिसके बाद समस्त मवेशी नगर के बाहर भागते हुए दिखाई दे रहे है। ऐसे में यह मवेशी अधिकांश रामपायली रोड़ पर दत्तात्रेय मंदिर के पास में बड़ी संख्या में एकत्रित होकर धमा चौकड़ी मचा रहे हैं। जहां पर सड़क पर चल रहे लोगों को खतरा तो बना हुआ है तो वहीं पूरी सड़क पर उनके द्वारा कब्जा कर लिया जाता है जहां पर राहगीरों को अपने वाहन रोककर उन्हें भगाना पड़ रहा है। यह मवेशी करीब ५० से अधिक के झुंड में एकत्रित हो रहे हैं जो बड़ी समस्या बन रहे हैं। वहीं जब इन्हें भगाया जा रहा है तो रामपायली रोड़ किनारे स्थित खेतों में उतरकर किसानों के द्वारा जो लगाए गए रोपे है उसे खाकर नुकसान पहुंचा जा रहा है। जिसको लेकर किसानों को नुकसानी का सामना करना पड़ रहा है। ऐसे में किसानों के द्वारा उक्त विषय पर आक्रोश व्यक्त किया जा रहा है कि नगर पालिका के द्वारा कार्यवाही को निरंतर करते हुए शक्ति से की जाए। इस दौरान कई बार सड़कों पर मवेशियों के द्वारा धमा चौकड़ी मचाते हुए लड़ाई भी की जा रही है जिससे दुर्घटना की संभावना और ज्यादा बनी हुई है। इसको लेकर राहगीर किसान सहित नगर वासियों के द्वारा आवारा मवेशियों पर कठोर कार्यवाही करने की मांग की जा रही है। ताकि इस प्रकार की हो रही समस्या से सभी को निजात मिल सके।

### आवारा मवेशी पर प्रशासन को कार्यवाही कर गौशाला भेज देना चाहिए-गुलाब पंचेश्वर

किसान गुलाब पंचेश्वर ने बताया कि हमारे यहां समस्या है आवारा मवेशी से हर कोई परेशान है। हम किसान हैं हमारे द्वारा अपने खेतों में २०० रुपये किलो के महंगे धान के बीज खरीद कर ले गए हैं और उसका रोपा लगाया गया है। जहां पर आवारा मवेशी धान के रोपो को खा रही है । १० दिन हो गया यह स्थिति बनी हुई है यह सभी आवारा मवेशी शहर के अंदर से आ रही है। सभी आवारा मवेशी है इन्हें कोई इधर लता नहीं है स्वयं घूमते हुए रहते हैं ।इनके मालिकों को उनकी कोई खोज खबर नहीं है। प्रशासन को इस पर कार्यवाही करते हुए इन्हें गौशाला भेज देना चाहिए कि हमारी नुकसानी ना हो और दूसरा रोड़ पर बैठकर लोगों के लिए मुसीबत ना बने।



### नगर पालिका को पशु मालिकों पर दंडात्मक कार्यवाही करना चाहियें-आशीष चौधरी

किसान आशीष चौधरी ने बताया कि यहां मवेशी से बहुत ज्यादा परेशान है करीब ४० से अधिक मवेशी सड़क पर बैठ गए थे। दो बाइक वाले टकराते हुए बचे आये दिन यहां हादसे की स्थिति बनी हुई है तीन चार दिन से रोज यहां पर मवेशी आ रहे हैं। २५ मवेशी यहां पर रोज बैठे रहते हैं बाकी खेतों के तरफ चले जाते है सुबह पूरा रोड़ जाम कर दिए थे इन मवेशियों को हमारे द्वारा भगाया गया। यह सब शहर के अंदर से आ रहे हैं इनमें पालतू और आवारा मवेशी दोनों हैं जो कहीं भी जाकर बैठेंगे। अभी किसानी का समय है तो खेतों में फसल लगी है वहां भी है नुकसान ही कर रहे हैं। हम चाहते हैं कि नगर पालिका इधर गंभीरता से ध्यान दें कार्यवाही करें इन्हें गौशाला भेजें या इनके पशु मालिकों पर दंडात्मक कार्यवाही करें।



### इनका कहना हैं

दूरभाष पर चर्चा में बताया कि आवारा मवेशियों को पकड़ने के लिए हाका गैंग के द्वारा लगातार कार्यवाही की जा रही है। उक्त संबंध में हमें शहर के बाहर की स्थिति स्पष्ट नहीं थी। यदि ऐसा कुछ है तो उक्त स्थानों पर भी गंभीरता से कार्यवाही करवाई जाएगी।

**सूर्यप्रकाश उके**
**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**वारासिवनी**

# आदर्श लोहार विश्वकर्मा विकास परिषद की बैठक संपन्न

वारासिवनी(पद्मेश न्यूज)। वार्ड नंबर ५ गांधी बाल उद्यान के पीछे स्थित सामुदायिक भवन में २७ जून को आदर्श लोहार विश्वकर्मा विकास परिषद की बैठक का आयोजन किया गया। यह बैठक समाज के गणमान्य लोगों की उपस्थिति में प्रारंभ की गई। जिसमें समाज उत्थान प्रगति एवं जन जागरूकता लाने के विषय पर विस्तार पूर्वक चर्चा की गई। वहीं समाज के निर्वाचन के उपरांत संगठन के विस्तार पर भी चर्चा कर दायित्वों का वितरण किया गया। इस दौरान शासन की नीतियों पर विचार मंथन करने के उपरांत आक्रोश व्यक्त करते हुए शासन का ध्यान आकर्षण करने के विषय पर रूपरेखा तैयार की गई। पद्मेश से चर्चा में जुगराम विश्वकर्मा ने बताया कि आज हमारे द्वारा बैठक आयोजित की गई थी हमारा विश्वकर्मा लोहार समाज है। पूरा समाज लोहे का काम करता है कारखाने संचालित करते हैं यह सब सरकार के द्वारा हमसे छीना जा रहा है। आज कई परिवारों के सामने रोजगार की समस्या उत्पन्न हो गई है। हम बेरोजगार होकर इधर उधर भटक रहे हैं कई लोग बाहर कमाने जा रहे है। इसी उद्देश्य की पूर्ति को लेकर समाज में जागरूकता लाने हमारे द्वारा समाज के संगठन आदर्श लोहार विश्वकर्मा विकास परिषद का गठन किया गया था। उसमें हर ३ साल में चुनाव होते हैं जो ३ दिन पूर्व ही संपन्न हुए हैं। ऐसे में सामाजिक बंधुओ को एकत्रित कर संगठन का विस्तार किया गया है। समाज में जागरूकता लाने का प्रयास किया जा रहा है कि समाज शिक्षा के प्रति और समाज में चल रही कुरीतियों के प्रति जागरूक हो आगे बड़े हर तरह से प्रयास हो रहे हैं। ऐसे में विचार मंथन किया जा रहा है कि समाज के लोगों को किस प्रकार जागरूक किया जाए कि वह अपने बालक बालिकाओं को उच्च शिक्षा तक लेकर जाएं। वहीं सरकार का भी ध्यान आकर्षण करने का हमारा काम है कि वह हमारे समाज पर अपना ध्यान देकर हमारे रोजगार में आ रही समस्याओं का निराकरण करें ताकि हमें काम मिल सके। इस अवसर पर अशोक वानेकर ,नारायण विश्वकर्मा ,शिवलाल विश्वकर्मा ,श्यामकिशोर विश्वकर्मा ,दीनदयाल भूरेकर ,सोनू सोनवाने ,प्यारेलाल दूधबावने ,देवेंद्र उके ,आकाश सोनवाने ,रविंद्र सोनवाने ,अंजूलता विश्वकर्मा सहित अन्य समाज पदाधिकारी सदस्य मौजूद रहे।



# आम जनता की बात सुनने वाली सिर्फ कांग्रेस पार्टी -सूरज हेगड़े

## विधायक जनसंपर्क कार्यालय में सूरज हेगड़े ने व्यापरी,राइस मिलर्स और वकीलों सें की चर्चा





वारासिवनी(पद्मेश न्यूज)। जिले में कांग्रेस संगठन में सक्रियता लाने और जिला अध्यक्ष पद की नियुक्ति को लेकर केंद्रीय ऑब्जर्वर सूरज हेगड़े शनिवार को वारासिवनी जनसंपर्क कार्यालय पहुँचे । साथ ही जनता,जनप्रतिनिधिगण और प्रबुद्ध जनों की नब्ज टटोलने का काम कर रहें है । उससे कहीं ना कहीं राहुल गांधी की मंशा भी फलीभूत होती नजर आ रही है श्री हेडगे ने सभी कार्यकर्ताओं सें वन टू वन चर्चा की और एक अच्छा व्यक्ति कांग्रेस पार्टी का जिला अध्यक्ष बनने सभी की राय ली और कांग्रेस पार्टी को और ऊंचाईयों तक ले जाने की बात सभी कार्यकर्ताओं सें कही। सूरज हेगड़े ने कहा की मैं इसके पहले भी वारासिवनी आया था और यहां के जनप्रतिनिधि गण ,कार्यकर्ताओं और व्यापारियों से मैंने चर्चा की थीं और उनसें राय लेने का प्रयास किया। ग्राम के सरपंच,पंच,जनपद सदस्य सभी के दिल में क्या है मैने समझने का प्रयास किया और मेरा काम है कि दिल्ली में बैठे हमारे नेताओं तक उनकी बातों को पहुंचाना है। वारासिवनी में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने पार्टियों को बहुत आगे तक पहुंचाया है और यहां विधायक जीताकर भोपाल तक पहुंचाया है। कई वर्षों से यहां पर कांग्रेस का ही विधायक बनते जा रहा है और आगे भी बनता रहेगा। यहां के विधायक सबको साथ लेकर चलते हैं सभी की सुनते हैँ और हर व्यक्ति का काम भी करते है।

### हर कार्यकर्ता की बाते सुने ऐसे व्यक्ति को जिला अध्यक्ष बनाया जाए -विवेक पटेल

विधायक विवेक पटेल ने कहा की राहुल गाँधी की मंशा है की हर जिले का जिला अध्यक्ष जनता के द्वारा चुनकर ही बनाया जायें। जिले के हर कार्यकर्ता चाहे हो किसी भी पद हो उनसे वन.टू.वन चर्चा कर उनकी राय जानने का प्रयास करे और जो हर कार्यकर्ता की सुने ऐसे व्यक्ति को जिला अध्यक्ष बनाया जाए। इस दौरान जिला अध्यक्ष संजय उइके,पूर्व सांसद बोधसिंह भगत,पूर्व सांसद विश्वेश्वर भगत,विधायक विवेक पटेल,ब्लाक अध्यक्ष भोजेश्वर पटले,जनपद सदस्य जीतू राजपूत,अनिल पिपरेवार,सुदेश सोनी, राजा अली,जेसराज पारधी, रामकिशोर बिसेन, अनूप बैस,रामकुमार नगपुरे, फेकनलाल डोहरे,अनीश बेग,जावेद अली,विवेक जुझार,राहुल अरोरा, चिंटू जैन,इश्वरी दामनकर,मनीष धुवारे,गगन बिसेन,नरेंद्र राहंगडाले,विजय बिसेन सहित अन्य कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# ओझा जूनियर दास मात्रे और उसके सहायक टामलाल बाहेश्वर को 10 वर्ष का कठोर कारावास

## मामला झाड़फुक के नाम पर पिटाई कर गीता बाहेश्वर की हत्या का

वारासिवनी(पद्मेश न्यूज)। कटंगी पुलिस थाना अंतर्गत ग्राम पंचायत खजरी में १४ अक्टूबर २०२२ को अंधविश्वास के चक्कर में एक महिला की दर्दनाक मौत हो गई थी। यह मामला वारासिवनी न्यायालय में विचाराधीन था जिसमें श्रीमती कविता इवनाती प्रथम सत्र न्यायाधीश वारासिवनी न्यायालय के अतिरिक्त न्यायाधीश की अदालत ने झाडफुक के नाम पर हुई महिला गीताबाई बाहेश्वर की पिटाई के दौरान मौत होने के मामले में फैसला दिया हैं। जिसमें ओझा जूनियर दास मात्रे और उसके सहायक टामलाल बाहेश्वर को १०-१० वर्ष का कठोर करवास की सजा एवं १२००-१२०० रूपये के अर्थदंड की सुनाई है।

### यह था मामला

प्रास जानकारी के अनुसार गीताबाई बाहेश्वर उम्र ४० वर्ष निवासी चिचगांव को नवरात्रा के समय देवी आने एवं रूमने लगी थी। जिससे वह महिला डरती थी जिसके द्वारा घटना की जानकारी विभिन्न लोगों को बताई गई। जिसमें ओझा की जानकारी लगने पर वह १४ अक्टूबर २०२२ की शाम ७ बजे करीब ओझा जूनियरदास मात्रे एवं तामलाल बाहेश्वर को देव आता है वह झाड़फूक्क करते हैं। इसकी जानकारी पर वह उनके पास ग्राम खजरी जूनियरदास के घर ठीक कराने के लिए लेकर गए थे। जहाँ ओझा जूनियरदास मात्रे एवं तामलाल बाहेश्वर ने बोले कि १२ बजे रात्रि के बाद हम भूत उतार देते हैं। जिसके बाद जूनियरदास ने गीताबाई के सिर के बाल पकड़कर घुमाने लगा तथा तामलाल चाकू से गीताबाई के पेट में टोचा लगाने लगा। इसके कारण गीताबाई इधर उधर होकर तड़पने लगी तथा चिल्लाने लगी तो साथियों ने बाल पकड़कर घुमाने एवं चाकू से टोचा लगाने से मना किए। किंतु ओझा जूनियरदास मात्रे एवं तामलाल बाहेश्वर ने यह जानते हुए बाल पकड़कर मारपीट किये एवं चाकू से चोट लगाकर गर्दन मरोड़ देने के कारण गीता बेहोश हो गई। इसके बाद मौके पर तत्काल उसे होश में लाने का प्रयास किया गया परंतु कोई भी प्रतिक्रिया ना होने पर उसे तत्काल कटंगी के स्वास्थ्य केंद्र में लाया गया। जहां पर डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया जिसके शरीर पर चोट के कई निशान होने पर परिजनों के द्वारा पोस्टमार्टम कराया गया। जिसमें पाया कि महिला का ह्रदय फट गया था सीने की हड्डी पसलि टूट गई थी गले में रक्त जमा हो गया था। महिला की मौत ओझा जूनियरदास मात्रे एवं तामलाल बाहेश्वर की मारपीट से होना प्रतीत होने पर कटंगी पुलिस के द्वारा १५ अक्टूबर २०२२ को मामले में अपराध क्रमांक ३८८/२०२२ भादवि की धारा ३०४,५०८, ३४ के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामले में विवेचना पूर्ण कर अभियोग पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया गया।




### न्यायालय ने यह सुनाई सजा

कटंगी पुलिस ने प्रकरण की विवेचना पूर्ण करने के बाद अभियोग पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया जिसके बाद से यह प्रकरण वारासिवनी न्यायालय में विचाराधीन था। जिसमें श्रीमती कविता इवनाती प्रथम सत्र न्यायाधीश वारासिवनी न्यायालय के अतिरिक्त न्यायाधीश की अदालत ने जूनियरदास मात्रे पिता रामकुमार मात्रे उम्र ३९ वर्ष निवासी ग्राम खजरी थाना कटंगी ,तामलाल उर्फ टामलाल बाहेश्वर पिता लकेश बाहेश्वर उम्र २३ वर्ष निवासी ग्राम अर्जुन नाला थाना कटंगी का अपराध सिद्ध होने पर उन्हें भादवि की धारा ३०४ के अंतर्गत १० वर्ष का कठोर कारावास और १००० रूपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया एवं अर्थदण्ड की राशि अदा ना किये जाने पर ६ माह का अतिरिक्त कठिन कारावास। वहीं भादवी की धारा ५०८ सहपठित धारा ३४ के अंतर्गत एक वर्ष का कठोर कारावास और २०० रूपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया एवं अर्थदण्ड की राशि अदा ना किये जाने पर १ माह का अतिरिक्त कठोर कारावास की सजा सुनाई गयी। उक्त प्रकरण में पीड़िता की ओर से पैरवी शासकीय अधिवक्ता संतोष लिल्हारे और आर के दुबे के द्वारा की गई।

# बेनी में स्व. किशोर पाराशर की स्मृति में स्वागत द्वार का हुआ भूमिपूजन

डोंगरमाली/वारासिवनी(पद्मेश न्यूज)। खैरलांजी जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम पंचायत बेनी के बाजार चौक में स्व. किशोर पाराशर की स्मृति में ग्राम के स्वागत द्वार का भूमि पूजन समारोह का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम मुख्य अतिथि विधायक विवेक पटेल, अध्यक्षता पूर्व सांसद विश्वेश्वर भगत सहित अन्य अतिथियों की उपस्थिति में किया गया। जिसमें उपस्थित जनों के द्वारा विधि विधान से पूजा अर्चना कर स्वागत द्वार का भूमि पूजन किया गया। तत्पश्चात ग्राम पंचायत बेनी के दिवंगत कांग्रेसी नेता स्व. किशोर पाराशर के व्यक्तित्व और उनके किए गए कार्यों पर प्रकाश डालते हुए बताया कि किस प्रकार उनके द्वारा सदैव क्षेत्र में कांग्रेस का झंडा बुलंद रखा गया। इस अवसर पर रामकिशोर बिसेन ,जेसराज पारधी, जितेंद्र सिंह राजपूत ,अनिल पिपरेवार, सुदेश सोनी ,गोकुल प्रसाद गौतम, तेजलाल नगपुरे ,राजेश डोंगरे,जीवन धुवारे ,मनोज हेडाऊ ,मनीष धुवारे ,लालचंद मात्रे ,अनिल उइके ,संतोष पांडे ,गेरशराम भवरे ,उपदेश डहाके सहित अन्य कांग्रेसी एवं क्षेत्रवासी मौजूद रहे।



# बलिदान दिवस - डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी

डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी के लिए राष्ट्र सर्वोपरि था इसलिए उन्होंने सत्ता का त्याग करके देश की एकता और अखंडता के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर कर दिया। वह एक देश में दो विधान दो प्रधान और दो निशान के विरुद्ध थे, इसलिए डॉक्टर मुखर्जी ने स्वतंत्र भारत का पहला राष्ट्रवादी आंदोलन खड़ा किया था। भारत के पुनर्निर्माण के उद्देश्य से डॉक्टर मुखर्जी ने जनसंघ की स्थापना की थी आज यदि हम जम्मू कश्मीर में बिना परमिट के जा सकते हैं और पश्चिम बंगाल भारत का अभिन्न अंग है तो इसके पीछे डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी का बलिदान है। राष्ट्रीय एकता अखंडता के पर्याय, महान शिक्षाविद, प्रखर राष्ट्रवादी, चिंतक, विचारक और भारतीय जनसंघ के संस्थापक डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी के बलिदान दिवस पर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं। डॉ साहब ने कहा था - राष्ट्रीय एकता की धरातल पर ही सुनहरे भविष्य के नींव रखी जा सकती है।राष्ट्र की एकता और अखंडता के लिए अपने प्राणों का बलिदान देने वाले भारतीय जन संघ के तत्कालीन अध्यक्ष एवं महान राष्ट्र नायक एवं राष्ट्रवादी राजनीति के पुरोधा पूज्य डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर शत-शत नमन वंदन करते हैं आपको हम सभी भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं। डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी के रूप में देश को एक ऐसा दूरदर्शी नेता मिला जिसने भारत की समस्याओं के मूल कारणों वह स्थाई समाधानों पर जोर दिया और उनके लिए जीवन पर्यंत संघर्ष किया सांस्कृतिक राष्ट्रवाद पर केंद्रित जनसंघ और आज की भारतीय जनता पार्टी डॉक्टर मुखर्जी की ही दूरदर्शिता परिणाम है। डॉ मुखर्जी ने शिक्षा और औद्योगिक क्षेत्र में सुधार के लिए भी बहुत अभिनव कार्य किए। वे शिक्षा की गुणवत्ता और शोध कार्यों के भी बहुत बड़े पक्षधर थे। कश्मीर को भारत का अभिन्न अंग बनाए रखने एवं देश के एकता और अखंडता के लिए उनका त्याग समर्पण और बलिदान हम देशवासियों को सदैव प्रेरित करता रहेगा। मानवता के उपासक,प्रखर राष्ट्रवादी विचारक, महान शिक्षाविद,जनसंघ संस्थापक व हमारे पथ प्रदर्शक परम श्रद्धेय डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने कहा था हम उन्नति करेंगे हम एक होंगे हम एक ऐसे देश में रहेंगे जिसका भाग्य केवल हमारे बच्चों के हाथ में होगा जहां एक स्वतंत्र और हिंदुस्तान का झंडा हमेशा शांति,प्रगति और आजादी की प्रतिष्ठा की घोषणा करेगा। डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी ने एक बार कहा था जो भी कार्य आरंभ करें उसे गंभीरता से पूर्ण करें और तब तक संतुष्ट न हो जब तक अपना सर्वश्रेष्ठ ना दे दे। जहां हुए बलिदान मुखर्जी वह कश्मीर हमारा है यह नारा जो सच हुआ आज कश्मीर शांत और अखंड भारत का हिस्सा है धारा 370 अब कड़वा अतीत बन गई है और 35 से पूरी तरह से खत्म हो चुकी है। हमारे पथ प्रदर्शक डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी ने कहा था वही राष्ट्र वास्तव में महान है जिसके पास सैनिक शक्ति और ताकत है, किंतु वह राष्ट्र स्वार्थ हेतु उनका दुरुपयोग नहीं करता है। मित्रों उस काल में जम्मू कश्मीर की समस्या को पहचानने तथा इसके समूल निस्तारण के लिए पुरजोर आवाज उठाने वाले पूज्य डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी ही थे। 1947 के बाद सत्ता में आई कांग्रेस के द्वारा देश पर थोपी जा रही अभारतीयता तथा आयातित पश्चिमी विचारधाराओं का तार्किक विरोध कर भारत,भारतीय तथा भारतीयता के शाश्वत विचारों के अनुरूप राजनीतिक विकास देश को देने वाले डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी ही हमारे अग्रदूत, हमारे पथ प्रदर्शक थे। आज की भारतीय जनता पार्टी का परिदृश्य,स्वरूप,आधारशिला, आधार स्तंभ,प्रकाश पुंज डॉ मुखर्जी ही है। उन्होंने 1951 में भारतीय जन संघ की स्थापना की जो बाद में 1980 को भारतीय जनता पार्टी का आधार बना।

# बेटियों के लिये मोह बढ़ना संतुलित समाज का आधार

दुनियाभर में माता-पिता आमतौर पर अब तक बेटियों की तुलना में बेटों को ज्यादा पसंद करते आ रहे हैं, लेकिन प्राथमिकताओं को लेकर वैश्विक दृष्टिकोण में एक सूक्ष्म, महत्वपूर्ण और बड़ा बदलाव देखने को मिल रहा है। इस बात के संकेत मिल रहे हैं कि अब लड़के की तुलना में लड़कियों को अधिक पसंद किया जाने लगा है। ऐसा इसलिए हो सकता है क्योंकि लड़कियों के प्रति पूर्वाग्रह कम है और संभवत: लड़कों के प्रति पूर्वाग्रह ज्यादा है। नए साक्ष्य एवं अध्ययन इस बदलाव का संकेत देते हैं, जो संभवत: बढ़ते एकल परिवार परम्परा, तथाकथित आधुनिक-सुविधावादी जीवनशैली एवं कैरियर से जुड़ी प्राथमिकताओं के चलते लड़कों से जुड़े एक सूक्ष्म भय, उपेक्षा एवं उदासीनता को उजागर करते हैं। 'द इकोनॉमिस्ट' द्वारा ताजा प्रकाशित रिपोर्टों में, लिंग प्राथमिकताओं को लेकर वैश्विक दृष्टिकोण में कुछ ऐसे ही दिलचस्प रुझान सामने आए हैं, जिसमें लड़कों के प्रति सदियों पुराना झुकाव अब कम हो रहा है। रिपोर्ट के अनुसार, दुनियाभर में माता-पिता अब लड़कों की तुलना में लड़कियों को भविष्य की सुरक्षा को लेकर अधिक पसंद कर रहे हैं। विकासशील देशों में, लड़कों के प्रति पूर्वाग्रह कम हो रहा है, जबकि अमीर देशों में लड़कियों को प्राथमिकता दी जा रही है। इसके अतिरिक्त, युवा पुरुषों और महिलाओं के बीच लैंगिक भूमिकाओं को लेकर विचारों में अंतर बढ़ता जा रहा है। ग्लोबल जेंडर गैप रिपोर्ट 2025 में, भारत 148 देशों में 131वें स्थान पर है, जो पिछले वर्ष की तुलना में दो स्थान नीचे है, और इसका लैंगिक समानता स्कोर 64.1 प्रतिशत है। वर्तमान प्रगति की दर से, पूर्ण लैंगिक समानता प्राप्त करने में 134 वर्ष लगेंगे, जो दर्शाता है कि प्रगति की समग्र दर धीमी है। इन रिपोर्टों से पता चलता है कि दुनिया भर में लैंगिक समानता की दिशा में प्रगति हो रही है, लेकिन अभी भी बहुत कुछ किया जाना बाकी है। भारत के लिये लैंगिक समानता की दिशा में दो पायदान की गिरावट का सबसे बड़ा कारण महिला समानता को लेकर चल रहे आन्दोलन है। भारत की बेटियां आज अंतरिक्ष से लेकर खेल के मैदान तक में बुलंदियां छू रही हैं। वे परिवार की जिम्मेदारियों को निभाने में उल्लेखनीय भूमिकाओं का निर्वाह कर रही है। सरकार द्वारा 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ', 'सुकन्या समृद्धि योजना' जैसे सराहनीय पहल के जरिए बेटियों को आगे बढ़ने के अवसर मिल रहे हैं। इक्कीसवीं सदी की चौखट पर खड़ी दुनिया में ब? व्यापक बदलाव हो रहे हैं। इंसानी रिश्तों की अहमियत को लेकर भी नई सोच पनप रही है। अब अमेरिका, दक्षिण कोरिया, भारत और चीन में, लिंग अनुपात सामान्य या यहां तक कि बेटी की पसंद के संकेत दिखाने लगा है। ऐसे में सवाल उठना स्वाभाविक है कि इस बदलाव की असल वजह क्या है? दरअसल, माता-पिता में यह धारणा बलवती होती जा रही है कि बेटियां उनकी ढलती उम्र में धीरे-धीरे अधिक विश्वसनीय देखभाल करने वाली साबित हो सकती हैं। उन्हें परिवार से गहरे तक जुड़े रहने की अधिक संभावना के रूप में देखा जाने लगा है। आज बेटियों को बेटों के मुकाबले बेहतर शैक्षणिक प्रदर्शनकर्ता, परिवार सार-संभालकर्ता, माता-पिता के प्रति जिम्मेदारी निर्वाहकर्ता के रूप में देखा जाने लगा है। तेजी से कामकाजी दुनिया का हिस्सा बनने के कारण वे आर्थिक रूप से स्वावलंबी होने से अनेक पारिवारिक जिम्मेदारियों के लिये अधिक संवेदनशील है। ऐसा माना जाने लगा है कि बेटियां बेटों के मुकाबले में ज्यादा संवेदनशील होती हैं और जीवन के अंतिम पढ़ाव में मां-बाप को सुरक्षा कवच प्रदान कर सकती हैं। जिसके चलते लोग बेटों के मुकाबले बेटियों को अपनी प्राथमिकता बनाने को तरजीह देने लगे हैं।

पश्चिमी देशों में गोद लेने और आईवीएफ के डेटा दिखाते हैं कि बेटियों को चुनने की दिशा में स्पष्ट झुकाव है। दरअसल, पश्चिमी देशों के एकल परिवारों में बेटे अपनी गृहस्थी बसाकर मां-बाप को उनके भाग्य पर छोड़ जाते हैं। भारत में भी यही स्थितियां देखने को मिल रही है। जबकि सदियों से भारत की समाज-व्यवस्था एवं परिवार-परम्परा पुत्र मोह की ग्रंथि से ग्रस्त रहा है। जिसके चलते शिशु लिंग अनुपात में असंतुलन बढ़ता गया है। देश में हुई 2016 की जनगणना में लड़कों की तुलना में लड़कियों की घटती संख्या के आंकड़े चौंकाते ही नहीं बल्कि दुखी भी करते हैं। जिस तरह से लड़के-लड़कियों का अनुपात असंतुलित हो रहा है, उससे ऐसी चिन्ता भी जतायी जाने लगी है कि यही स्थिति बनी रही तो लड़कियां कहां से लाएंगे? हालत यह है कि आंध्र प्रदेश में 2016 में प्रति एक हजार लड़कों के मुकाबले महज आठ सौ छह लड़कियों का जन्म दर्ज किया गया। हालांकि, अब आधिकारिक आंकड़े बता रहे हैं कि देश में शिशु लिंग अनुपात दर में सुधार हुआ है।

जन्म से पहले ही पता चल जाए कि ल?की यानी बालिका पैदा होगी तो माता-पिता उसकी जान लेने से भी नहीं कतराते। कन्या भ्रूण हत्या की बढ़ती घटनाएं इसी सोच का परिणाम बनी। पिछली सदी में समाज के एक बड़े वर्ग में यह एक विभीषिका ही थी कि परिवार की धुरी होते हुए भी नारी को वह स्थान प्राप्त नहीं था जिसकी वह अधिकारिणी थी। उसका मुख्य कारण था सदियों से चली आ रही कुरीतियाँ, अंधविश्वास व बालिका शिक्षा के प्रति संकीर्णता। कितनी विडम्बना है कि देश में हम 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' का नारा बुलन्द करते हुए एक जोरदार मुहिम चला रहे हैं उस देश में लगातार बालिकाओं की संख्या घटने का दाग लगता रहा है। यह दाग 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' के संकल्प पर भी लगा है और यह दाग हमारे द्वारा नारी को पूजने की परम्परा पर भी लगा है। लेकिन प्रश्न है कि हम कब बेदाग होंगे? लेकिन अब इस संकीर्ण सोच में बदलाव आना एक सुखद संकेत है। अच्छे भविष्य के लिए हम बेटियों की पढ़ाई से ही सबसे ज्यादा उम्मीदें बांधते हैं। बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ जैसे नारे हमारे संकल्प को बताते हैं, हमारी सदिच्छा को दिखाते हैं, भविष्य को लेकर हमारी सोच को जाहिर करते हैं, लेकिन वर्तमान की हकीकत इससे उलट है, इसे बदलने में अभी भी लम्बा सफर तय करना होगा। बालिकाएं पढ़ाई में अपने झंडे भले ही गाड़ दें, लेकिन उन्हें आगे बढ़ने से रोकने की क्रूरताएं कई तरह की हैं। शताब्दियों से हम साल में दो बार नवरात्र महोत्सव मनाते हुए कन्याओं को पूजते हैं। लेकिन विडम्बना देखिये कि सदियों की पूजा के बाद भी हमने कन्याओं को उनका उचित स्थान और सम्मान नहीं दे पाये हैं। राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण-5 ( 2019-21) का सर्वे चिंता बढ़ाने वाला है। सर्वे के अनुसार, लगभग 15 फीसदी भारतीय माता-पिता अभी भी बेटियों की तुलना में बेटों की आकांक्षा रखते हैं। यही वजह है कि हरियाणा, पंजाब और उत्तर प्रदेश जैसे राज्यों में विषम शिशु लिंगानुपात चिंता का विषय बना हुआ है। लड़कियों को भावनात्मक लगाव या घरेलू स्थिरता के लिये तो महत्व दिया जा सकता है, लेकिन जरूरी नहीं कि पोषण, शिक्षा या विरासत तक उन्हें समान पहुंच दी जाए। भारतीय समाज में दहेज जैसी सांस्कृतिक प्रथाएं आज भी बेटी के माता-पिता की बड़ी चिंता बनी रहती हैं। परंपरावादी समाज में यह धारणा बलवती रही है कि बेटियां दूसरे परिवार की हैं। यही वजह है कि ग्रामीण और शहरी गरीब समुदायों में लड़कियां हाशिये पर रख जाती हैं। लेकिन इसके बावजूद भारत को लिंग समानता के वैश्विक आंदोलन की किसी भी तरह अनदेखी नहीं करनी चाहिए। ग्लोबल जेंडर गैप रिपोर्ट 2025 वैश्विक लैंगिक अंतर का आकलन और तुलना करने के लिए एक समझने योग्य ढांचा प्रदान करके और उन देशों को उजागर करके जो इन संसाधनों को महिलाओं और पुरुषों के बीच समान रूप से विभाजित करने में रोल मॉडल हैं, रिपोर्ट अधिक जागरूकता के साथ-साथ नीति निर्माताओं के बीच अधिक आदान-प्रदान के लिए उत्प्रेरक का काम करती है। भारत में समान संपत्ति अधिकार लागू करने, दहेज प्रथा की कुरीति को समाप्त करने की दिशा में सख्त कदम उठाने चाहिए। तभी भारतीय समाज में लिंगभेद की मानसिकता खत्म होगी और लैंगिक समानता की दिशा में मार्ग प्रशस्त होगा। साथ ही देश में तेजी से बढ़ती बुजुर्गों की आबादी के लिये बालिकाएं सामाजिक सुरक्षा सुनिश्चित करने की दिशा में आधार बन सकेंगी।

**- ललित गर्ग**

# विभागों की मलाई पर तकरार-भ्रष्टाचार पर कैसे होगा वार ?

वैश्विक स्तरपर आज सारी दुनियाँ कहीं ना कहीं भ्रष्टाचार के दंश से अर्थव्यवस्था में कमजोरी महसूस कर रही है, क्योंकि यह भ्रष्टाचार रूपी काली कमाई भ्रष्टाचारियों द्वारा बेहद सस्पेंस वाली जगह पर छुपा कर रखा जाता है,जो अर्थव्यवस्था के सरकुलेशन में काम नहीं आती। मसलन 2000 के नोटों की लंबी राशि चलन में नहीं आ रही थी यानी मतलब साफ है भ्रष्टाचार्यों के पास लॉक हो गई थी,नतीजा नोटों की नोटबंदी ही पर्याय था। परंतु बहुत ताजुब की बात है एक ओर जहां सरकार भ्रष्टाचार जीरो टॉलरेंस करने कमर कसकर भिड़ी हुई है दूसरी ओर हमेशा देखा जाता है की राजनीति में सहयोगी पार्टी या पार्टी के अंदर ही पार्टी के कद्दावर नेताओं में मंत्रालय के विभागों की मलाई पर तकरार होती है, यानें सरकारी टेंडर में परसेंटेज के मामले होते हैं,इसीलिए ही 40 या 50 पेर्सेंट के आरोप प्रत्यारोप राजनीति में सभी बातें एक दूसरे के ऊपर लगाते रहते हैं अक्सर चुनाव जीते हुए व्यक्तियों से लेकर मंत्री व चपरासी से लेकर उच्च पदासीन अधिकारी इसमें शामिल होते हैं तो फिर भ्रष्टाचार की जीरो टॉलरेंस नीति का क्या अर्थ हुआ? जो रेखांकित करने वाली बात है, जिसका सटीक उदाहरण महाराष्ट्र के एक नेता पर गृहमंत्री होने के बावजूद 100 करोड़ प्रतिमाह का आरोप लगा था वो जेल भी गए थे। ऐसे अनेक आरोप राजनीतिज्ञों मंत्रियों पर लगते रहते हैं जो रेखा रेखांकित करने वाली बात है, जिससे क्लियर होता है कि भ्रष्टाचार ऊपर से लेकर नीचे की ओर चलता है,इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगेविभागों की मलाई पर तकरार, भ्रष्टाचार पर कैसे होगा पलटवार! तथा भ्रष्ट प्लस अचार एट द रेट ऑफ भ्रष्टाचार, लोक निर्माण सरकारी टेंडर गृह परिवहन मंत्रालयों को आखिर क्यों मलाई वाला विभाग कहा जाता है? साथियों बात अगर हम भ्रष्टाचार के अर्थ को समझने की करें तो, भ्रष्टाचार शब्द दो शब्दों की संधि से बना है - भ्रष्ट +आचार, जिनके निम्न अर्थ हैं-भ्रष्ट=दूषित, गंदा, अनैतिक गलत, आपराधिक,आचार=आचरण, व्यवहार,कार्यकलाप कार्य,तो सीधे शब्दों में कहें तो भ्रष्टाचार का तात्पर्य उस कार्य से है जो गलत हो, अनैतिक हो, आपराधिक हो या दूषित हो।हमारे राजनेताओं की कृपा से आजकल यह शब्द मुख्यतया राजनैतिक संदर्भ में प्रयोग होता है लेकिन सामान्यतया हर वह आचरण भ्रष्टाचार है जो कि किसी गलत उद्देश्य की प्राप्ति के लिए अनैतिक ढंग से और दुर्भावना से किया जाए।केवल सरकारी कार्यों में घोटाले करना ही भ्रष्टाचार नहीं है, बल्कि अपने आदर्शों से समझौता करना और निजी लाभ के लिए किसी अन्य को पीड़ा पहुंचाना भी भ्रष्टाचार है।दूधवाले का दूध में पानी मिलाना भी भ्रष्टाचार है और शिक्षक का कक्षा में ना पढ़ाना भी भ्रष्टाचार है। अधिकारी का काम ना करना भी भ्रष्टाचार है और काम के बदले रिश्वत मांगना भी भ्रष्टाचार है। टैक्स चोरी करना भी भ्रष्टाचार है और यातायात के नियमों को ना मानना भी भ्रष्टाचार है।सीमित शब्दों में कहें तो भ्रष्टाचार केवल सरकारी योजनाओं में घोटाले करना ही नहीं है बल्कि निजी स्वार्थ सिद्धि हेतु किया गया हर गलत आचरण ही भ्रष्टाचार है। साथियों बात अगर हम भ्रष्टाचार से आर्थिक दुष्प्रभाव की करें तो,भ्रष्टाचार का आर्थिक विकास पर दुष्प्रभाव पड़ता है. मसलन, भ्रष्टाचार के चलते सड़क कमजोर बनायी जाती है, जिससे वह जल्दी टूट जाती है, इस फॉर्मूले के अनुसार भारत और चीन की विकास दर कम होनी चाहिए थी, क्योंकि ये देश ज्यादा भ्रष्ट हैं,परंतु वास्तविकता इसके ठीक विपरीत है।भारत और चीन की विकास दर अधिक है।भ्रष्टाचार का दुष्प्रभाव इस बात पर निर्भर करता है कि भ्रष्टाचार से प्राप्त रकम का उपयोग किस प्रकार किया जाता है।मान लीजिए एक करोड़ रुपये के सड़क बनाने के ठेके में से 50 लाख रुपया भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गया, सड़क घटिया बनी. प्रश्न उठता है कि घूस की 50 लाख की रकम का उपयोग किस प्रकार हुआ यदि इस रकम को शेयर बाजार में लगाया गया तो भ्रष्टाचार का आर्थिक विकास पर दुष्प्रभाव कुछ घटता है,दक्षिणी अमेरिकी देशों एवं भारत में यह अंतर साफ है। दक्षिण अमेरिका के नेताओं ने घूस की रकम को स्विट्जरलैंड के बैंकों में जमा करा दिया।



नतीजा विकास में गिरावट आयी,परंतु भारतीय नेताओं ने स्विस बैंकों में जमा कराने के साथ- साथ घरेलू उद्यमियों के पास भी रकम जमा करायी। यदि घूस की रकम का निवेश किया जाये, तो अनैतिक भ्रष्टाचार का आर्थिक सुप्रभाव भी पड़ सकता है।मान लीजिए सरकारी निवेश में औसतन 70 फीसदी रकम का सदुपयोग होता है, जबकि निजी निवेश में 90 फीसदी का, ऐसे में यदि एक करोड़ रुपये को भ्रष्टाचार के माध्यम से निकाल कर निजी कंपनियों में लगा दिया जाये, तो 20 लाख रुपये का निवेश बढ़ेगा।अर्थशास्त्र में एक विधा 'बचत की प्रवृत्ति' के नाम से जानी जाती है। अपनी अतिरिक्त आय में से व्यक्ति कितनी बचत करता है उसे 'बचत की प्रवृत्ति' कहा जाता है। गरीब की 100 रुपये की अतिरिक्त आय हो, तो वह 90 रुपये की खपत करता है और 10 रुपये की बचत. तुलना में अमीर को 100 रुपये की अतिरिक्त आय हो, तो वह 10 रुपये की खपत करता है और 90 रुपये की बचत करता है.मान लीजिए अमीर इंजीनियर ने गरीब किसान से 100 रुपये की घूस ली। गरीब की आय में 100 रुपये की गिरावट आयी, जिसके कारण बचत में 10 रुपये की कटौती हुई. परंतु अमीर इंजीनियर ने 100 रुपये की घूस में 90 रुपये की बचत की. इस प्रकार घूस के लेनदेन से कुल बचत में 80 रुपये की वृद्धि हुई। अमीर द्वारा गरीब का शोषण सामाजिक दृष्टि से गलत होते हुए भी आर्थिक दृष्टि से लाभकारी हो गया।भ्रष्टाचार का आर्थिक विकास पर दुष्प्रभाव पड़ता है। मसलन, भ्रष्टाचार के चलते सड़क कमजोर बनायी जाती है, जिससे वह जल्दी टूट जाती है। इस फॉर्मूले के अनुसार भारत और चीन की विकास दर कम होनी चाहिए थी, क्योंकि ये देश ज्यादा भ्रष्ट हैं। परंतु वास्तविकता इसके ठीक विपरीत है। भारत और चीन की विकास दर अधिक है. भ्रष्टाचार का दुष्प्रभाव इस बात पर निर्भर करता है कि भ्रष्टाचार से प्राप्त रकम का उपयोग किस प्रकार किया जाता है.मान लीजिए एक करोड़ रुपये के सड़क बनाने के ठेके में से 50 लाख रुपया भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गया. सड़क घटिया बनी. प्रश्न उठता है कि घूस की 50 लाख की रकम का उपयोग किस प्रकार हुआ। साथियों बात अगर हम भ्रष्टाचार के कारणों को समझने की करें तो, हम सभी ने कहीं ना कहीं इसे सिस्टम का हिस्सा मान कर अपना लिया है।हम भ्रष्टाचारियों को कोसते है पर वही अपना काम जल्दी कराने के लिये हम खुद उसे बढ़ावा भी देते हैं।ड्राइविंग लाइसेंस जल्दी नहीं बन रहा, थोड़ा खिला देंगे।पासपोर्ट के लिये पुलिस वेरिफिकेशन में समय लगेगा चलो थोड़ा साहब को खर्चा पानी दे देंगे 7हेलमेट नहीं पहना है , गाड़ी के कागज नहीं है , ट्रैफिक पुलिस वाले को 100-50 दे कर बच जायेंगे। सरकारी टेंडर हमें ही मिले इसके लिये सरकारी बाबू को थोड़ा मिठाई भिजवा देते है।और फिर जो पैसा उनकी खातिरदारी में खर्च होगा वो हम काम की गुणवत्ता कम करके खानापूर्ति कर लेंगे 7हमारा इस सब को ले कर Ȯcasual attitude (सब ठीक है ) ही इस सब का जिम्मेदार है, सिर्फ सरकारों को कोसने से कुछ नहीं होगा पहला बदलाव हमें खुद से शुरू करना होगा, अपनी सोच में परिवर्तन करके।

साथियों बात अगर हम मलाई वाले विभाग को समझने की करें तो, पुलिस विभाग इतना भ्रष्ट नहीं है, जितना एक दूसरा विभाग है। आज के घोटालों में इस विभाग का बड़ा हाथ होता है, साथ ही यह विभाग इसके संपर्क में आने वाले किसी भी शख्स को नहीं नहीं छोड़ना है। खनन विभाग सबसे भ्रष्ट विभाग हैं। यही एकमात्र विभाग है, जिसमें घोटाले का प्रश्न हमेशा उठता है, यही वह विभाग है जिसका चपरासी से आयुक्त तक नौकरशाह और विभाग का मंत्री जेल की हवा खा चुका है। इसी विभाग में होने वाले घोटाले की राशि अखबार में छपने पर आम आदमी किसी संख्या के पीछे के शून्य (ज़ीरो) कम से कम तीन बार गिनता है।खनन घोटाले के लिए कई नेता और मंत्री भी जेल की सलाखों के पीछे पहुंच गए वही कई पर आरोप लगे! इनमें गायत्री प्रजापति, बीएस येदियुरप्पा, जनार्दन रेड्डी और श्रीनिवास रेड्डी, रमेश पोखरियाल निशंक, जयललिता, सीबू सोरेन और दिगंबर कामत जैसे कई नाम शामिल हैं। इस विभाग के कई आईएएस भी घोटाले में लिप्त पाए जाने से जेल पहुंचे उनमे अशोक सिंघवी और चन्द्र कला प्रमुख हैं।बड़े अंको के घोटाले देने के लिए प्रसिद्ध है, 2012 कोयला का कोयला खदान आवंटन घोटाला 10.7 लाख करोड़ का घोटाला मामले में था, जो अब तक का सबसे बड़ा भारत में होने वाला घोटाला है खनन विभाग के कर्मचारी खदान आवंटन की प्रक्रिया से खनन और विक्रय रॉयल्टी तक में भ्रष्टाचार के नये तरीके निकाल लेते हैं! खनन विभाग के कार्य बालू मिट्टी से सोने का खनन तक है! खनन विभाग ही एकमात्र विभाग है जो मिट्टी के खनन में भ्रष्टाचार की जड़े जमाकर मिट्टी से पैसे बना लेता है।

अत: अगर हम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन कर इसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे कि...भ्रष्ट+अचार ञ्च भ्रष्टाचार-लोकनिर्माण, सरकारी टेंडर,गृह परिवहन मंत्रालयों को आखिर क्यों मलाई वाला विभाग कहा जाता है?विभागों की मलाई पर तकरार-भ्रष्टाचार पर कैसे होगा वार ?भ्रष्टाचार केवल सरकारी योजनाओं ऑफीसरों बाबुओं द्वारा रिश्वत लेना ही नहीं,बल्कि स्वार्थ सिद्धि द्वारा किया गया हर गलत आचरण ही भ्रष्टाचार है।

**शिव शंकर सिंह पारिजात**

## युद्ध को ईरान और इजराइल को नुकसान के लिए अमेरिका जिम्मेवार

यूरेनियम का 400 किलोग्राम भंडार - जो 10 परमाणु हथियार बनाने के लिए पर्याप्त है, संयुक्त राज्य अमेरिका के उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने अमेरिकी प्रसारक एबीसी न्यूज को बताया - पिछले सप्ताह वाशिंगटन द्वारा तीन ईरानी परमाणु सुविधाओं पर छह बंकर बस्टर गिराए जाने के बाद लापता हो गया है। गायब यूरेनियम - जिसे ईरान के लिए एक शक्तिशाली सौदेबाजी चिप के रूप में देखा जाता है, जब भी वह अमेरिका के साथ नए परमाणु समझौते पर बातचीत फिर से शुरू करने का विकल्प चुनता है - 60 प्रतिशत तक समृद्ध है। परमाणु हथियार के रूप में उपयोग किए जाने के लिए इसे लगभग 90 प्रतिशत तक समृद्ध किया जाना चाहिएऐसी रिपोर्टें हैं कि ईरान ने हमले से कुछ दिन पहले ही भंडार के साथ-साथ कुछ उपकरणों को गुप्त स्थान पर ले जाया होगा, यह दावा इईरान अगर परमाणु हथियार हासिल कर लेता है, तो यह मध्य पूर्व और आस-पास के क्षेत्रों के लिए व्यापक रूप से अस्थिरकारी होगा। पहली चिंता यह है कि ईरान के पास परमाणु हथियार होने से इजरायल के लिए एक बड़ा, शायद अस्तित्वगत खतरा पैदा हो जाएगा - एक ऐसी चिंता जिसने इजरायल को जून 2025 में ईरान के परमाणु और सैन्य प्रतिष्ठानों पर बड़े पैमाने पर हमला करने के लिए प्रेरित किया। अन्य विदेश नीति विशेषज्ञों का कहना है कि अगर ईरान इजरायल पर परमाणु हमला करता है, तो वह अपनी खुद की मौत सुनिश्चित कर लेगा, जो अमेरिका का करीबी रक्षा साझेदार है और जिसके पास खुद के परमाणु हथियार हैं, जो अघोषित हैं। विश्लेषकों का कहना है कि किसी भी तरह से, गलत अनुमान लगाने की खतरनाक संभावना होगी, जिसके परिणामस्वरूप परमाणु आदान-प्रदान हो सकता है। एक अतिरिक्त चिंता यह है कि ईरान के पास परमाणु हथियार होने से सऊदी अरब सहित अन्य क्षेत्रीय प्रतिद्वंद्वी अपने स्वयं के कार्यक्रम को आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित हो सकते हैं।अमेरिका के हमले से पहले की सैटेलाइट तस्वीरों में फोर्डो परमाणु संयंत्र के बाहर 16 ट्रकों की कतार दिखाई दी, जो एक पहाड़ के अंदर बना है और इसे ज़्यादातर मिसाइल हमलों के लिए अभेद्य माना जाता है, जिसके कारण इजरायल ने अमेरिका से रविवार की सुबह अपने बी-2 स्पिरिट बमवर्षक और जीबीयू-37 बंकर बस्टर बम तैनात करने के लिए कहा।जरायली अधिकारियों ने न्यूयॉर्क टाइम्स से दोहराया है।

बम फोर्डो, नतांज़ और इस्फ़हान परमाणु सुविधाओं पर गिराए गए।हमले के बाद की तस्वीरों में तीनों को काफ़ी नुकसान हुआ, लेकिन ट्रक गायब थे।अमेरिका के बंकर बस्टर हमले से पहले और बाद में ईरान की फोर्डो परमाणु सुविधा की तस्वीरें से पता चलता है कि नुकसान हुआ है। लेकिन यह स्पष्ट नहीं है कि क्या ले जाया गया और इसे कहाँ ले जाया गया, हालाँकि अमेरिका और इज़राइल का दृढ़ विश्वास है कि इसे प्राचीन राजधानी इस्फ़हान के पास एक अन्य भूमिगत भंडारण सुविधा में ले जाया गया था।अंतर्राष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी, एक वैश्विक परमाणु निगरानी संस्था - के प्रमुख राफेल ग्रॉसी के अनुसार, ईरान पर इज़राइल के पहले हमले से एक सप्ताह पहले इसका अंतिम निरीक्षण किया गया था। पिछले सप्ताह ग्रॉसी ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद से कहा कि यह आवश्यक है कि ह्र्ड्ढ जल्द से जल्द निरीक्षण फिर से शुरू करे।दुनिया को यह भी चेतावनी दी कि निरंतर सैन्य वृद्धि हेतु रक्षा बजट ब?ाने ?ा कहा क्योंकि इससे अपरिहार्य कार्य में देरी करती है और ईरान को परमाणु हथियार हासिल करने से रोकने के लिए राजनयिक समाधान की संभावनाओं को कम करती है।क्या ईरान के पास वास्तव में परमाणु हथियार हैं, या हथियार-ग्रेड परमाणु सामग्री है ये अब क्यों आ रहा ईरान ने लंबे समय से जोर देकर कहा है कि उसका परमाणु कार्यक्रम शांतिपूर्ण उद्देश्यों के लिए है।लेकिन दावा है कि वह परमाणु हथियार बना रहा है, यह इज़राइल द्वारा अपने हमले से पहले लहराया गया लाल झंडा था। तेल अवीव ने यहां तक कहा कि तेहरान परमाणु हथियार बनाने की प्रक्रिया में वापस लौटने के बिंदु पर पहुंच रहा था। इजरायल के हमलों के बाद ईरान ने परमाणु अप्रसार संधि से हटने की धमकी दी, जो परमाणु हथियारों के प्रसार को रोकने के लिए अंतरराष्ट्रीय प्रणाली का हिस्सा है। ईरान के उप विदेश मंत्री तख्त रवांची ने इस दावे को खारिज कर दिया कि कार्यक्रम को छोड़ दिया जाएगा। कोई भी हमें यह नहीं बता सकता कि हमें क्या करना चाहिए...उस पहाड़ की उपग्रह छवि जिसके भीतर फोर्डो परमाणु संयंत्र बनाया गया है।हालाँकि, इस संबंध में अमेरिकी कथन थोड़ा भ्रमित करने वाला रहा है।पिछले सप्ताह सिएंनएन की एक रिपोर्ट के अनुसार, इजरायल के मिसाइल हमलों के पहले दौर के बाद अमेरिकी खुफिया ने सुझाव दिया कि ईरान परमाणु हथियार बनाने की कोशिश नहीं कर रहा है, और इसे बनाने में कम से कम तीन साल लगेंगे। इंटेल ने यह भी सुझाव दिया कि इजरायल के हमलों ने ईरान को केवल कुछ महीनों के लिए पीछे धकेल दिया है, मुख्यत: इसलिए क्योंकि अनुसंधान का बड़ा हिस्सा फोर्डो जैसे ठिकानों में गहराई से भूमिगत था, जिन्हें इजरायली मिसाइलें नुकसान नहीं पहुँचा सकतीं। हालाँकि, एक वरिष्ठ अधिकारी ने ष्टहृह्र को बताया कि तेहरान के पास सभी आवश्यक तत्व हैं। अमेरिका की राष्ट्रीय खुफिया निदेशक तुलसी गबार्ड द्वारा कांग्रेस को महीनों पहले बताई गई बात से पीछे हटने के बाद और अधिक भ्रम की स्थिति पैदा हो गई - कि ईरान परमाणु हथियार नहीं बना रहा है। लेकिन शनिवार को उन्होंने कहा कि ईरान उन्हें कुछ हफ़्तों के भीतर बना सकता है।यह बदलाव तब आया जब राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा कि उनकी पिछली जानकारी गलत थी।ट्रम्प ने पहले ईरान को एक नया परमाणु सुरक्षा समझौता करने के लिए दो सप्ताह की समय सीमा दी थी, लेकिन खुफिया जानकारी के बाद कार्रवाई की गई कि इजरायल अमेरिकी सहायता के बिना ईरानी सुविधाओं को प्रभावी ढंग से बेअसर नहीं कर सकता। हम इसमें शामिल नहीं हैं (लेकिन) यह संभव है कि हम... ट्रम्प ने रविवार सुबह, अमेरिकी हमले से कुछ घंटे पहले एबीसी से कहा, और ईरान और इजरायल से आग्रह किया कि वे अपने आप ही समझौता कर लें, इससे पहले कि बहुत देर हो जाए।ऑपरेशन मिडनाइट हैमर- कैसे अमेरिका ने बिना पता लगाए ईरानी परमाणु स्थलों पर बमबारी कीहमलों के बाद ट्रम्प ने घोषणा की कि ईरान के परमाणु कार्यक्रम को बंकर बस्टर और टॉमहॉक मिसाइलों की बौछार ने पूरी तरह से नष्ट कर दिया है। उन्होंने मिसौरी के एक एयर बेस से रेडियो साइलेंट और बिना रुके उड़ान भरने वाले सात बी-2 बमवर्षकों के नेतृत्व में 37 घंटे के सैन्य अभियान की सराहना की।लेकिन सबाल यहाँ यह है कि क्यों अमेरिका इस जंग में कुदा और इससे ईरान को नुकसान हुआ हीं बल्कि इजराइल को भी नुकसान हुआ जो उसके टेक्नोलॉजी पर एक सवाल खड़ा करता है दरअसल अमेरिका वहाँ अपना वर्चस्व बनाना चाहता है यदि ईरान के नुक्लियर प्रोग्राम को देंखे तो मात्र 3परसेंट का हीं बिजली उत्पादन करती है।

**-संजय गोस्वामी**

# इन्दौर बाजार भाव

**इन्दौर।** लेवाली कमजोर रहने से शनिवार को दलहनों में चना नरमी पर रहा। मूंग व मसूर में बाजार बने रहे। खाद्य तेलों में कारोबार ठंडा-ठंडा ही रहा। तिलहनों में सोयाबीन बना रहा। किराना जिंसों में हल्दी बाजार सुस्ती पर रहे। व्यापारिक सूत्रों के अनुसार दलहनों में चना पूछपरख कमजोर रहने से बाजार 50 रू. प्रति क्विंटल तक नरम पड़े। मूंग व मसूर में बाजार बने रहे। खाद्य तेलों में कारोबार ठंड़ा-ठंडा ही रहा। तिलहनों में सोयाबीन बना रहा। उधर, किराना जिंसों में हल्दी लेवाली के अभाव में नरमी पर रही। भाव इस प्रकार रहे -

**किराना**- शक्कर 4120-4170, खोपरा गोला 300-360, खोपरा बूरा 4400-6600 (15 कि.ग्रा.), जीरा राजस्थान 275-283, मीडियम 287-292, बेस्ट 300-310, ऊंझा हल्का 268-285, बेस्ट 295-310, हल्दी निजामाबाद 150-200, सांगली 250-255, साबूदाना हल्का 4500-4600, मीडियम 4650-4850, बेस्ट 5100-5500, ग्लास 6100, वरलक्ष्मी 5350, मोरधन 6900-7100, सौंफ मोटी 100-130, बेस्ट 185-285, एस्ट्रा बेस्ट 340-450, सौंफ बारिक 290-350, राई दाल 90-95, सरसो दाल 85-95, कालीमिर्च एटम 770-800, गरबल 740-750, मटरदाना 825-850, खसखस अनक्लीन 1150-1200, क्लीन 1350-1600, दालचीनी 250-265, जायफल 725-750, बेस्ट 780-790, वाद्यान फूल 440-495, शाहजीरा 385, तेजपान 90-95, पत्थर फूल 340-425, बेस्ट 475-500, जावत्री 1675-1750, बेस्ट 1850-1890, केसर 175-185, सौंठ 375-400, धोली मूसली 2175-2250, लौंग 765-775, बेस्ट 800-810, हींग (वनदेवी 751) 2600, पाउच 2650, 121 नं. दाना 2400, पाउच 2250, 111 नं. डिब्बी 2200, पाउच 2250, सिंघाडा 160-185, सिंदूर 6600, देशी कपूर 750-775, पूजा बादाम 115-200, पूजा सुपारी 450-475, अरीठा 130-145, हरि इलायची शंकर 2700-2800, मीडियम 2900-3050, बोल्ड 3100-3400, एक्ट्रा बोल्ड 3500-3700, पानबार 2450, बड़ी इलायची 1550-1850, बेस्ट 1950-2050, तरबूज मगज 480-500, काजू (240) 900-950, काजू (210) 950-1000, काजू (320) 870-900, काजू एस. डब्ल्यू 800-810, जे.एच. 830-860, टुकड़ी 750-800, बादाम मगज 870-925, सिंगापुरी 795-815, अखरोट 450-650, जर्दालु 250-350, बेस्ट 450-600, किशमिश कंधारी 420-470, बेस्ट 550-650, इंडियन 140-150, बेस्ट 170-190, चारौली 1550-1650, बेस्ट 1700, मुनक्का 450-550, बेस्ट 650-900, अंजीर 750-1450, मखाना 1100-1625, खारक 115-135, मीडियम 140-180, बेस्ट 225-250, एक्ट्रा बेस्ट 300-310, पिस्ता 1300-1450, कंधारी 1750-1900, गेहूँ आटा 1820, मैदा कट्टा 1850, रवा कट्टा 1880, बेसन 4675 (50 कि.ग्रा.), नारियल (120) 3100-3200, (160) 3750-3800, (200) 4300-4350, (250) 4500-4800

**तेल**- सींगदाना 1370-1390, मुम्बई 1400, राजकोट तेलिया 2190-2200, सोया साल्वेंट 1100-1110, सोया रिफाइंड 1160-1170, कपास्या 1210-1215, धूलिया 1220, कड़ी 1210,

**रात की धारणा**- गुजरात लुज 1350-1355, मुम्बई पाम 1190, मुम्बई सोया 1190-1195,

**खली**- कपस्या खली (60 कि.ग्रा.) इन्दौर 2300, देवास-उज्जैन 2300, खंडवा-बुरहानपुर 2275, अकोला 3175 (प्रति क्विंटल)

**तिलहन**- सरसो 6300-6500, रायडा 5800-6000, सोयाबीन 4300, टोली (महुआ बीज) 4300-4400, करंज 4400-4500, अलसी 6800-7000, अरंडी 4500-4700, तिल्ली पुरानी 6500-7000, तिल्ली नई 7200-7500,

**दलहन**- चना कांटेवाला बेस्ट 5900-5950, एवरेज 5200-5400, विशाल 5450-5550, काबूली डॉलर 8500-9000, काबुली रशियन 5600-5800, बिटकी 5300-5400, मसूर बेस्ट 6050-6100, एवरेज 5800-5900, मूंग देशी 7100-7200, पाला 7200-7300, चमकी 7200-7300, नायलोन 7300-7400, तुअर निमाड़ी बेस्ट 6600-6700, एवरेज 6500-6600, हल्की 6400-6500, तुअर महाराष्ट्र 6600-6700, महाराष्ट्र लाल 6600-6900, उड़द बेस्ट 7400-7500, एवरेज 7200-7300, शंकर 7000-7100, हल्की 6900-7000,

**दाल**- चना दाल एवरेज 7300-7500, बोल्ड 7700-8100, तुअर दाल सवा नं. 7300-7400, तुअर दाल फूल 9000-9100, तुअर दाल बोल्ड 9900-10100, मसूर दाल एवरेज 7750-7850, बेस्ट 7950-8100, मूंग दाल 9500-9600, बोल्ड 9800-10000, मूंग मोगर 9300-9400, बोल्ड 9700-9800, उड़द दाल 8500-8600, बोल्ड 8700-8900, मोगर 9800-10000, बोल्ड 10100-10200,

**अनाज**- गेहूं मिल क्वालिटी 2625-2650, लोकवन 2800-2850, (147) 2600-2650, बेस्ट 2650-2800, मालवराज 2650-2675, पूर्णा 2750-2800, चन्द्रोसी 3000-3800, ज्वार देशी 2400-2550, मक्का पीली 2275-2300,

**चावल**- चावल हंसा सफेद 3000-3200, सेला 3600-3800, परमल 3500-3800, दुबराज 4500-5500, राजभोग 7000-7200, काली मुंछ 8500-8900, बासमती दुबार 9500-10000, मीनी दुबार 8000-8500, मोगरा 4500-6000, तिबार 10500-11500, बासमती (921) 12000-13000, बासमती सेला 7500-9500, पोहा 4800-5300,

**मावा**- इन्दौर 340, उज्जैन 280, रतलाम 270 रू. प्रति किलो।

# इन्दौर सराफा बाजार

**इन्दौर।** शनिवार को स्थानीय सराफा बाजार में व्यापार ठंडा-ठंडा ही रहा। दोनों ही कीमती धातुओं में बाजार नरमी के ही रहे। भाव इस प्रकार रहे-

चॉंदी (9999) 104500, चॉंदी (99) 104400, टंच 103600, सिक्का 1200, सोना 10 ग्राम 96500,

# सात दिन में 2,900 रुपए तक गिरा सोना, चांदी भी 1582 हुई सस्ती

**नई दिल्ली।** इस सप्ताह सोने और चांदी की कीमती में कमजोरी देखने को मिली। इंडिया बुलियन एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन के अनुसार सोने और चांदी दोनों की कीमतों में गिरावट दर्ज की गई है। 21 जून शनिवार को सोने की कीमत 98,691 प्रति 10 ग्राम थी, जो 28 जून को घटकर 95,784 प्रति 10 ग्राम पर आ गई यानी इस एक सप्ताह में सोने की कीमत में 2,907 की गिरावट दर्ज की गई। वहीं चांदी की कीमत में भी गिरावट आई है। 21 जून को यह 1,06,775 प्रति किलोग्राम थी, जो अब घटकर 1,05,193 रुपए प्रति किलोग्राम पर आ गई है। इस तरह चांदी 1,582 रुपए प्रति किलो सस्ती हुई है।

# आज का राशिफल



**मेष**- आज का दिन आपके लिए धैर्य व संयम से कामों को निपटाने के लिए रहेगा। आपको अपने खर्चों को लेकर भी योजना बनाकर चलना होगा। आप कोई भी काम थोड़ा समझदारी दिखाते हुए उठाएं। आपको किसी काम को पूरा करने में यदि समस्या आ रही थी, तो वह भी दूर होगी। संतान आपकी उम्मीदों पर खरी उतरेगी और आपको कोई काम को लेकर पुरस्कार आदि मिल सकता है। माता-पिता का स्नेह भरपूर मात्रा में मिलेगा। आपकी किसी पुरानी गलती से आपको सबक लेना होगा।

**वृषभ**- आज का दिन आपके लिए सकारात्मक रहने वाला है। आपकी इनकम बढ़ने से आपको खुशी होगी। यदि आप किसी समस्या को लेकर परेशान चल रहे थे, तो आपकी वह समस्या भी दूर हो सकती है। आपका कोई पुराना लेनदेन चुकता होगा और आप अपने घर के साथ-साथ कुछ चीजों की खरीदारी पर भी अच्छा खासा धन व्यय करेंगे। परिवार में आपसी कलह आपको टेंशन दे सकती है। आप बेवजह किसी बात को लेकर गुस्सा ना करें, नहीं तो आपकी समस्याएं बढ़ेंगी।

**मिथुन**- आज का दिन आपके लिए तनावग्रस्त रहने वाला है। कार्यक्षेत्र में आपके ऊपर काम का दवाब अधिक रहने से आप परेशान रहेंगे। आप किसी बात को लेकर लापरवाही बिल्कुल ना करें। आपके बॉस आपको अच्छे काम के लिए कोई पुरस्कार दे सकते हैं। रोजगार को लेकर आप यदि परेशान चल रहे थे, तो आपकी वह समस्या भी दूर होगी। आपको जीवनसाथी के भावनाओं का सम्मान करना होगा।

**कर्क**- आज का दिन आपके लिए समस्याओं से भरा रहने वाला है। परिवार में किसी सदस्य के स्वास्थ्य में गिरावट आने से आपका मन परेशान रहेगा। आपको अपने खर्चों को लेकर योजना बनाकर चलना होगा, नहीं तो आपकी आर्थिक स्थिति डगमगा सकती है। आज आप किसी काम को लेकर यदि धन उधार लेने के लिए सोच रहे थे, तो वह भी आपको आसानी से मिल जाएगा।

**सिंह**- आज का दिन आपके लिए भागदौड़ भरा रहने वाला है। सामाजिक क्षेत्रों में कार्यरत लोगों की पद और प्रतिष्ठा बढ़ेगी। आप अपनी ऊर्जा को सही कामों में लगाएं, तो आपके लिए बेहतर रहने वाला है। आप किसी मनोरंजन के कार्यक्रम में सम्मिलित हो सकते हैं। संतान को आप किसी नए कोर्स में दाखिला दिला सकते हैं। आपको किसी पुरानी गलती से आपको सबक लेना होगा।

**कन्या**- आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। परिवार में माहौल खुशनुमा रहेगा। कार्यक्षेत्र में आपको कोई धोखा मिलने की संभावना है। आप अपने अटके हुए कामों को लेकर अधिकारियों से बातचीत कर सकते हैं। आप मनपसंद भोजन का आनंद लेंगे, लेकिन किसी शारीरिक समस्या को यदि आपने छोटा समझा, तो आने वाले समय में आपके लिए समस्या बन सकती है। किसी विपरीत परिस्थिति में भी आपको धैर्य बनाए रखना होगा।

**तुला**- आज का दिन आपके लिए सेहत पर पूरा ध्यान देने के लिए रहेगा। आपको अपनी मेहनत का पूरा फल मिलेगा। जीवनसाथी से संबंधों में यदि कटुता आ गई थी, तो वह भी दूर होगी। आप किसी दूसरे के मामले में बेवजह ना बोले। संतान पक्ष की ओर से आपको कोई खुशखबरी सुनने को मिल सकती है। विद्यार्थियों को पढ़ाई-लिखाई में मन मुताबिक परिणाम मिलेंगे। संतान पक्ष की ओर से आपको कोई खुशखबरी सुनने को मिल सकती है।

**वृश्चिक**- आज का दिन आपके लिए किसी नए काम की शुरुआत करने के लिए अच्छा रहेगा। आपको अपने मित्रों का पूरा साथ मिलेगा। आप किसी काम को दूसरे के भरोसे ना छोड़ें। पार्टनरशिप में कोई काम करने से आपको भारी नुकसान हो सकता है। आप अपनी वाणी पर संयम रखें, तभी आपको राजनीति में अच्छी सफलता हासिल होती दिख रही है। आपको आज लोगों की भावनाओं का सम्मान करना होगा।

**धनु**- आज का दिन आपके लिए प्रसन्नता दिलाने वाला रहेगा। आपको किसी नये पद की प्राप्ति होने से माहौल खुशनुमा रहेगा। आपकी किसी पुराने मित्र से लंबे समय बाद मुलाकात होगी। दांपत्य जीवन में खुशियां भरपूर रहेंगी। आपको सरकारी योजनाओं का पूरा लाभ मिलेगा। आपको कोई विरोधी परेशान करने की कोशिश कर सकता है। आपकी कोई मन की इच्छा पूरी हो सकती है।

**मकर**- आज का दिन आपके लिए मिश्रित रूप से फलदायक रहने वाला है। आप किसी सरकारी योजना में धन लगा सकते हैं, जो आपके लिए अच्छा रहेगा, लेकिन विद्यार्थी पढ़ाई-लिखाई में ढील बिल्कुल ना दें, नहीं तो उनकी समस्याएं बढ़ सकती हैं। नौकरी की तलाश में लगे लोगों को किसी अच्छे अवसर के मिलने की संभावना है। आप पर अधिकारियों की कृपा बनी रहेगी। आप अपने काम के साथ-साथ सेहत पर भी पूरा ध्यान देंगे।

**कुंभ**- आज का दिन आपके लिए सूझबूझ दिखाकर कामों को करने के लिए रहेगा। यदि किसी काम को पूरा करने में आपको समस्या आ रही थी, तो आप अपने भाई-बहनों से मदद ले सकते हैं। आप अपनी जिम्मेदारियों पर खरे उतरेंगे। परिवार में आज किसी अतिथि का आगमन होने से आपका मन काफी खुश रहेगा। आपको अपनी आंखों से संबंधित किसी समस्या को नजरअंदाज करने से बचना होगा। विद्यार्थियों को उनकी मेहनत का पूरा फल मिलेगा।

**मीन**- आज का दिन आपके लिए भाग्य के दृष्टिकोण से अच्छा रहने वाला है। करियर में आपको अच्छी ऊंचाइयां मिलेंगी और आप जिस काम में हाथ डालेंगे, उसमें आपको सफलता मिलेगी। आप अपने कामों को समय से पूरा करने की कोशिश करें और इधर-उधर बैठकर खाली समय व्यतीत ना करें। जीवनसाथी को आप कुछ नए कपड़े और गहने आदि की खरीदारी कर सकते हैं।

## शब्दजाल - 7944

*शब्दजाल में दस पर्यटन स्थलों के नाम ढूंढिए. दिये गए नाम उपर से नीचे व तिरछे हो सकते हैं.*

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| कु | क | ल | ह | वा | म | ह | ल | सी | गे | ज |
| र | तु | ल | दे | र | ण | थ | म्भौ | र | ट | वा |
| त | स | ब | ल | र्म | छ | रा | रा | औ | वे | द |
| वि | ज | ज | मी | पु | र | रा | प | र | ऑ | ब |
| वे | गा | इं | ग | ना | लं | ज | जं | गी | फ | र्नि |
| का | क | व | डि | ह | र | पू | त | ता | इं | ग |
| नें | अ | स | त | या | प | त | र | ज | डि | ट्रे |
| द | ता | दा | ई | ह | गे | सा | मं | ड | या | ला |
| स्मा | बा | चे | न | ब्रा | जी | ट | त | ल | प | ल |
| र | पा | ला | ल | शो | ले | दु | र | झी | स्त्री | कि |
| क | रा | जी | व | ता | ज | म | ह | ल | म | ला |

ताजमहल, लालकिला, कुतुबमीनार, जंतर मंतर, इंडिया गेट, हवा महल, गेटवे ऑफ इंडिया, डलझील, विवेकानंद स्मारक, रणथम्भौर

### शब्दजाल - 7943 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| उ | जा | ला | ह | दा | प | उ | ड़ी | सा | झ | आ |
| ज | अ | ल | म | आ | मो | ल | ब्ब | तें | शा | अ |
| अं | इ | नु | दि | ल | दा | ज | ढा | र | ला | ब |
| ज | कु | उ | ल | बे | ला | लू | उ | त | रा | ना |
| स | ति | श | द | व | दा | ल | उ | ग | वी | ट |
| री | रं | ल | चु | बि | लि | र्त | क्ष | दा | प | च |
| जो | उ | ल | के | गा | ला | म | उ | कौ | र | ले |
| श | ता | जीं | स | त | क | व | क | ग | श | ता |
| म | व | मि | न | व | न | ज | सा | शा | जू | द |
| द | ला | ल | म | ह | उ | ठ | ना | स | प | ना |
| थो | औ | र | प्या | र | उ | ल | झ | न | र | क |

Jagrutidaur.com, Bangalore

## फिल्म वर्ग पहेली- 6888



**ऊपर से नीचे:-**

१. 'कितना प्यारा वादा' गीत वाली फिल्म-३
२. सुनीलदत्त, किशोर सायरा की फिल्म-४
३. 'सुंदरा सुंदरा' गात वाली फिल्म-३
४. फिल्म जिसमें शाहरूख ने गूँगे की भूमिका की थी-३
५. 'राहों में उड़ती जाए बिछड़े' गीत वाली फिल्म-२
८. 'जीवनमृत्यु' में धर्मेन्द्र के साथ नायिका ?-२
११. 'अबके बरस ये हाल है' गीत किस म्यूजिक एलबम का है?-२
१२. 'मिजाजे गिरामी दुआ है' गीत वाली फिल्म-२
१३. संजय कपूर, शिल्पा की 'टक टका टक' गीत वाली फिल्म-३
१५. 'बिन साजन झूला झूलूँ' गीत वाली फिल्म-३
१६. फिल्म 'शोला और शबनम' में गोविंदा की नायिका कौन थी?-२
१७. 'पालकी में होके सवार' गीत वाली फिल्म-५
२० 'आंखों में नींदें ना' गीत वाली फिल्म-३
२१. जीतेंद्र, नंदा की 'देखते ही तुझे मेरे दिलने कहा' गीत वाली फिल्म-४
२४. 'सजना साथ निभाना' गीत वाली फिल्म-२
२६. लक्की अली, गौरी की एक फिल्म-२
२८. 'एक बेचारा प्यार का मारा' गीत वाली फिल्म-३
३०. विनोद खन्ना, भानुप्रिया की फिल्म-२

**बायें से दायें:-**

१. अमिताभ, राखी, की 'एक रास्ता है' गीत वाली फिल्म-२,३
४. 'ये नैन डरे डरे' गीत वाली फिल्म-३
६. सनी देओल, रवीना की 'दिल ना किसी का जाये' गीत वाली फिल्म-३
७. 'मैं तुझसे मिलने आई मंदिर जाने के बहाने' गीत वाली की फिल्म-२
९. संजयदत्त, पूजा की 'रहने को घर नहीं है' गीत वाली फिल्म-३
१०. 'कुछ लोग मुहब्बत करके' गीत वाली राज बब्बर, डिम्पल की फिल्म-२
१२. अजय देवगन, ट्विंकल खन्ना की जोड़ी वाली पहली फिल्म-२
१४. 'डाकिया रोज गली पर' गीत वाली मिथुन, स्वाति, मानसी की फिल्म-२
१६. 'हम प्यार करने वाले' गीत वाली फिल्म-२
१७. 'थोड़ा है थोड़े की' गात वाली राकेश रोशन, बिंदिया की फिल्म-२,२
१८. 'मैंने कहा फूलों से' गीत वाली फिल्म-२
१९. 'जिंदगी के खेल में' गात वाली अनिल कपूर, माधुरी की फिल्म-२
२०. फिल्म 'डकैत' में मीनाक्षी के साथ नायक कौन था?-२
२२. फिल्म 'परिंदा' में 'अन्ना' के चरित्र की भूमिका किसने की थी?-२
२३. 'ई है बंबई नगरिया' गीत वाली फिल्म-२
२५. जीतेंद्र, जया की 'बीती ना बिताई रैना' गीत वाली फिल्म-४
२७. 'झोंपड़ी में चारपाई' गीत वाली जीतेंद्र, श्रीदेवी, जया की फिल्म-३
२९. 'कितना बेचैन होके' गीत वाली फिल्म-३
३१. संजीव, राखी की एक फिल्म-३
३२. 'तारे हैं बाराती' गीत वाली फिल्म-४

### फिल्म वर्ग पहेली - 6887

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| बा | ग | बा | न | | त्रि | | धू | म |
| रू | | द | | स्व | दे | श | | र्या |
| द | ला | ल | | | व | | दा | दा |
| | ड़ | | प्या | सा | | सी | मा | |
| दु | ला | रा | | ज | ख्मी | | द | म |
| श्म | | ज | मी | न | | ने | | म |
| नी | तू | | ना | | म | हा | न | ता |
| | | आ | | दो | स्त | | गी | |
| दि | ल | ज | ले | | | बे | ना | म |

Jagrutidaur.com, Bangalore

## दैनिक पंचांग

**29 जून 2025 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**




| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | मिथुन में | कर्क | 06.37 बजे से |
| चंद्र | कर्क में | सिंह | 08.53 बजे से |
| मंगल | सिंह में | कन्या | 11.05 बजे से |
| बुध | कर्क में | तुला | 13.15 बजे से |
| गुरु | मिथुन में | वृश्चिक | 15.30 ब.से |
| शुक्र | मेष में | धनु | 17.46 बजे से |
| शनि | मीन में | मकर | 19.51 बजे से |
| राहु | कुंभ में | कुंभ | 21.38 बजे से |
| केतु | सिंह में | मीन | 23.10 बजे से |
| राहुकाल 4.30 से 6.00 बजे तक | | मेष | 00.41 बजे से |
| | | वृष | 02.21 बजे से |
| | | मिथुन | 04.19 बजे से |

**रविवार** 2025 वर्ष का 180 वा दिन
**दिशाशूल** पश्चिम **ऋतु** वर्षा।
**विक्रम संवत्** 2082
**शक संवत्** 1947
**मास** आषाढ़ **पक्ष** शुक्ल
**तिथि** चतुर्थी 09.15 बजे को समाप्त।
**नक्षत्र** आश्लेषा 06.34 बजे को समाप्त।
**योग** वज्र 17.59 बजे को समाप्त।
**करण** विष्टि 09.15 बजे तदनन्तर बव 21.14 बजे को समाप्त।
**चन्द्रायु** 03.6 घण्टे
**रवि क्रान्ति** उत्तर 23° 13'
**सूर्य** उत्तरायन
**कलि अहर्गण** 1872390
**जूलियन दिन** 2460855.5
**कलियुग संवत्** 5125
**कल्पारंभ संवत्** 1972949123
**सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123
**वीरनिर्वाण संवत्** 2551
**हिजरी सन्** 1446
**महीना** मोहर्रम
**तारीख** 03

| दिन का चौघड़िया | | | | रात का चौघड़िया | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| उद्वेग | 05.56 से | 07.23 | बजे तक | शुभ | 05.36 से | 07.09 | बजे तक |
| चर | 07.23 से | 08.51 | बजे तक | अमृत | 07.09 से | 08.41 | बजे तक |
| लाभ | 08.51 से | 10.18 | बजे तक | चर | 08.41 से | 10.14 | बजे तक |
| अमृत | 10.18 से | 11.46 | बजे तक | रोग | 10.14 से | 11.46 | बजे तक |
| काल | 11.46 से | 01.14 | बजे तक | काल | 11.46 से | 01.19 | बजे तक |
| शुभ | 01.14 से | 02.41 | बजे तक | लाभ | 01.19 से | 02.51 | बजे तक |
| रोग | 02.41 से | 04.09 | बजे तक | उद्वेग | 02.51 से | 04.24 | बजे तक |
| उद्वेग | 04.09 से | 05.36 | बजे तक | शुभ | 04.24 से | 05.53 | बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अतः आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। Jagrutidaur.com, Bangalore

## प्रसंगतः पेड़ की पीड़ा

नामू नाम का बालक लकड़ियां काटने में व्यस्त था। थोड़ी दूर पर उसकी मां भी लकड़ियां काटने में जुटी थी। कुछ ही देर में मां की नजर नामू पर पड़ी तो वह चिल्ला उठी। उसने देखा कि उसके बेटे के पैर से खून की धारा बह रही है। उसने घबराकर पूछा, 'बेटा, यह क्या हो गया? तुम्हें यह चोट कहां लगी?' खून की परवाह न करते हुए बेटा मासूमियत से बोला, 'मां,मैंने अपनी कुल्हाड़ी से स्वयं अपने पैर पर वार किया है।' यह सुनकर मां दंग रह गई। उसने नामू की धोती उठाई तो देखा कि उसके पैर की पूरी चमड़ी छिली हुई थी।' मां गुस्से से बोली, 'भला कोई अपने पैर पर भी घाव करता है ? क्या तुम्हें इससे पीड़ा नहीं हो रही ? अरे, यदि यह घाव पक गया तो तुम्हारा पैर काटने की भी नौबत आ सकती है।' बालक पीड़ा में तड़पते हुए बोला, 'मां, मैं यह जानने की कोशिश कर रहा था कि जब हम पेड़ पर कुल्हाड़ी से वार करते हैं तो वह पीड़ा से कितना तड़पता है ? लेकिन मैं पेड़ की पीड़ा का अंदाजा नहीं लगा पा रहा था। इसकी पीड़ा का अंदाजा लगाने के लिए ही मैंने अपने पैर पर कुल्हाड़ी से वार किया।' यह सुनते ही मां रो पड़ी। उसने उसे सीने से लगाते हुए हुआ, 'बेटा, तू जरूर आसाधारण कार्य करेगा। जिसके हृदय में एक पेड़ के लिए इतनी पीड़ा है वह साधारण कैसे हो सकता है।' नामू की मां के ये शब्द सच निकले। यह बालक आगे चलकर संत नामदेव के नाम से प्रसिद्ध हुआ।

## सूडोकु नवताल- 7197

★★★ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 6 | | 3 | | 8 | 9 | | 7 |
| | 1 | | 9 | | 6 | | 5 | 4 |
| | | | | | | 8 | | |
| | 4 | | 5 | | | | 8 | |
| 2 | | 5 | | 4 | | 6 | | 1 |
| | 3 | | | | 1 | | 7 | |
| | | 3 | | | | | | |
| 5 | 9 | | 7 | | 2 | | 6 | |
| 7 | | 6 | 4 | | 3 | | 9 | 2 |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल -7196 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 7 | 2 | 3 | 8 | 4 | 1 | 9 | 6 |
| 8 | 6 | 1 | 9 | 2 | 5 | 7 | 3 | 4 |
| 3 | 9 | 4 | 1 | 6 | 7 | 5 | 8 | 2 |
| 2 | 5 | 7 | 4 | 1 | 3 | 8 | 6 | 9 |
| 4 | 8 | 6 | 5 | 9 | 2 | 3 | 7 | 1 |
| 1 | 3 | 9 | 6 | 7 | 8 | 4 | 2 | 5 |
| 6 | 2 | 3 | 7 | 4 | 1 | 9 | 5 | 8 |
| 9 | 4 | 5 | 8 | 3 | 6 | 2 | 1 | 7 |
| 7 | 1 | 8 | 2 | 5 | 9 | 6 | 4 | 3 |

## शब्द पहेली - 8412



**बाएँ से दाएँ**

1. सरस्वती-3
3. किनारा, तट-3
5. मूल्य, कीमत-2
6. उस समय-2
8. प्रबंध, व्यवस्था-4
10. नमक-3
11. अधीन, मातहत-3
12. संज्ञा, संबोधन-2
13. मार्ग, रास्ता-2
14. तीर्थ, धार्मिक यात्रा-3
16. धुन, आसक्ति-3
18. जमानत-4
20. रहस्य-2
22. पुत्र, तनय-2
23. मुलायम-3
24. गंवार, अनपढ़-3

**ऊपर से नीचे**

1. संध्या, सांझ-2
2. असुर, दैत्य-3
3. शोरबा, रसा-3
4. बुरी आदत-2
5. प्रवेश, एडमिट-3
7. वर यात्रा, दूल्हे का जुलूस-3
8. प्रियतम, साजन-4
9. अनाज-2
11. सनसनी, रोमांच-4
14. तृतीय-3
15. सच्चाई, सत्य-2
17. जिसकी नाक कटी हो, वादा फरामोश-3
18. मुंशी, दीवान-3
19. रवैया, तरीका-3
21. आम जनता-2
22. लता, लतिका-2

### शब्द पहेली -8411 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | ना | ह | र | | | आ | | सी |
| गों | | म | | फ | स | ल | | ल |
| क | म | ला | क | र | | म | ही | न |
| | | व | | क | म | | र | |
| ब | ना | र | स | | द | र | क | ना |
| | जु | | म | य | | ख | | |
| अ | क | ल | | ती | मा | र | दा | री |
| स | | क | र | म | | खा | | स |
| ली | | बा | | | ह | ब | न | |

Jagrutidaur.com, Bangalore

# बीते सप्ताह सेंसेक्स और निफ्टी में दो फीसदी बढ़ोतरी रही

मुंबई। बीते कारोबारी सप्ताह के दौरान शेयर बाजार के प्रमुख सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी में दो फीसदी की बढ़ोतरी दर्ज की गई। इजरायल और ईरान के बीच सीजफायर और भारत और अमेरिका के बीच जल्द ट्रेड होने की संभावना से बाजार में निवेशकों के सेंटीमेंट को मजबूती प्रदान की। बीते सप्ताह घरेलू शेयर बाजार के पांच कारोबारी दिनों में कारोबार इस प्रकार रहा- अमेरिका की ओर से ईरान के तीन प्रमुख परमाणु स्थलों पर बमबारी के बाद मध्य पूर्व में बढ़े तनाव के बीच सोमवार को शेयर बाजार के प्रमुख सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी में एक प्रतिशत से अधिक की गिरावट आई। 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 931.41 अंक गिरकर 81,476.76 पर खुला और दिन के कारोबार में 900 अंक से अधिक की गिरावट के बाद कुछ हद तक उबरकर 511.38 अंक की गिरावट के साथ 81,896.79 अंक पर बंद हुआ। वहीं 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 140.50 अंक गिरकर 24,971.90 अंक पर खुला और 287.55 अंक गिरकर 24,824.85 पर बंद हुआ। वहीं अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप के इजरायल-ईरान युद्ध विराम की घोषणा के बाद भारतीय शेयर बाजार मंगलवार को जोरदार तेजी के साथ खुले। सेंसेक्स 600 से ज्यादा अंक चढ़कर 82,534.61 पर खुला और 158.32 अंक उछलकर 82,055.11 अंक पर बंद हुआ। इसी तरह निफ्टी-50 भी मजबूत शुरुआत के साथ 25,179.90 पर खुला और 72.45 अंक बढ़कर 25,044.35 अंक पर बंद हुआ। वैश्विक बाजारों में तेजी के चलते बेंचमार्क सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी में बुधवार को शुरुआती कारोबार में तेजी दर्ज की गई। सेंसेक्स शुरुआती कारोबार में 426.79 अंक बढ़कर 82,481.90 पर खुला और 700.40 अंक उछलकर 82,755.51 अंक पर बंद हुआ। निफ्टी 123.25 अंक चढ़कर 25,167.60 पर खुला और 200.40 अंक बढ़कर 25,244.75 अंक पर बंद हुआ। घरेलू शेयर बाजार की गुरुवार को सपाट शुरुआत हुई। शुरुआती कारोबार में सेंसेक्स 163.27 अंक चढ़कर 82,918.78 पर खुला और 30 1,000.36 अंक चढ़कर 83,755.87 अंक पर बंद हुआ। जबकि निफ्टी 64.35 अंक चढ़कर 25,309.10 पर खुला और 304.25 अंक बढ़कर 25,549.0 अंक पर बंद हुआ। घरेलू शेयर बाजार में हफ्ते के आखिरी कारोबारी दिन यानी शुक्रवार को सेंसेक्स 229.22 अंक चढ़कर 83,985.09 पर खुला और सेंसेक्स 303.03 अंक उछलकर 84,058.90 अंक पर बंद हुआ। जबकि निफ्टी 73.5 अंक चढ़कर 25,622.50 पर खुला और 8.80 अंक बढ़कर 25,637.80 अंक पर बंद हुआ।




# सीएनजी और पीएनजी की घट सकती है कीमतें

नई दिल्ली। देशभर के सीएनजी और पीएनजी उपभोक्ताओं को अगले दो-तीन दिन में राहत भरा समाचार मिल सकता है। बताया गया है कि अब गैस की कीमतें आपकी लोकेशन या गैस सोर्स से दूरी पर निर्भर नहीं करेंगी। पेट्रोलियम और नैचुरल गैस रेगुलेटरी बोर्ड (पीएजीआरबी) ने नए यूनिफाइड टैरिफ फ्रेमवर्क को मंजूरी दे दी है, जिससे अब देश के अधिकतर हिस्सों में कंप्रेस्ड नेचुरल गैस (सीएनजी) और पाइप्ड नेचुरल गैस (पीएनजी) की कीमतें घट सकती हैं। यूनिफाइड टैरिफ सिस्टम यानी अब तक देश को तीन टैरिफ जोन में बांटकर उपभोक्ताओं से अलग-अलग दरों पर शुल्क लिया जाता था। जो उपभोक्ता गैस ट्रांसपोर्ट नेटवर्क से ज्यादा दूर रहते थे, उन्हें ज्यादा पैसे चुकाने पड़ते थे। लेकिन अब इस ढांचे को तीन से घटाकर दो जोन में बदलने की तैयारी है, जिससे दूर-दराज के इलाकों में रहने वालों को ज्यादा राहत मिलने की उम्मीद है। नई व्यवस्था में एक ही जोन के सभी उपभोक्ताओं को एक समान टैरिफ देना होगा, चाहे वो गैस स्टेशन के पास हों या दूर। इससे सीएनजी व पीएनजी की दरों में एकरूपता आएगी और ट्रांसपोर्ट दूरी पर आधारित महंगे शुल्क से मुक्ति मिलेगी। सूत्रों के मुताबिक, आने वाले 2-3 दिनों में इस प्रस्ताव को लेकर आधिकारिक घोषणा हो सकती है।




# सुकन्या सहित छोटी बचत योजनाओं की ब्याज दर में होगा बदलाव

नई दिल्ली। सार्वजनिक भविष्य निधि योजना, राष्ट्रीय बचत पत्र जैसी अन्य छोटी बचत योजनाओं की ब्याज दरों की समीक्षा 30 जून सोमवार को होने वाली है। नई दरें वित्त वर्ष 2025-26 की जुलाई-सितंबर तिमाही के लिए प्रभावी होंगी। इस साल अब तक सुकन्या समृद्धि योजना और वरिष्ठ नागरिक बचत योजना सहित डाकघर योजनाओं की ब्याज दरों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। संभावना जताई जा रही है कि पहली जुलाई 2025 से इसमें बदलाव हो सकता है। इस संभावना की वजह है भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा रेपो रेट में कटौती बताई जा रही है। आरबीआई ने सबसे पहले फरवरी में रेपो रेट में 25 आधार अंक की कटौती की। फिर अप्रैल में 25 आधार अंक की कटौती की गई और जून में 50 आधार अंक की कटौती हुई। अब तक रेपो दर में एक फीसदी की कटौती हो चुकी है। रेपो रेट में कटौती के जवाब में बैंकों ने सावधि जमा पर ब्याज दर में कमी कर दी है। कुछ बैंकों ने अपनी विशेष एफडी भी बंद कर दी हैं, जो एक निश्चित अवधि के लिए सामान्य बैंक एफडी की तुलना में अधिक ब्याज दर प्रदान करती थीं। वर्तमान में पीपीएफ योजना में निवेशकों को 7.10 फीसदी की दर से ब्याज मिलता है। अनुमान जताया जा रहा है कि कई दशकों में पहली बार पीपीएफ की ब्याज दर सात फीसदी से भी नीचे जा सकती है। अप्रैल-जून 2025 तिमाही की शुरुआत से 10 साल के सरकारी बॉन्ड पर औसत रिटर्न 6.30त्न रहा है। छोटी बचत योजनाओं के लिए गोपीनाथ कमेटी के फार्मूले में पीपीएफ की ब्याज दर पिछली तिमाही में औसत 10 साल के सरकारी बॉन्ड पर रिटर्न से 25 आधार अंक अधिक रखा गया है। अगर इस फॉर्मूले को अपनाया गया तो जुलाई-सितंबर तिमाही में पीपीएफ की ब्याज दर 6.55 फीसदी हो सकती है। इसका मतलब कि पीपीएफ की ब्याज दर पांच दशक में पहली बार सात फीसदी के नीचे जा सकती है।

# सर्रा घटना के पीड़ित परिवार से मिली पूर्व विधानसभा उपाध्यक्ष व पूर्व विधायक हिना कावरे

लांजी ( पद्मेश न्यूज )। लांजी थाना क्षेत्र अन्तर्गत ग्राम सर्रा में विगत 24 जुन को घटित एक हृदय विदारक गंभीर हादसे में एक ही परिवार के तीन लोगो की मृत्य हो गई थी जिसमें पति पत्नि और काका भाई शामिल है। घटना इतनी गंभीर थी की 11 केव्ही विद्युत लाईन की चपेट में आने से उक्त तीनों की घटना स्थल पर ही मृत्यू हो गये तथा वे जिंदा जल गये थे। इस घटना को जिस किसी ने भी देखा सुना वह स्तब्ध हो गया, पीडित परिवार के लिये हर किसी ने अपनी शोक संवेदना एवं चिंता जाहिर की क्योंकि घटना में मृत पति पत्नि की एक 4 वर्षीय मासूम बेटी अनाथ हो गई तथा दो मासूम बेटियॉ जिनमें एक ढाई साल की एवं एक 8 माह की बेटी के सर से पिता साया उठ गया। घटना की खबर लगते ही हर कोई पीडित परिवार से मिलने उनके निवास पंहुचा जहां पूर्व विधानसभा उपाध्यक्ष एवं पूर्व विधायक हिना कावरे परिवार जनों से मिलने पंहुची आपके साथ जनपद अध्यक्ष अर्चना खोंगल, देवेन्द्र खोंगल, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी बहेला अध्यक्ष ऋषि पटेल दशरिया, जपस दिनेश लाड़े, मनीष जुझार, धनेन्द्र कावरे सहित कांग्रेस जन पंहुचे थे जिन्होने परिजनों से मुलाकात कर शोक संवेदना व्यक्त की।



## परिजनो ने की शिकायत, पोस्टमार्टम के लिये मांगे गये 2-2 हजार रूपये

पूर्व विधायक हिना कावरे जब परिजनों से भेंट की तो उन्होने बताया कि जब पोस्टमार्टम के लिये शव को सिविल अस्पताल लांजी लाया गया एवं पीएम उपरांत हमसे 2-2 हजार रूपये लगभग 6 हजार रूपये की मांग स्वीपर के द्वारा की गई। हमारे पास पैसे नही थे फिर हमने 4 हजार रूपये उधार मांग कर स्वीपर को दिये। इस पर तुरंत ही हिना कावरे के द्वारा कलेक्टर मृणाल मीणा को अवगत कराया जहां उन्होने फोन पर कहा कि आप परिजनों के स्टेटमेंट बीएमओ लांजी के पास करवाये मै कार्यवाही करूंगा। इसी दौरान विद्युत विभाग के अधिकारी भी मृतक के परिजनों के निवास पर मौजूद थे, जहां हिना कावरे के द्वारा घटना के बारे में विस्तार से अधिकारियों से जानकारी ली गई तथा सहायता राशि के संबध में भी चर्चा की जहां उन्होने बताया कि जल्द ही एक सप्ताह के भीतर सहायता राशि प्रदान की जावेगी। वहीं आपने यह भी कहा कि हमारे द्वारा अनेको ऐसे विद्युत पोल और लाईन चिन्हित कर ली गई है जिसका दुरूस्ती करण किया जा रहा है तथा जो पोल खराब हो चुके है उन्हे बदला जा रहा है।

# प्रशासनिक अधिकारी कर्मचारी पंचायत अधिनियम की उड़ा रहे धज्जियॉ - टूमन घोरमारे

लांजी (पद्मेश न्यूज)। जनपद पंचायत लांजी के सभापति टूमन घोरमारे के द्वारा लांजी अनुभाग क्षेत्र के उन अधिकारी कर्मचारियों पर सवाल खड़े किये है जो कि जनपद पंचायत लांजी के सामान्य सभा की बैठको को महत्व नही दे रहे है। आपने आरोप लगाते हुये कहा है कि प्रशासनिक अधिकारी कर्मचारी पंचायत अधिनियम की धज्जियॉ उड़ा रहे है। जिसको कलेक्टर बालाघाट को संज्ञान में लेना चाहिये। जनपद पंचायत लांजी अंतर्गत 27 जून को जनपद के सभागार में सामान्य सभा की बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें आधे से अधिक विभागीय प्रमुख जनपद की सामान्य सभा की बैठक को महत्वहीन समझते हुए अनुपस्थित रहें। जिसके कारण जनपद सदस्यों में विभागीय एवं प्रशासनिक अधिकारियों के प्रति नाराज ?ी दिखाई दे रही हैं। जनपद पंचायत की सामान्य सभा की बैठक का मुख्य कार्य विभिन्न विकास योजनाओं पर चर्चा करना, उन्हें मंजूरी देना, और उनके कार्यान्वयन की निगरानी करना है। क्षेत्र के विकास से संबंधित अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर विचार-विमर्श किया जाता है। क्षेत्र के विकास के लिए जनप्रतिनिधियों द्वारा महत्वपूर्ण मुद्दों सहित विभागीय कार्यों की समीक्षा की जाती हैं। लेकिन इस बैठक में अधिकांश विभागीय प्रमुख ही नदारद रहते हैं या कुछ अपने प्रतिनिधियों को भेज देते हैं, जिनके जवाब से विभाग के विकास कार्यों की क्षेत्र में जमीनी स्तर पर स्पष्ट भूमिका नज़र नहीं आती। यदि ऐसा ही चलता रहा तो वह दिन दूर नहीं की जनपद पंचायत अंतर्गत सामान्य सभा की बैठक एक औपचारिकता मात्र रह जावेगी। जिससे क्षेत्र की जनता खुद को विकास के नाम पर जनप्रतिनिधियों एवं प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा ठगा हुआ महसूस करेगी।

## इनका कहना हैं

जनपद सभापति टूमनलाल घोरमारे द्वारा बताया गया कि लगभग 3 वर्ष पूर्ण होने को आ रहे हैं, लेकिन आज तक लगभग 23 विभागों के विभागीय प्रमुख कभी भी पूर्ण रूप से उपस्थित नहीं रहें। इन प्रशासनिक



अधिकारियों की जनप्रतिनिधियों व जनता के प्रति घोर लापरवाही निंदनीय हैं। जबकि विगत बैठक के लगभग 4 माह बाद अभी सामान्य सभा की बैठक संपन्न हुई इसमें भी आधे से कम विभागीय प्रमुख उपस्थित रहे। जो कि क्षेत्र की जनता के साथ अन्याय हैं। जिससे विभागीय कार्यों की समीक्षा व क्रियान्वयन नज़र नहीं आ रहा। प्रशासनिक अधिकारी पंचायत अधिनियम की धज्जियां उड़ा रहे एवं जनप्रतिनिधियों को ताक पर रखते हुए विकास कार्यों को लेकर जनता के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं। इस विषय को कलेक्टर बालाघाट से चर्चा की जावेगी एवं उनसे निवेदन किया जायेगा की उक्त विषय को गंभीरता से लेते जो कि अधिकारी कर्मचारी सामान्य सभा की बैठको में उपस्थित नही होते उन पर पंचायत अधिनियम के तहत नियमानुसार कार्यवाही की जावे।

# शासकीय महाविद्यालय में संविधान हत्या दिवस कार्यक्रम का आयोजन

लांजी (पद्मेश न्यूज)। शासकीय महाविद्यालय लांजी में 25 जून 2025 को उच्च शिक्षा, मध्यप्रदेश शासन के निर्देशानुसार संविधान हत्या दिवस कार्यक्रम




का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य प्रो. आर.आर. सोनवाने ने की। प्राचार्य श्री सोनवाने ने आपातकाल लागू होने के कारणों और संविधान हत्या दिवस मनाने के उद्देश्य पर प्रकाश डाला। राजनीति शास्त्र की प्रो. कु. अंजली सोनी ने इस अवसर पर विस्तृत रूप से विषय की जानकारी दी। रसायन शास्त्र के प्रो. गोलू परते ने भी छात्र-छात्राओं को इस दिन के महत्व के बारे में अपने विचारों से अवगत कराया।कार्यक्रम का मंच संचालन हिन्दी विभाग के डॉ. डालेश कुमार विजयवार ने किया। इस अवसर पर आर.आर. टिकेश्वर, साहेबलाल एड़े, नितेश मेश्राम, जसपाल सिंह सिद्धू, ज्ञानदेव कुशले, लक्ष्मण बोरकर, शुभम रामटेके, लखनलाल बाहे, वैभव मुरकुटे, राहुल पारधी, कैलाश इंझरावते, सुनिल तिड़के, श्रीमती खेलन बाई राउत, श्रीमती गीता शुक्ला, शेषराम घोरमारे सहित महाविद्यालय के समस्त अधिकारी, कर्मचारी और छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# देवलगांव में उप स्वास्थ्य केन्द्र बनकर हुआ तैयार

## कल सांसद के हस्ते होगा लोकार्पण

लांजी (पद्मेश न्यूज)। लांजी क्षेत्र में बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं हेतु ग्राम पंचायत स्तर पर उप स्वास्थ्य केन्द्रो का निर्माण किया जा रहा है ताकि ग्रामीणो को शिघ्रता से स्वास्थ्य लाभ मिल सके। ग्रामीणो को छोटी छोटी बिमारियों से लिये सिविल अस्पताल लांजी या जिला अस्पताल का रूख करना पड़ता था लेकिन अब ऐसा नही है अनेको पंचायत क्षेत्रो में उप स्वास्थ्य केन्द्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र स्थापित किये गये है। तथा इन केन्द्रो मे चिकित्सकों समेत नर्सिंग स्टाफ की भी नियुक्तिया कि जा चुकी है ता कि समय पर ग्रामीणों का स्वास्थ्य लाभ मिल सके। वहीं इन स्वास्थ्य केन्द्रो के लिये बेहतर सुविधा जनक भवन का भी निर्माण किया जा रहा है ताकि मरीज एवं स्वास्थ्य अमलो के लिये सुविधाजनक हो इसी कड़ी में कल 30 जून को ग्राम पंचायत देवलगांव अन्तर्गत उप स्वास्थ्य केन्द्र का लोकार्पण दोपहर 12 बजे




से किया जायेगा। उक्त कार्यक्रम में विशेष अतिथि बालाघाट सिवनी संसदीय क्षेत्र की सांसद श्रीमती भारती पारधी, विधायक राजकुमार कर्राहे, पूर्व विधायक रमेश भटेरे, जिला पंचायत सदस्य मीना सुधीर दशरिया, दुलीचंद राजनीरे, जनपद अध्यक्ष अर्चना खोंगल, उपाध्यक्ष अजय अवसरे , जपस महेन्द्र पटल, भाजपा मण्डल अध्यक्ष आलोक चौरसिया, योगेश कुर्राहे, ऋषि पठेल दशरिया सरपंच वारी, लता बिल्हारे सरपंच साडरा,सिविका पालेवार सरपंच, रोशनी छत्रपाल मचिया सरपंच,गीता श्याम कालबेले,सरपंच, नेहल गौतम सरपंच,शशिकला बिसेन सरपंच के आतिथ्य में उक्त लोकार्पण समारोह आयोजित होगा। उक्त कार्यक्रम में उपस्थिती की अपील श्रीमती पुष्पा कमलकिशोर ठाकरे सरपंच ग्राम पंचायत देवलगांव, उपसरपंच श्रीमती दमयंती सोनवाने, सचिव रमेश कुमार लिल्हारे, सहायक सतीश मेश्राम, समस्त पंच गण एवं ग्रामवासियों के द्वारा की गई है।

# भूमिस्वामी जमीन पर निर्मित मकान तोड़कर दबाव डालकर रास्ता हेतु किया जा रहा प्रताड़ित

किरनापुर(पद्मेश न्यूज)। क्षेत्र अंतर्गत ग्राम जानवा निवासी सियालाल रनगिरे, जियालाल रनगिरे,हिरालाल रनगिरे निवासी ने जानकारी मे बताया कि ग्राम के कुछ लोगों द्वारा रंजिश के चलते शामिल सरीख की भूमि स्वामी की जमीन जो भू अभिलेख के खसरा नंबर 38/15 पर अंकित है।जिसका रकबा 11 डिसमील का है जिस पर पीएम आवास के अंतर्गत मकान निर्माण हुआ है उक्त मकान का निर्माण भूमिस्वामी की भूमि पर हुआ है। चुकि इस खसरे की भूमि से लोगो के आने जाने हेतु उस भूमि के नक्शे एवं निस्तार पत्रक एवं भूमि संबंधी समस्त दस्तावेजो में कोई रास्ता मौजूद नही है। फिर भी कुछ किसानो के द्वारा अवैद्य रूप से रास्ता हेतु दबाव बनाया जा रहा है जो न्यायसंगत नही है। गावं के आस-पास शासकीय भूमि खेती से लगी है जहाँ से अन्य किसानो द्वारा कृषि कार्य हेतु आवागमन होता है



और किसानों की खेती के सामने शासकीय भूमि रिक्त है इसके बावजूद भूमिस्वामी को दबाव देकर मानसिक एवं आर्थिक रूप से परेशान किया जा रहा हैं और मकान गिराकर रास्ता हेतु मॉग की जा रही है और अपनी दुश्मनी हेतु कुछ किसानो के द्वारा समय-समय पर प्रताडित कर मेरे एवं हमारे परिवार के मानव अधिकारो का हनन किया जा रहा है। पीड़ित सियालाल रनगिरे, जियालाल रनगिरे,हिरालाल रनगिरे ने अनुविभागीय अधिकारी से निवेदन किया है कि हमारी इन समस्याओं का समय पर निराकरण किया जाये। वही समस्या का निराकरण समय पर नही होने पर हमारे द्वारा परिवार सहित सामूहिक रूप से अनशन करने बाध्य होना पड़ेगा।

# कर्मचारी भविष्य निधि संगठन क्षेत्रीय कार्यालय जबलपुर द्वारा निधि आपके निकट कार्यक्रम-2.0 का किया गया आयोजन

बालाघाट(पद्मेश न्यूज)। 27 जून को कर्मचारी भविष्य निधि संगठन क्षेत्रीय कार्यालय जबलपुर द्वारा निधि आपके निकट कार्यक्रम-2.0 का आयोजन किया गया । क्षेत्रीय भविष्य निधि आयुक्त परितोष कुमार ने इस कार्यक्रम में कर्मचारी, पेंशनरों व



नियोक्ताओं की समस्याओं को सुना और उनका समाधान किया तथा आवश्यक सुझाव भी प्रदान किये। कुछ समस्याओं के संबंध में बताया गया कि इनका निराकरण क्षेत्रीय कार्यालय जबलपुर से किया जाना है । इस दौरान जानकारी दी गई कि निधि आपके निकट कार्यक्रम-2.0 का आयोजन प्रत्येक माह की 27 तारीख को सभी जिलों में किया जाता है, जिसमें कर्मचारी भविष्य निधि से संबंधित समस्याओं और शंकाओं का समाधान किया जाता है। इस कार्यक्रम में कर्मचारी भविष्य निधि से संबंधित पेंशनर कर्मचारी एवं नियोक्ता शामिल होकर लाभ ले सकते हैं।

# ग्राम पटेल संघ की बैठक 30 को

लांजी (पद्मेश न्यूज)। ग्राम पटेल संघ लांजी द्वारा कल 30 जून 2025 दिन सोमवार को सुबह 11 बजे से गायत्री शक्तिपीठ लांजी के सभागार में एक अति आवश्यक बैठक का आयोजन किया गया है। इस बैठक में क्षेत्र के सभी ग्रामों के पटेलों से उपस्थित रहने की अपील की गई है।बैठक की अध्यक्षता ग्राम पटेल संघ के प्रदेश अध्यक्ष मोहनलाल शरणागत और बालाघाट जिले के जिला अध्यक्ष कृष्ण कुमार लिल्हारे करेंगे। इस दौरान पटेल संघ अपने अधिकारों की मांग को लेकर तहसीलदार लांजी एवं क्षेत्रीय विधायक लांजी को ज्ञापन सौंपा जाएगा। संघ का कहना है कि यह बैठक शासन-प्रशासन को यह संदेश देने के लिए महत्वपूर्ण है कि ग्राम पटेल संघ पूरी तरह सक्रिय और जागरूक है। ग्राम पटेल संघ लांजी ने सभी पटेलों से अनुरोध किया है कि वे निर्धारित समय पर बैठक में शामिल होकर अपनी एकजुटता प्रदर्शित करें।

# लक्की बोपचे बने राष्ट्रीय सयुक्त संगठन सचिव

नांदी(पद्मेश न्यूज)। बालाघाट जिले के कटंगी विधान सभा अंतर्गत ग्राम पंचायत परसवाड़ा घाट निवासी लक्की बोपचे को राष्टीय क्षत्रिय पवार महा सभा भारत के राष्टीय संगठन सचिव के पद पर नियुक्त किया गया है 22 जून को गोंदिया में राष्टीय क्षत्रिय पवार महासभा का एक बहुत बड़ा कार्यक्रम आयोजित हुआ इस महा सभा में लक्की बोपचे को राष्टीय सगठन सचिव बनाया गया लक्की बोपचे की इस नियुक्ति पर बालाघाट सिवनी जिले की सांसद श्रीमती भारती पारधी, पूर्व मंत्री गौरी शंकर बिसेन कटंगी खैरलांजी क्षेत्र के विधायक गौरव सिंह पारधी, महाराष्ट तिरोडा के विधायक विजय भाऊ रंहागडाले के अलावा बालाघाट जिले के पवार समाज के समस्त समाज के साथियों ने उन्हें बधाई दी और लक्की बोपचे के द्वारा पवार समाज के राष्टीय अध्यक्ष श्रीमान नंदलाल जी चौधरी व युवा कार्यकारिणी के राष्टीय अध्यक्ष धारा सिंह कटरे व समस्त पवार समाज आभार व्यक्त किया।



# जल गंगा सवर्धन अभियान का समापन पर आयोजित कार्यक्रम सम्पन्न

लामता(पद्मेश न्यूज)। ग्राम पंचायत लामता के जैन स्थानक भवन मे जल गंगा सवर्धन अभियान के तहत कार्यक्रम का आयोजन किया गया, इस कार्यक्रम मे सर्वप्रथम सरस्वती के छाया चित्र के समक्ष दीप प्रजवलित कर माल्यार्पण किया गया, तत्पश्चात लामता सरपंच द्वारा जिला पंचायत सदस्य का स्वागत पुष्पगुच्छ देकर किया गया। इसके बाद लामता क्षेत्र के 15 पंचायतो के सरपंच सचिव एवं ग्रामीण जनों को सरकार द्वारा चलाये गये जल गंगा सवर्धन अभियान के तहत जल का संग्रहण कैसे किया जाये, कैसे जल स्तर को बनाया रखा जाये, इस पर शासन के निर्देश पर जल गंगा जल सवर्धन अभियान के तहत खेत तालाब, मीनाक्षी तालाब, लघु तालाब, बावड़ी, एवं कूप निर्माण कराकर जल स्तर को बढ़ाने के लिए ग्राम पंचायतो के द्वारा निर्माण कार्य कराया गया, और ग्रामीण जनता को जल संरक्षण के बारे मे वक्ताओ ने विस्तार से बताया। जल गंगा सवर्धन अभियान का प्रारम्भ 30 मार्च 2025 से कर 28 जून को अभियान का समापन किया गया, समापन के अवसर मे 15 ग्राम पंचायतो के सरपंच सचिव एवं पंच को उपस्थित होना था, परन्तु कार्यक्रम मे लामता पंचायत के सरपंच सचिव उपस्थित रहे, शेष 14 ग्राम पंचायत के सरपंच एवं सचिव कार्यक्रम से नदारत रहे। पंचायत समन्वयक रामटेके ने बताया कि जल गंगा सवर्धन अभियान के समापन पर जनपद पंचायत बालाघाट के लामता क्षेत्र के 15 ग्रामपंचायतो के सरपंच सचिव एवं पंचो को उपस्थित होना था, परन्तु शासन के अन्य निर्देश होने के कारण समापन कार्यक्रम मे अनुपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत मे जिला पंचायत सदस्य स्मिता तेकाम, लामता सरपंच हुलामल कोचर, पंचायत समन्वयक रामटेके, लामता सचिव श्रीचंद पंचेश्वर, सहायक सचिव शरद जायसवाल, मौरिया सचिव चैनलाल वडिवा एवं लामता के पंच गण के समक्ष 11 पौधे का वृक्षारोपण किया गया।



लांजी में ''पद्मेश''
इंटरनेट (ब्राडबेंड) कनेक्शन के लिये संपर्क करें
Mo. 8319969927

# प्रदेशभर के सभी पेट्रोल पंपों का होगा वेरिफिकेशन

## सीएम के काफिले वाले वाहनों में डीजल के साथ पानी भरने का मामला, सभी जिलों से मांगी रिपोर्ट

भोपाल।रतलाम में मुख्यमंत्री के काफिले में शामिल होने वाले वाहनों की टंकियों में डीजल के साथ पानी भरने के बाद हुई किरकिरी को देखते हुए अब सरकार इस मामले में अलर्ट हो गई है। खाद्य, नागरिक और उपभोक्ता संरक्षण मंत्री ने प्रदेश के सभी जिलों में मौजूद पेट्रोल पंपों की जांच कर रिपोर्ट देने के लिए कहा है। कलेक्टरों से कहा है कि पेट्रोल पंपों में क्वालिटी वाले पेट्रोल-डीजल की उपलब्धता के साथ इंडियन ऑयल के नियमों के हिसाब में दी जाने वाली सभी सुविधाएं मौजूद रहनी चाहिए।

खाद्य मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने प्रदेश के सभी पेट्रोल पंपों की विस्तृत जांच कराने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने रतलाम में हुई घटना पर संज्ञान लेते हुए कहा है कि उपभोक्ताओं को हर हाल में गुणवत्तायुक्त पेट्रोल एवं डीजल उपलब्ध कराया जाए। राजपूत ने वरिष्ठ अधिकारियों को ऑयल कंपनियों के साथ बैठक कर जरूरी कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

### एसीएस ने ली अधिकारियों की बैठक

अपर मुख्य सचिव खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण रश्मि अरुण शमी ने इस घटना के बाद 27 जून को ही इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड, भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड एवं हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन लिमिटेड के अधिकारियों की बैठक ली। उन्होंने घटना के संबंध में जांच रिपोर्ट देने के निर्देश बीपीसीएल को दिए। वर्तमान में वर्षा के मौसम को



देखते हुए ऑयल कंपनियों को प्रदेश के समस्त पेट्रोल पंपों का निर्धारित चेकलिस्ट अनुसार निरीक्षण करने के निर्देश दिए गए। एसीएस रश्मि शमी ने कहा कि निरीक्षण में यह आवश्यक रूप से देखा जाएगा कि पेट्रोल पंपों के भूमिगत टैंकों में पानी का रिसाव तो नहीं हो रहा है। ऐसा पाया जाता है तो पानी के रिसाव को रोकने संबंधी एवं उपभोक्ताओं को सही गुणवत्ता का डीजल और पेट्रोल प्रदाय करने की कार्यवाही करें। किसी भी स्थिति में किसी भी उपभोक्ता को पानी मिश्रित अथवा खराब गुणवत्ता का पेट्रोलियम उत्पाद प्रदाय नहीं किया जाए। जांच में पम्प के नोजल से सही और पूरा डीजल एवं पेट्रोल दिए जाने का रिपोर्ट दी जानी है। हर पेट्रोल पंप की जांच की जाएगी। जिसमें रोज सुबह किए जाने वाला निरीक्षण एवं समय-समय पर किए जाने वाले नियमित निरीक्षणों की जांच रिपोर्ट ऑनलाइन दर्ज की जाए। इस संबंध में जरूरी साफ्टवेयर का निर्माण भी किया जाएगा। पेट्रोल पंपों पर आवश्यक नागरिक सुविधाओं जैसे निःशुल्क हवा, पेय जल मिलना चाहिए। महिला एवं पुरुष के लिए अलग-अलग शौचालय की व्यवस्था हो और शौचालयों की रोज साफ-सफाई होनी चाहिए।

### कंपनियों ने दिया आश्वासन- कोई समस्या नहीं आएगी

एसीएस शमी ने सभी कलेक्टर्स को निर्देश दिए हैं कि वे अपने क्षेत्र में आने वाले सभी पेट्रोल पंप की खाद्य, राजस्व, नापतौल एवं ऑयल कंपनी के अधिकारियों का दल बनाकर जांच कराएं। एसीएस के साथ बैठक के दौरान सभी आयल कंपनी के प्रतिनिधियों ने आश्वासन दिया है कि भविष्य में उनकी तरफ़ से कोई समस्या नहीं आएगी और पेट्रोल पंपों की संघन जांच की जाएगी।

# कोर्ट की टिप्पणी के बाद भी ओबीसी से षडयंत्र कर रही सरकार

## - कांग्रेस ने उठाया ओबीसी के 27 प्रतिशत आरक्षण का मामला, प्रदेश प्रभारी बोले

भोपाल। ओबीसी आरक्षण पर सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणी के बाद कांग्रेस इस मामले में हमलावर हुई है। पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ के बाद अब प्रदेश कांग्रेस प्रभारी हरीश चौधरी ने कहा है कि जब सुप्रीम कोर्ट कह चुका है कि 28 प्रतिशत आरक्षण लागू करने को लेकर कोई रोक नहीं है तो एमपी सरकार जानबूझकर पिछड़ों को कुचलने का काम कर रही है। एमपी में ओबीसी के लिए 27 प्रतिशत आरक्षण लागू नहीं किया जा रहा है।

प्रदेश कांग्रेस प्रभारी चौधरी ने एक्स पर वीडियो अपलोड कर कहा है कि सुप्रीम कोर्ट ने 28 जनवरी 2025 को 27 प्रतिशत आरक्षण लागू करने का फैसला किया और इसके खिलाफ दायर की गई जनहित याचिका को खारिज कर दिया। उसके बाद भी मध्य प्रदेश सरकार ने 27 प्रतिशत आरक्षण लागू नहीं किया। चौधरी ने कहा कि 25 जून को सुप्रीम कोर्ट ने फिर से कहा कि 27 प्रतिशत आरक्षण में कोई दिक्कत नहीं है तो इसे लागू क्यों नहीं किया जा रहा है? इस टिप्पणी के बाद भी राज्य सरकार ने कोई कदम नहीं उठाया है।

### पिछड़े वर्ग को अधिकार से वंचित कर रही सरकार

उन्होंने कहा कि मध्य प्रदेश में कई प्रयास के बावजूद विभागों में रोस्टर नहीं हैं। रोस्टर नहीं बनने के कारण कई खामियां सामने आती हैं और आरक्षित सीटें नहीं दिखाई जातीं। इसका नुकसान पिछड़ा वर्ग के युवाओं को हो रहा है। कांग्रेस पार्टी इस लड़ाई को लड़ेगी और भाजपा सरकार पर दबाव डालेगी।

# मप्र सरकार देगी सम्राट विक्रमादित्य अंतरराष्ट्रीय सम्मान

भोपाल। भारतीय सांस्कृतिक विरासत को वैश्विक मंच पर नई ऊंचाइयों तक ले जाने को मध्य प्रदेश सरकार ने एक ऐतिहासिक पहल की है। मुख्यमंत्री डा. मोहन यादव ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से स्वीकृति लेकर यह तय किया है कि उज्जैन के यशस्वी सम्राट विक्रमादित्य के नाम पर अब हर वर्ष 'सम्राट विक्रमादित्य अंतरराष्टीय सम्मान' प्रदान किया जाएगा। यह भारत का पहला ऐसा अंतरराष्टीय स्तर का पुरस्कार होगा जो संस्कृति, न्याय, विज्ञान और जनकल्याण जैसे सार्वभौमिक मूल्यों पर सम्राट विक्रमादित्य की छवि वाले विश्व के श्रेष्ठतम व्यक्तित्व को दिया जाएगा। राज्य सरकार और भारत सरकार के सहयोग से प्रारंभ हो रहे इस पुरस्कार की राशि एक करोड़ रुपये से अधिक होगी। यह सम्मान हर वर्ष उन विशिष्ट वैश्विक व्यक्तित्वों को मिलेगा जिन्होंने अपने जीवन और कार्यों से सम्राट विक्रमादित्य के उच्च आदर्शों-सुशासन, दानशीलता, प्रज्ञा, न्यायप्रियता, विज्ञानबोध, संस्कृति-प्रेम और लोककल्याण का उदाहरण प्रस्तुत किया हो।

### इसके पहले 21 लाख थी पुरस्कार राशि

इसके पहले प्रदेश सरकार 21 लाख रुपये का सम्राट विक्रमादित्य राष्टीय सम्मान और पांच-पांच लाख रुपये के तीन प्रादेशिक शिखर सम्मान कर घोषणा कर चुकी है। इन सम्मानों की शुरुआत इसी वर्ष विक्रमोत्सव के दौरान की जानी थी, किंतु पात्र व्यक्तियों का चयन समय पर न हो पाने के कारण यह प्रक्रिया स्थगित रही। अब अंतरराष्टीय सम्मान की घोषणा के साथ ही यह योजना नई दिशा में प्रवेश कर रही है यानी समारोह भी अब भव्य होगा। अब यह स्पष्ट है कि मध्य प्रदेश केवल भौगोलिक या प्रशासनिक नेतृत्व नहीं, बल्कि सांस्कृतिक नेतृत्व की भूमिका में भी आगे बढ़ रहा है।

# इटावा घटना पर मनुस्मृति जलाकर विरोध करेगा दलित पिछड़ा समाज संगठन

## संगठन अध्यक्ष बोले- कांग्रेस में आरएसएस मानसिकता वाले लोग

भोपाल । भोपाल में शनिवार को दलित पिछड़ा समाज संगठन की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में संगठन के राष्टीय अध्यक्ष दामोदर सिंह यादव ने ऐलान किया कि अगर इटावा की जातीय हिंसा की घटना पर सख्त कार्रवाई नहीं हुई, तो 3 जुलाई को देशभर में मनुस्मृति की प्रतियां जलाकर विरोध प्रदर्शन किया जाएगा। उत्तर प्रदेश के इटावा जिले में 22 जून को कथावाचक के यादव समुदाय से होने के कारण उसके साथ मारपीट, सिर मुंडवाने और अपमानजनक व्यवहार की घटना सामने आई थी। इस घटना को लेकर दलित पिछड़ा समाज संगठन ने सख्त विरोध जताया है और इसे जातीय हिंसा की निंदनीय मिसाल बताया है। दामोदर यादव ने कहा कि मनुस्मृति के आधार पर आज भी जातीय भेदभाव और हिंसा को बढ़ावा मिल रहा है। ऐसी स्थिति में इसका प्रकाशन तत्काल बंद किया जाना चाहिए। यादव ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि पार्टी लगातार बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की विचारधारा को कमजोर करने का प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस में आरएसएस मानसिकता वाले लोग सक्रिय हो गए हैं और पार्टी नेतृत्व ऐसे लोगों पर कोई कार्रवाई नहीं कर रहा। उन्होंने यह भी दावा किया कि कांग्रेस के पांच नेताओं ने राष्टपति को पत्र लिखकर बाबा साहब से संविधान निर्माता का दर्जा हटाने की मांग की थी, लेकिन पार्टी ने उन नेताओं को बाहर नहीं निकाला। दामोदर यादव ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर भी निशाना साधते हुए कहा कि राहुल गांधी आरक्षण की बात तो करते हैं, लेकिन 2011 की जातिगत जनगणना के आंकड़े सार्वजनिक करने की बात नहीं उठाते। अगर सच में दलित-पिछड़ों की चिंता है तो मोदी सरकार से उन आंकड़ों को उजागर करने की मांग करें।

# मप्र की नौकरशाही में होंगे बड़े बदलाव

## 4 महीने में सीएस समेत कई अधिकारी होंगे रिटायर

भोपाल। मप्र की ब्यूरोक्रेसी में अगले 4 महीने में बड़ा बदलाव होने वाला है। जिसमें प्रदेश के मुख्य सचिव, माध्यमिक शिक्षा मंडल के सचिव, ग्रह विभाग के अपर मुख्य सचिव और लोक निर्माण विभाग के डिप्टी सेक्रेटरी समेत अन्य अधिकारी बदल जाएंगे। इनकी जगह नए अधिकारियों को जिम्मा दिया जाएगा। इनमें अपर मुख्य सचिव राजेश राजौरा समेत एक दर्जन आईएएस शामिल हैं।

बता दें कि मुख्य सचिव अनुराग जैन 1989 कैडर के आईएएस हैं। वो अगस्त महीने में रिटायर हो रहे हैं। उनके सेवानिवृत्त के बाद सीएस का पद रिक्त हो जाएगा। ऐसे में नए अफसरों को मुख्य सचिव के वेतनमान में प्रमोट होने का मौका मिलेगा। इसके साथ ही सागर के संभागायुक्त वीरेंद्र सिंह रावत जून और उज्जैन के संभागायुक्त संजय गुप्ता जुलाई में रिटायर हो रहे हैं। इनके बाद जुलाई में माध्यमिक शिक्षा मंडल के सचिव केडी त्रिपाठी और फिर अगस्त में सीएस अनुराग जैन का रिटायरमेंट है।

### अगले 4 महीने में ये होंगे रिटायर

अगले 4 महीने में जिन आईएएस अधिकारियों को रिटायर होना है उनमें संभागायुक्त सागर वीरेंद्र सिंह रावत जून में, अतिरिक्त मुख्य निर्वाचन अधिकारी राजेश कुमार कौल जुलाई में, उज्जैन संभागायुक्त संजय गुप्ता जुलाई में, सचिव माध्यमिक शिक्षा मंडल केडी त्रिपाठी जुलाई में, मुख्य सचिव अनुराग जैन अगस्त में, एसीएस ग्रह विभाग जेएन कंसोटिया अगस्त में, प्रतिनियुक्ति पर भावना वालिंबे



सितंबर में, डिप्टी सेक्रेटरी पीडब्लयूडी नियाज अहमद खान अक्टूबर में रिटायर होंगे।

### सीएस पर सस्पेंस

वर्तमान मुख्य सचिव अनुराग जैन के रिटायरमेंट होने के बाद प्रदेश का अगला सीएम कौन होगा। इसको लेकर अभी संशय बरकरार है। लेकिन सीनियरिटी के हिसाब से जेएन कंसोटिया हैं, लेकिन वो भी अगस्त में रिटायर हो रहे हैं। ऐसे में उनके सीएस बनने की उम्मीद कम ही है। एक और अधिकारी मोहम्मद सुलेमान भी काफी सीनियर थे, लेकिन वो पहले ही वीआरएस ले चुके हैं। अब इन वरिष्ठ अधिकारियों के रिटायरमेंट के बाद अपर मुख्य सचिव डॉ. राजेश राजौरा सबसे सीनियर आईएएस होंगे। ऐसे में मुख्य सचिव के पद पर इनकी दावेदारी अधिक मानी जा रही है।

### ये अधिकारी केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर

मप्र कैडर के 43 आईएएस वर्तमान में केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर हैं। इनमें अलका उपाध्याय, मनोज गोविल, पंकज अग्रवाल, अशीष श्रीवास्तव, वीएल कांताराव, नीलम शमी राव, दीप्ति गौड़ मुखर्जी, विवेक अग्रवाल, हरि रंजन राव, पल्लवी जैन गोविल, नितेश कुमार व्यास, फैज अहमद किदवई, कैरालीन खोंगवार देशमुख, आकाश त्रिपाठी, निकुंज श्रीवास्तव, पवन कुमार शर्मा, अजीत कुमार, ग्यानेश्वर बी। पाटिल, राहुल जैन, जीवी रश्मि, स्वाति मीणा नायक, शशांक मिश्रा, छवि भारद्वाज, जीपी आईरीन सिंथिया, विकास नरवाल, विशेष गढ़पाले, वी किरण गोपाल, नंद कुमारम, एस। विश्वनाथन, भावना वालिंबे, तरुण पिथोड़े, प्रियंका दास, तेजस्वी एस नायक, गणेश शंकर मिश्रा, शनमुग प्रिया मिश्रा, विजय कुमार जे।, अनुग्रह पी, विजय दत्ता, पंकज जैन, चंद्र मोहन ठाकुर, प्रवीण सिंह, बक्की कार्तिकेयन और हर्ष दीक्षित का नाम शामिल है। जबकि आईएएस मनीष सिंह स्टडी लीव पर हैं।

# मप्र भाजपा के नए अध्यक्ष का ऐलान दो जुलाई को

भोपाल। मप्र भाजपा को दो जुलाई को नया प्रदेश अध्यक्ष मिल जाएगा। चुनाव के लिए एक जुलाई को नाम निर्देशन पत्र दाखिल होंगे। अगले दिन भाजपा की वृहद कार्यसमिति की बैठक होगी, जिसमें नए अध्यक्ष के नाम का ऐलान किया जाएगा। संगठन ने मौजूदा प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा की जगह नए अध्यक्ष के चुनाव के लिए निर्वाचन कार्यक्रम तय कर लिया है। चुनाव की प्रक्रिया चुनाव प्रभारी और केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान की मौजूदगी में होगी। वे एक जुलाई को भोपाल पहुंचेंगे। मप्र में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष के दावेदारों में आदिवासी वर्ग के नेताओं में बैतूल सांसद और केंद्रीय राज्यमंत्री दुर्गादास उईके के नाम पर मंथन तेजी से शुरू हुआ है। वे बैतूल से दूसरी बार के सांसद और केंद्र सरकार में राज्यमंत्री हैं।

डीडी के नाम पर चर्चा इसलिए है कि मप्र में 22 फीसदी आदिवासी आबादी है। इनमें से 13 फीसदी आदिवासी गोंड समाज के हैं। दुर्गादास उईके संघ की विचारधारा से जुड़े रहे हैं। राजनीति में आने से पहले वे सरकारी शिक्षक थे। आदिवासी वर्ग में संघ की विचारधारा के निर्विवाद नेताओं में डीडी उईके का नाम आता है। एमपी में सत्ता और संगठन के साथ ही संघ भी उनके नाम पर सहमति दे सकता है। मप्र के पड़ोसी राज्य गुजरात में सीआर पाटिल भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष हैं। पाटिल केंद्र सरकार में जल शक्ति मंत्री भी हैं। ऐसे में एमपी में उईके को भी दोहरी जिम्मेदारी दी जा सकती है।

### प्रदेश अध्यक्ष के दावेदार

मप्र को भाजपा के संगठन की प्रयोगशाला माना जाता है। भाजपा यहां जो भी प्रयोग करती है, उसमें सफलता मिलती है। मप्र में 2028 में विधानसभा के चुनाव होंगे। वो भी नए परिसीमन और महिला आरक्षण के साथ। ऐसे में भाजपा महिला नेता को भी मप्र में कमान देने पर मंथन कर रही है। वहीं प्रदेश अध्यक्ष के जो दावेदार है उनमें ब्राह्मण वर्ग से डॉ. नरोत्तम मिश्रा, राजेन्द्र शुक्ल , रामेश्वर शर्मा का नाम चर्चा में है। वहीं वैश्य वर्ग से हेमंत खंडेलवाल, क्षत्रिय वर्ग से अरविंद भदौरिया, अनुसूचित जाति से लाल सिंह आर्य, हरिशंकर खटीक, अनुसूचित जनजाति से गजेन्द्र सिंह पटेल, दुर्गादास उईके, फग्गन सिंह कुलस्ते, सुमेर सिंह सोलंकी का नाम शामिल हैं।

### 19 राज्यों के चुनावों के बाद होगा राष्टीय अध्यक्ष का चुनाव

अब तक भाजपा के करीब 14 राज्यों में प्रदेश अध्यक्षों की घोषणा हो चुकी है। शुक्रवार 27 जून को भाजपा ने तीन राज्यों के चुनाव अधिकारियों के नामों का ऐलान किया है। भाजपा ने महाराष्ट में केंद्रीय मंत्री किरन रिरिजू, उत्तराखंड में केंद्रीय मंत्री हर्ष मल्होत्रा और पश्चिम बंगाल में रविशंकर प्रसाद को अपना प्रदेश चुनाव अधिकारी नियुक्त किया है। 19 राज्यों में प्रदेश अध्यक्षों का चुनाव होने के बाद राष्टीय अध्यक्ष का चुनाव होगा।

### एमपी समेत इन राज्यों में होना है चुनाव

मप्र के साथ उत्तरप्रदेश, गुजरात, पश्चिम बंगाल, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना और उत्तराखंड जैसे राज्यों में प्रदेश अध्यक्ष का चुनाव होना है। जबकि असम, सिक्किम, बिहार, अरुणाचल, चंडीगढ़, छत्तीसगढ़, गोवा, केरल, लक्ष्यद्वीप, मेघालय, नागालैंड, राजस्थान और जम्मू कश्मीर में प्रदेश अध्यक्ष के चुनाव की प्रक्रिया पूरी हो चुकी है और नए प्रदेश अध्यक्ष की घोषणा हो चुकी है।

# सिंहस्थ के कार्यों की पीएमआईएस से मॉनिटरिंग

## अब 20 हजार करोड़ के निर्माण कार्यों पर अधिकारी मोबाइल से रख रहे नजर

भोपाल। उज्जैन में 2028 में आयोजित होने वाले सिंहस्थ के लिए बड़े स्तर पर निर्माण कार्य चल रहे हैं। इन कार्यों की मॉनिटरिंग पीएमआईएस (प्रोजेक्ट मॉनिटरिंग इन्फॉर्मेशन सिस्टम) से शुरू की जा रही है। इससे अधिकारी अपने मोबाइल-लेपटॉप पर कहीं भी निर्माण कार्य की प्रगति और उनमें किसी भी लापरवाही को देख सकेंगे।

सिंहस्थ को लेकर उज्जैन और आसपास के क्षेत्रों में करीब 20 हजार करोड़ रुपए के कार्य चल रहे हैं। जिनकी पूरे समय मॉनिटरिंग की जा रही है। अधिकारी अब घर या दफ्तर में बैठे निर्माण कार्यों की प्रगति रिपोर्ट देख सकेंगे। इतना ही नहीं भोपाल बैठे अधिकारियों को भी अब उज्जैन के बार-बार चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे। वे 24 घंटे मोबाइल से भी कार्य की प्रगति देख पाएंगे।

### अधिकारी कर सकेंगे निगरानी

कलेक्टर रोशन कुमार सिंह ने मानिटरिंग कार्य आसान करने के लिए विशेष साफ्ट वेयर पी ए म आ इ ' ए स (प्रोजेक्ट मॉनिटरिंग इन्फॉर्मेशन सिस्टम) तैयार कराया है। सॉफ्टवेयर पर सिंहस्थ के सभी कार्य की प्रतिदिन जानकारी अपडेट की जा रही है। जिससे प्रगति रिपोर्ट, खर्च विवरण, विलंब के कारणों का पूर्वानुमान दिखता रहेगा। इसकी निगरानी राज्य एवं जिला स्तर के वरिष्ठ अधिकारी कर सकेंगे। साथ ही प्रतिदिन निर्माण स्थल से जियो टैग भी अनिवार्य किया गया है।

### जियो टैग करना होंगे फोटो

कलेक्टर रोशन सिंह ने बताया कि सिंहस्थ-2028 के लिए कई जगह निर्माण कार्य चल रहे हैं। प्रतिदिन हर स्थान पर जाकर कार्य की मॉनिटरिंग संभव नहीं है। इसी को देखते हुए प्रोजेक्ट मॉनिटरिंग इन्फॉर्मेशन सिस्टम को लागू करके मोबाइल-लेपटॉप से नजर रखी जा रही है। अब निर्माण कार्य की स्थिति क्या है, कितने लोग काम कर रहे हैं। इसका फोटो प्रतिदिन जियो टैग किया जा रहा है। साथ ही सॉफ्टवेयर से निर्माण कार्य में हो रहे खर्च का भी पता चलता रहेगा। सिंहस्थ में मोबाइल एप, ई-पास, वर्चुअल दर्शन, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आधारित सूचना सेवा, फेस रिकग्निशन मशीनें और ड्रोन से निगरानी जैसे अत्याधुनिक संसाधन का उपयोग होगा। भीड़ प्रबंधन से लेकर प्रचार-प्रसार और सुरक्षा तक में तकनीक की निर्णायक भूमिका होगी।

# एमएससी नर्सिंग परीक्षा में बैठने की मिली अनुमति

भोपाल। नर्सिंग घोटाले को उजागर करने वाले एनएसयूआई प्रदेश उपाध्यक्ष रवि परमार को हाईकोर्ट से बड़ी राहत मिली है। रवि परमार को एमएससी नर्सिंग परीक्षा 2025 में बैठने की अनुमति मिल गई है। परमार के अधिवक्ता अभिषेक पाण्डेय और नवीन वासवानी द्वारा दायर याचिका पर सुनवाई के बाद हाईकोर्ट ने यह फैसला सुनाया। रवि परमार ने पारदर्शिता से आवेदन फार्म भरा था। एमपीईएसबी ने एफआईआर के आधार पर फार्म निरस्त कर दिया था।

परमार के अनुसार, यह पहली बार नहीं है, जब मुझे परीक्षा से वंचित किया गया हो। एमएससी नर्सिंग चयन परीक्षा 2024 में भी मुझे रोका गया था, जिस पर मैं जबलपुर उच्च न्यायालय में याचिका दायर की थी। न्यायालय ने 16 अक्टूबर 2024 को परमार को फिजिकल फॉर्म के माध्यम से परीक्षा में बैठने की अनुमति दी थी। न्यायालय ने स्पष्ट किया था कि परमार एक छात्र नेता हैं और उन पर दर्ज एफआईआर नैतिक अधमता से संबंधित नहीं हैं, और केवल एफआईआर दर्ज होने मात्र से किसी विद्यार्थी का शैक्षणिक अधिकार नहीं छीना जा सकता।

# पूरे प्रदेश में लागू हो सकती है 'रेवा शक्ति' योजना

भोपाल। मप्र में बेटियों का वरदान बनाने के लिए प्रदेश सरकार कई योजनाएं चला रही है। इसी कड़ी में एक और योजना को प्रदेशभर में लागू करने पर विचार किया जा रहा है। वह योजना है 'रेवा शक्ति'। यह योजना कुछ जिलों में लागू की गई है। योजना के उद्देश्य को देखते हुए प्रदेश सरकार इसे प्रदेशभर में लागू करने की तैयारी कर रही है। गौरतलब है कि सबसे पहले हरदा में इस अभियान को शुरू किया गया था। हरदा जिले में बेटियों के प्रति सामाजिक जागरूकता और लिंगानुपात में सुधार लाने के लिए तत्कालीन कलेक्टर आदित्य प्रताप सिंह ने रेवा शक्ति अभियान की पहल की थी। यह अभियान बेटियों के जन्म, शिक्षा, और सम्मान को बढ़ावा देने के लिए कई अभिनव कदम उठाने पर केंद्रित है। इस अभियान की सफलता को देखते हुए कहा जा सकता है कि हरदा प्रदेश का पहला जिला है, जहां बेटियों के लिए इतने व्यापक और अभिनव कदम उठाए गए हैं।

अब बेटियों को बढ़ावा देने के लिए अशोकनगर कलेक्टर आदित्य प्रताप सिंह ने भी रेवा शक्ति योजना शुरू करने के निर्देश दिए हैं। इस योजना के तहत एक या दो बेटियों वाले माता-पिता को कीर्ति कार्ड दिया जा रहा है। कार्डधारकों को किराना दुकान, प्राइवेट स्कूल और अस्पतालों में छूट मिलेगी। सरकारी दफ्तरों में इन्हें लाइन में नहीं लगना होगा। इनके कामों को प्राथमिकता दी जाएगी।

### बेटियों को बढ़ावा देना योजना का उद्देश्य

योजना का उद्देश्य घटते लिंगानुपात को सुधारना है। जिले का लिंगानुपात 887 है, जो 1000 की तुलना में काफी कम है। योजना पूरी तरह स्वैच्छिक है। ज्यादातर किराना दुकानों ने विशेष छूट देने का वादा किया है। कुछ स्कूल और अस्पताल पूरी फीस माफ करने को तैयार हैं।

### इन विभागों में कीर्ति कार्ड धारकों को मिलेगी छूट

योजना को लागू करने के लिए अलग-अलग विभागों को जिम्मेदारी दी गई है। मुख्य चिकित्सा और स्वास्थ्य अधिकारी प्राइवेट अस्पतालों में छूट पर नजर रखेंगे। परिवहन विभाग किराए में छूट सुनिश्चित करेगा। खाद्य सुरक्षा अधिकारी किराना दुकानों की निगरानी करेंगे। जिला शिक्षा अधिकारी स्कूलों में फीस और किताबों में छूट दिलवाएंगे। खेल और पर्यटन विभाग खेलों में भागीदारी बढ़ाएगा और पर्यटन स्थलों पर छूट देगा। इसमे भोपाल में भी संस्थानों से चर्चा की जाएगी, जिससे राजधानी स्तर पर भी कीर्ति कार्ड धारकों को छूट मिल सकेगी।

### अशोकनगर में 29 जून से होगी योजना की शुरुआत

29 जून को अशोकनगर से चंदेरी तक साइकिल रैली निकाली जाएगी। इसमें करीब 100 साइकिलिस्ट शामिल होंगे। यह पहली बार है जब प्रशासनिक स्तर पर इस तरह की रैली हो रही है। अभियान के तहत पालकों को कीर्ति कार्ड दिए जाएंगे। कार्ड धारकों को जनसुनवाई में प्राथमिकता मिलेगी। बैठने की व्यवस्था भी रहेगी। समस्याओं का तुरंत समाधान किया जाएगा। जिले के अलग-अलग कार्यालयों में कीर्ति कॉर्नर बनाए जाएंगे। अब तक अशोनगर जिले में 9 हजार 228 पालक चिह्नित किए जा चुके हैं। इनमें वे लोग शामिल हैं जिनकी एक या दो बेटियां हैं और तीसरी डिलीवरी नहीं हुई। साथ ही वे पिता भी शामिल हैं, जिनकी बेटियां शादी योग्य हो चुकी हैं। आगे इस योजना में ओर भी बदलाव किए जाएंगे।

# भारत की अंडर 19 टीम ने होव में मैच जीत कर रचा इतिहास

## इंग्लैंड में चला वैभव का बल्ला, 175 रन का लक्ष्य 24 ओवर में किया हासिल

नई दिल्ली। भारत की अंडर 19 टीम ने इंग्लैंड की युवा टीम को हरा दिया है इग्लैंड की हार उस मैदान पर हुई जहां इससे पहले टीम इंडिया को कभी जीत हासिल नहीं हुई। वैभव सूर्यवंशी की धुंआधार बल्लेबाजी के दम पर भारत ने 175 रन के लक्ष्य को 24 ओवर में हासिल कर लिया। होव के काउंटी क्रिकेट ग्राउंड पर भारत की ओर से सीनियर या जूनियर किसी भी स्तर पर यह पहली जीत है।




इससे पहले भारतीय टीम ने यहां एकमात्र मैच खेला था जिसमें उसे हार का सामना करना पड़ा था। यह मैच अजहरुद्दीन की कप्तानी में भारत ने 26 साल पहले इस मैदान पर खेला था जहां साउथ अफ्रीका ने भारत को हराया था। उसके बाद टीम इंडिया ने वहां कोई मैच नहीं खेला। 1999 वनडे विश्व कप के दौरान भारतीय टीम वहां मैच खेली थी जिसमें सचिन तेंदुलकर, सौरव गांगुली और राहुल द्रविड़ जैसे धुरंधर खिलाड़ी थे। होव में खेले गए वर्ल्ड कप के उस मैच में साउथ अफ्रीका ने भारत को 4 विकेट से हराया था, लेकिन लंबे समय से चले इस वेन्यू पर हार के मिथक को भारत की अंडर 19 टीम ने तोड़ दिया।

वैभव ने इस मैच में शानदार पारी खेली। उन्होंने आईपीएल वाली फॉर्म को इंग्लैंड के साथ खेले पहले वनडे में भी बरकार रखी। भारत के गेंदबाजों के बाद बल्लेबाजों ने भी शानदार प्रदर्शन किया। गेंदबाजी में कनिष्क चौहान ने अच्छी गेंदबाजी करते हुए 20 रन देकर 3 विकेट झटके। वहीं मोहम्मद एनान, हेनिल पटेल और आरएस अंबरीश ने दो दो विकेट लिए। इंग्लैंड की ओर से टी20 विश्व कप में युवराज सिंह को गला काटने की धमकी देने वाले एंड्रयू फ्लिंटॉफ के बेटे रॉकी फ्लिंटॉफ ने 56 रन बनाए, लेकिन रॉकी का अर्धशतक टीम के काम नहीं आया।

इंग्लैंड ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 42.2 ओवर में 174 रन बनाए1 लक्ष्य का पीछा करते हुए भारतीय टीम ने सूर्यवंशी और म्हात्रे की बदौलत धमाकेदार शुरुआत की। दोनों ने शुरुआती 7 ओवर में बिना किसी नुकसान के 71 रन बना लिए लेकिन इनके आउट होने के बाद उप कप्तान अभिज्ञान कुंडू ने नाबाद 45 रन बनाकर टीम को लक्ष्य तक पहुंचाया। भारत ने यह मैच सिर्फ 24 ओवर में जीत लिया और पांच मैच की सीरीज में बढ़त बना ली। सीरीज का दूसरा वनडे 30 जून को खेला जाएगा।

इस सीरीज से पहले भारत को इंग्लैंड लॉयंस के खिलाफ 50 ओवर का एक प्रैक्टिस मैच खेलने का मौका मिला। इंडिया अंडर 19 टीम ने इस मैच में मेजबानों को 231 रन से हरा दिया था। भारतीय टीम ने अपनी पारी में 26 छक्के लगाए थे। भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 50 ओवर में 9 विकेट पर 444 रन बनाए। जवाब में इंग्लैंड की अंडर 19 टीम 211 रन पर सिमट गई।

5 मैचों की सीरीज का दूसरा वनडे मैच 30 जून को नॉर्थेम्पटन में खेला जाएगा। तीसरा वनडे मैच 2 जुलाई नॉर्थेम्पटन में, चौथा 5 जुलाई वॉर्सेस्टर और सीरीज का पांचवां और आखिरी वनडे 7 जुलाई को वार्सेस्टर में खेला जाएगा। 12-जुलाई को पहला मल्टी डे मैच खेला जाएगा वहीं 20 जुलाई से दूसरा मल्टी डे मैच केम्सफोर्ड में खेला जाएगा।

## अंडर-15 लड़कों ने रजत पदक जीता, अंडर-19 टीम को कांस्य पदक

नई दिल्ली। भारत के अंडर-15 और अंडर-19 लड़कों ने ताशकंद के हुमो एरिना में आयोजित 29वीं एशियाई युवा चैंपियनशिप 2025 में टीम स्पर्धाओं में क्रमश: रजत और कांस्य पदक जीते।

अंडर-15 लड़कों ने सुबह के सत्र में सेमीफाइनल में दूसरे वरीय दक्षिण कोरिया को 3-1 से हराकर शानदार प्रदर्शन किया। हालांकि, वे फाइनल में पिछड़ गए और शाम को तीसरे वरीय चीन से 0-3 से हार गए। हार के बावजूद, साहिल रावत ने शुरुआती मैच में यू हैयांग को थोड़ा डरा दिया। पहला गेम हारने के बाद, साहिल ने वापसी की और मैच को बराबरी पर ला दिया और अंत में 2-11,11-8, 2-11, 12-10, 4-11 से हारने से पहले इसे निर्णायक गेम तक ले गए।

इसके बाद के मैचों में रित्विक गुप्ता झोउ गुआनहोंग से 12-14, 8-11, 5-11 से हार गए, जबकि वांग ज़ियांग ने आदित्य दास के खिलाफ 11-3, 8-11, 11-3, 11-9 से जीत के साथ चीन को स्वर्ण पदक दिलाया। इससे पहले सेमीफाइनल में साहिल ली सेउंगसू से 8-11, 11-8, 11-7, 11-8 से हार गए थे, जिससे कोरिया को शुरुआती बढ़त मिल गई थी। इसके बाद रित्विक ने ली हियोन्हो पर 8-11, 10-12, 15-13, 11-6, 11-6 से जीत के साथ भारत को मुकाबले में बनाए रखा। वापसी से प्रेरित होकर आदित्य ने एक कड़े मुकाबले में किम रयोवोन को 11-6, 13-15, 11-7, 10-12, 11-8 से हराया। रित्विक ने अपने दूसरे मैराथन मैच में ली सेउंगसू को फिर से 10-12, 11-6, 11-6, 7-11, 11-4 से हराकर प्रसिद्ध उलटफेर किया। इस बीच, शुक्रवार शाम को, अंडर-19 लड़कों को सेमीफाइनल में दक्षिण कोरिया से 2-3 से मामूली हार के बाद कांस्य पदक से संतोष करना पड़ा। अंकुर भट्टाचार्जी ने अपने दोनों एकल मैच जीतकर शानदार प्रदर्शन किया। उन्होंने क्वॉन ह्युक पर 6-11, 5-11, 11-8, 11-5, 11-9 से जीत के साथ शुरुआत की और बाद में किम गॉन को 12-14, 11-6, 12-10, 9-11, 11-5 से पराजित किया।

## हर गेंद पर चौका-छक्का नहीं जरूरी - शेफाली वर्मा

नई दिल्ली। भारतीय महिला क्रिकेट टीम में वापसी कर रहीं 21 वर्षीय शेफाली वर्मा ने स्वीकार किया है कि टीम से बाहर रहने के दौरान उन्होंने अपनी बल्लेबाजी के नजरिए में बड़ा बदलाव किया। खराब फॉर्म के चलते बाहर होने के बाद शेफाली ने टेस्ट क्रिकेट में सचिन तेंदुलकर की पारियां देख-देखकर यह समझा कि हर गेंद को उसकी मेरिट पर खेलना कितना जरूरी है। इंग्लैंड के खिलाफ पहले टी20 मैच से पहले बीसीसीआई के एक वीडियो में शेफाली ने कहा, 卐पहले मैं हर गेंद पर चौका या छक्का मारने के बारे में सोचती थी लेकिन फिर मुझे समझ में आया कि अच्छी गेंद का सम्मान करना जरूरी है। मैंने सचिन सर की टेस्ट पारियां देखीं और उनसे काफी प्रेरणा मिली। शेफाली ने बताया कि सचिन को देखते हुए उन्हें अपने बचपन के दिन याद आ गए। उस समय मैं उनका एक भी मैच मिस नहीं करती थी।

## बर्मिंघम टेस्ट में बुमराह को आराम देने की संभावना से क्रिकेट प्रेमी टेंशन में

बर्मिंघम। लीड्स में हार के बाद भारत बनाम इंग्लैंड एजबेस्टन टेस्ट के लिए जसप्रीत बुमराह को आराम देने की संभावना ने क्रिकेट प्रशंसकों को चौंका दिया और सबके मन में एक ही सवाल उठा रहा है कि अगर बुमराह नहीं तो कौन? मोहम्मद सिराज, प्रसिद्ध कृष्णा और शार्दुल ठाकुर ने अच्छा प्रदर्शन किया, लेकिन उनकी गेंदबाजी लीड्स में इंग्लैंड को जीत से रोक नहीं सकी। बुमराह एकमात्र गेंदबाज थे जिन्होंने पहली पारी में इंग्लैंड के बल्लेबाजों को परेशान किया। दूसरी पारी में बुमराह को कोई विकेट नहीं मिला।

बर्मिंघम मैदान पर इंग्लैंड ने रिकॉर्ड रन चेज किया है, बुमराह की अनुपस्थिति भारत के लिए चैलेज साबित हो सकती है। हालांकि बुमराह को अभी एजबेस्टन टेस्ट से बाहर नहीं किया है, लेकिन संभावना ज्यादा है। बेंच पर भारत के पास आकाश दीप और अर्शदीप सिंह के रूप में दो तेज गेंदबाज हैं। तेज गेंदबाजी में भारत के पास कुलदीप यादव और वाशिंगटन सुंदर के रूप में विकल्प हैं। अगर भारत को सीम बॉलिंग ऑलराउंडर चाहिए तो नितीश रेड्डी भी एक विकल्प हैं। हालांकि, रेड्डी एक बल्लेबाजी ऑलराउंडर हैं और कुछ ओवरों में योगदान दे सकते हैं, लेकिन शुभमन गिल उन पर लंबे स्पैल गेंदबाजी करने का भरोसा नहीं कर पाएंगे।

एजबेस्टन की पिच में हेडिंग्ले जैसी ही समनाता होने की संभावना है। ऐतिहासिक रूप से एजबेस्टन जहां भारत कभी नहीं जीता है। इंग्लैंड में सामान्य से कम बारिश के साथ शुष्क गर्मी चल रही है, इसलिए पिच काफी सूखी होने की संभावना है जो बल्लेबाजों की मदद करेगी। ऐसी पिचों पर गेंदबाजों को टेस्ट मैच के पहले दो सत्रों को छोड़कर संघर्ष करना पड़ सकता है। ऐसी स्थिति में यदि भारत जसप्रीत बुमराह को नहीं खिलाता है, तो यह मुश्किल मामला हो सकता है। बुमराह ने न केवल विकेट लेने वाली गेंदें फेंकी, बल्कि उन्होंने इंग्लैंड को भी रोके रखा। दूसरी ओर मोहम्मद सिराज और प्रसिद्ध पहली पारी में अनियमित थे लेकिन दूसरी पारी में विकेट के बिना जाने के बाद बुमराह की स्ट्राइक रेट पर असर पड़ा, जबकि लीड्स में उनका गेंदबाजी औसत 28.00 रहा. प्रसिद्ध और शार्दुल ने 44.0 और 44.50 से गेंदबाजी की।

अब सवाल यह है कि दूसरे टेस्ट में बुमराह की जगह कौन लेगा? अगर परिस्थितियां अनुमति देती हैं तो भारत कुलदीप यादव को ले सकता है, लेकिन तेज गेंदबाजी विभाग में भी बदलाव हो सकते हैं। एक बात तो साफ है कि कप्तान शुभमन गिल को शार्दुल की गेंदबाजी क्षमताओं पर ज्यादा भरोसा नहीं है क्योंकि शार्दुल ने पूरे मैच में सिर्फ 16 ओवर फेंके। बाएं हाथ के तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह, जो लाल गेंद की क्रिकेट में शानदार प्रदर्शन कर रहे हैं, भारत के लिए एक विकल्प हो सकते हैं। उनके पास विकेट लेने का हुनर ??है और वे नई गेंद से गेंदबाजी कर सकते हैं। भारत बदलावों को लेकर सतर्क रहेगा। निचले क्रम में बल्लेबाजी में कोई खास दम नहीं होने के कारण भारत लीड्स टेस्ट की दोनों पारियों में ढेर हो गया था। भारत कुलदीप यादव की जगह नीतीश रेड्डी या वाशिंगटन सुंदर को नंबर 8 पर बल्लेबाजी कवर के तौर पर शामिल कर सकता है। बुमराह के कवर के तौर पर अर्शदीप सिंह अपना टेस्ट डेब्यू कर सकते हैं। सिराज और प्रसिद्ध टीम में बने रहे सकते हैं। अगर भारत बड़ा कदम उठाता है, तो प्रसिद्ध की जगह अर्शदीप और शार्दुल की जगह रेड्डी को शामिल कर सकता है।

## वेस्टइंडीज और ऑस्ट्रेलिया मैच में शाई होप का लपका कैच विवादों में

नई दिल्ली। वेस्टइंडीज और ऑस्ट्रेलिया के बीच खेला गया मुकाबला थर्ड अंपायर के फैसले और शमर जोसेफ के शानदार प्रदर्शन की वजह से याद रखा जाएगा। महज तीन दिन में ब्रिजटाउन टेस्ट मैच ऑस्ट्रेलिया ने वेस्टइंडीज से जीता। पहली पारी में 180 रन पर सिमटने के बाद दूसरी पारी में 310 रन का स्कोर बनाकर कंगारू टीम ने वेस्टइंडीज के सामने 301 रन का लक्ष्य रखा। पहली पारी में 190 रन बनाकर बढ़त लेने वाली मेजबान टीम वेस्टइंडीज दूसरी पारी में महज 141 रन पर ही सिमट गई।

पहले टेस्ट में ऑस्ट्रेलिया ने वेस्टइंडीज की बल्लेबाजी को जोश हेजलवुड की घातक गेंदबाजी के दम पर ध्वस्त कर दिया। मेजबान टीम अपने ही घर में बेबस और लाचार दिखी। महज 33.4 ओवर में 141 रनों पर पूरी टीम पवेलियन लौट गई। पहले टेस्ट के तीसरे दिन के अंतिम ओवर में ऑस्ट्रेलिया ने 159 रनों की शानदार जीत हासिल की। मैच के पहले दो दिन में थर्ड अंपायर एड्रियन होल्डस्टॉक के कुछ विवादित फैसले की वजह से हंगामा हो गया था। एलेक्स कैरी द्वारा शाई होप का लपका कैच विवादों में है। बॉल जमीन से गिरती नजर आई जिसे होल्डस्टॉक आउट करार दिए गए।

ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पहले टेस्ट मैच में दोनों पारी में कुल 9 विकेट लेने वाले शमार जोसेफ ने दूसरी पारी में बल्ले से भी दम दिखाया लेकिन फिर भी उनकी टीम हार गई। ब्रिजटाउन टेस्ट में पहली पारी में 16 ओवर में 46 रन देकर 4 विकेट झटके और दूसरी पारी में भी 87 रन देकर 5 विकेट लेकर मैच में टीम को वापसी कराई जब वेस्टइंडीज लक्ष्य का पीछा करते हुए ऑस्ट्रेलिया के सामने मुश्किल में थी तो 10वें नंबर पर आकर उन्होंने 44 रन की पारी खेली। अकेले दम पर जोसेफ ने टीम को जिंदा रखने की कोशिश की लेकिन आखिर में हार हासिल हुई।

वेस्टइंडीज के खिलाफ ऑस्ट्रेलिया का टॉप आर्डर जब लड़खड़ाया तो अकेले टैविस हेड ने अकेले दम पर टीम की नैय्या पार लगाई। पहली पारी में जब पूरी टीम ने 180 रन बनाए को उन्होंने 59 रन की पारी खेली और दूसरी पारी में भी 61 रन की अहम पारी खेली। दोनों पारी में टीम को मुश्किल से निकालने की वजह से उनको प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। पहली पारी में जब वेस्टइंडीज की टीम ने बढ़त हासिल की तो उन्होंने सोचा कि वो ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ जीत का लक्ष्य हासिल कर लेंगे। पहली पारी में दो विकेट लेने वाले जोश हेजलवुड दूसरी पारी में वेस्टइंडीज पर कहर बनकर टूटे। महज 12 ओवर में 43 रन देकर उन्होंने 5 विकेट अपने नाम किए और टीम को जीत दिलाई।

## ईशान किशन खेल रहे काउंटी, लंदन की सड़कों पर कर रहे मस्ती

नई दिल्ली। ईशान किशन लंदन में काउंटी क्रिकेट खेल रहे हैं। उन्होंने नॉटिंघमशायर क्लब की ओर से खेलते हुए शानदार 87 रन की पारी खेली। खाली समय में ईशान लंदन की सड़कों पर घूमते नजर आए। उन्होंने लंदन से अपनी कई तस्वीरें सोशल मीडिया पर शेयर की हैं जिसमें वह कभी पैदल तो कभी छोटी गाड़ी पर बैठकर लंदन घूमते दिख रहे हैं।

ईशान ने जो वीडियो अपलोड की है उसमें वह अपने एक साथी के साथ छोटी गाड़ी में लंदन की सड़कों पर घूम रहे हैं। इस दौरान उस गाड़ी में भोजपुरी गायक नीलकमल सिंह के एल्बम हिरोइन का चर्चित टाइटल सॉन्ग गुलाब जइसन खिलल बाड़ु, तू भंवरा से मिलल बाडुज्चल रहा होता है जिसको ईशान पीछे से गुनगुना रहे हैं और जबरदस्त डांस कर रहे हैं। गाड़ी में बैठे बैठे ईशान का यह डांस वीडियो लोगों को खूब पसंद आ रहा है। ईशान के साथ पीछे एक और शख्स बैठा है वह भी एंज्वॉय कर रहा है।

बाएं हाथ के बल्लेबाज ईशान किशन पिछले कुछ समय से भारतीय टीम से बाहर हैं। आईपीएल के बाद उन्होंने काउंटी में खेलने का फैसला किया, क्योंकि इंग्लैंड दौरे के लिए टीम में उनकी वापसी नहीं हुई। वह काउंटी में नॉटिंघमशायर की ओर से खेल रहे हैं। ईशान ने नॉटिंघमशायर के साथ सिर्फ 2 काउंटी चैंपियनशिप मैच खेलने का छोटा करार किया है। साउथ अफ्रीका के विकेटकीपर काइल वेरेयने की जगह उन्हें टीम में जगह मिली है, जो साउथ अफ्रीका टीम के साथ जिम्बाब्वे के खिलाफ दो टेस्ट मैचों की सीरीज खेलने गए हैं।

ईशान किशन का काउंटी में डेब्यू शानदार रहा। उन्होंने पहले मैच में ही अर्धशतक लगाया। ईशान जिस काउंटी टीम से खेल रहे हैं उसी टीम में उनके साथ पाकिस्तान के तेज गेंदबाज मोहम्मद अब्बास भी खेल रहे हैं। ईशान और अब्बास की नॉटिंघमशायर टीम में अच्छी बॉन्डिंग देखी जा रही है।

## आईसीसी ने टी-20 मैचों के पावरप्ले नियम में भी किया बड़ा बदलाव

दुबई । अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने पुरुषों के टी-20 क्रिकेट में अहम बदलाव की घोषणा की है। अब बारिश या किसी अन्य वजह से ओवर घटने पर पावरप्ले के ओवर भी उसी अनुपात में घट जाएंगे। अभी तक 20 ओवर की पारी में शुरुआती छह ओवर पावरप्ले के होते हैं, लेकिन नए नियम के तहत मैच के ओवर कम होने पर पावरप्ले भी उसके मुताबिक तय होगा। उदाहरण के लिए, पांच ओवर के मैच में 1.3 ओवर पावरप्ले होगा, छह ओवर के लिए 1.5 ओवर, सात ओवर के लिए 2.1 ओवर, आठ ओवर के लिए 2.2 ओवर, नौ ओवर के लिए 2.4 ओवर और दस ओवर के मैच के लिए तीन ओवर का पावरप्ले होगा। इसी तरह 11 ओवर के मैच में 3.2 ओवर, 12 ओवर में 3.4 ओवर, 13 ओवर में 3.5 ओवर, 14 ओवर में 4.1 ओवर, 15 ओवर में 4.3 ओवर, 16 ओवर में 4.5 ओवर, 17 ओवर में 5.1 ओवर, 18 ओवर में 5.2 ओवर और 19 ओवर के मैच में 5.4 ओवर पावरप्ले होगा। अंपायर ओवर के बीच में पावरप्ले समाप्त होने के समय पर संकेत देंगे।



यह नियम 2 जुलाई से वैश्विक स्तर पर लागू हो जाएगा। अब इसमें दिलचस्प बात यह है कि इंग्लैंड के टी-20 ब्लास्ट टूर्नामेंट में यह नियम पहले से ही इस्तेमाल हो रहा है, जहां पावरप्ले के ओवर ओवर-गणना के हिसाब से तय होते हैं और खिलाड़ियों या अधिकारियों को कोई परेशानी नहीं होती। आईसीसी ने कहा कि इसका उद्देश्य बारिश से प्रभावित मैचों को अधिक निष्पक्ष और संतुलित बनाना है, ताकि दोनों टीमों को बराबरी का मौका मिल सके और रणनीति भी पारदर्शी रहे। टी-20 में पावरप्ले के दौरान केवल दो फील्डर 30 गज के घेरे के बाहर रह सकते हैं और नए नियम से इस सख्ती को और स्पष्ट करने की बात कही गई है।

इसके अलावा आईसीसी ने टेस्ट क्रिकेट में ओवर-रेट को कंट्रोल करने के लिए स्टॉप क्लॉक का इस्तेमाल अनिवार्य किया है। इस नियम के तहत गेंदबाज को अगली गेंद फेंकने के लिए सीमित समय मिलेगा। नो-बॉल पर कैच की वैधता की समीक्षा भी अब की जाएगी। साथ ही घरेलू प्रथम श्रेणी क्रिकेट में खिलाड़ियों के स्थानांतरण को भी मंजूरी देने के नियमों में बदलाव किए गए हैं। इनमें से कुछ नियम विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (2025-27) के नए चक्र में पहले ही लागू किए जा चुके हैं। लेकिन सफेद गेंद क्रिकेट यानी वनडे और टी-20 के नए नियम इस साल जुलाई से प्रभावी होंगे। आईसीसी का मानना है कि इन बदलावों से खेल ज्यादा व्यवस्थित और पारदर्शी बनेगा और दर्शकों को भी बेहतर अनुभव मिलेगा।

## युवा निशानेबाजों को निखारने में लगे हैं जसपाल राणा

नई दिल्ली। निशानेबाज जसपाल राणा आजकल देश की युवा निशानेबाजी प्रतिभाओं को निखारने में लगे हैं। ओलंपिक पदक विजेता निशानेबाज मनु भाकर के भी वह कोच हैं। 49 साल के राणा ने भारत के शीर्ष् निशानेबाज रहे हैं। इस निशानेबान की कॉमनवेल्थ गेम्स और एशियन गेम्स में शानदार प्रदर्शन कर निशानेबाजी को लोकप्रिय लोकप्रिय बनाने में भी अहम भूमिका रही। राणा ने साल 1988 में 31वीं राष्ट्रीय निशानेबाजी प्रतियोगिता में रजत पदक जीतने के बाद से ही पीछे मुड़कर नहीं देखा। साल 1994 में इटली के मिलान में आयोजित विश्व निशानेबाजी प्रतियोगिता में जूनियर स्तर पर उन्होंने विश्व रिकॉर्ड अपने नाम किया।

राणा ने 1996 में अटलांटा ओलंपिक में भारत का प्रतिनिधित्व किया। राणा ने 1994 एशियन गेम्स में 1 जबकि 2006 एशियन गेम्स में 3 स्वर्ण पदक जीते थे। 2006 में उन्होंने एक रजत भी जीता था। 1998 एशियन गेम्स में सिल्वर, 1994 और 1998 एशियन गेम्स में उन्होंने कांस्य पदक अपने नाम किया। राष्ट्रमंडल खेलों भी जसपाल राणा का शानदार प्रदर्शन रहा है। 1994 से लेकर 2006 के बीच उन्होंने चार राष्ट्रमंडल खेलों में 9 स्वर्ण जीते। 2002 में मेलबर्न में आयोजित राष्ट्रमंडल खेल में उन्होंने 4 स्वर्ण पदक अपने नाम कियो। एशियन चैंपियनशिप 1995 में भी उन्होंने स्वर्ण जीता था। संन्यास के बाद से ही राणा कोचिंग क्षेत्र में उतर गये।

## यशस्वी जायसवाल के बचाव में उतरे श्रीधर

नई दिल्ली । भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व फील्डिंग कोच आर श्रीधर ने पहले क्रिकेट टेस्ट में कैच छोड़ने के लिए निशाने पर आये यशस्वी जायसवाल का बचाव करते हुए कहा है कि वह इस कमी को सुधार लेंगे। श्रीधर के अनुसार इंग्लैंड के हालातों में खेलना किसी युवा खिलाड़ी के लिए आसान नहीं होता। श्रीधर ने कहा, इंग्लैंड के पहले दौरे पर जाना और वहां के माहौल के अनुसार ढलना और उसमें भी एक अच्छा स्लिप फील्डर बनना काफी कठिन है। आप जितना चाहें अभ्यास कर लें मैच में यह काफी कठिन होता है। वहां के ठंडे हालातों में उंगलियां सुन्न सी हो जाती हैं! ड्यूक की गेंद आपकी ओर आते समय बहुत हिलती है। इसलिए इसे पकड़ना आसान नहीं होता। वह आगे बोले, इंग्लैंड में, गेंद को देखना बहुत कठिन होता है। ओवल या लीड्स दो सबसे चुनौतीपूर्ण मैदान हैं। लीड्स में एक ढलान है जो पवेलियन की तरफ से किर्कस्टॉल लेन के छोर तक जाती है। और वहां बहुत हवा चलती है, और यह आपकी लय और गहराई को बिगाड़ देती है। यहीं कारा है कि इंग्लैंड के खिलाड़ियों ने भी कैच छोड़े। यह हमेशा क्षमता के बारे में नहीं होता हालातों के अनुसार होता है।

## स्पिनर एडम जम्पा ने सरे के साथ किया अनुबंध

सरे। ऑस्ट्रेलिया के स्पिनर एडम जम्पा ने चार टी20 ब्लास्ट मैच खेलने के लिए सरे के साथ अनुबंध किया है। एडम अगले महीने 6 जुलाई को द ओवल में एसेक्स के खिलाफ सरे के डबल-हेडर मैच से पहले पहुंचेंगे। लेग स्पिनर जम्पा ने अपने करियर में 350 से अधिक टी20 विकेट लिए हैं जिसने उन्हें इंडियन प्रीमियर लीग , बिग बैश और द हंड्रेड सहित दुनिया भर की सभी सबसे बड़ी फ्रैंचाइजी लीगों में ले जाया है, जहां उन्होंने 2023 और 2024 में ओवल इनविंसिबल्स को लगातार खिताब दिलाने में मदद की। सैम कुरेन की सरे प्रतियोगिता में शानदार फॉर्म में है, उसने केंट के खिलाफ आखिरी गेंद पर रोमांचक जीत हासिल की, जिसमें क्रिस जॉर्डन ने अंतिम गेंद पर चौका लगाकर जीत सुनिश्चित की। इसके बाद ससेक्स और मिडलसेक्स के खिलाफ घरेलू मैदान पर व्यापक जीत हासिल की।

जम्पा का पहला मैच 6 जुलाई को एसेक्स के खिलाफ डबल-हेडर होगा, इसके बाद ग्लॉस्टरशायर से भिड़ने के लिए ब्रिस्टल की यात्रा होगी। वह 11 जुलाई को ओवल में सरे के ग्लैमरगन से भिड़ने से पहले लाइट्स के नीचे फिर से एक्शन में होंगे, उसके बाद 13 जुलाई को ग्रुप लीडर समरसेट के खिलाफ एक और डबल-हेडर में थ्री फेदर्स में अपने शुरुआती स्पेल को समाप्त करेंगे। यदि सरे प्रतियोगिता के नॉकआउट चरणों में पहुंचता है, तो जम्पा क्वार्टर फाइनल और फाइनल डे के लिए उपलब्ध होंगे। सरे में हाई-परफॉरमेंस क्रिकेट सलाहकार एलेक स्टीवर्ट ने कहा, एडम जम्पा विश्व क्रिकेट में सबसे बेहतरीन टी20 स्पिनरों में से एक हैं



और मैं विटैलिटी ब्लास्ट के लिए सरे में उनका स्वागत करने के लिए उत्साहित हूं। वह मैदान पर अनुभव और तकनीकी कौशल का खजाना लेकर आते हैं और मैदान के बाहर शानदार चरित्र रखते हैं।

एडम जम्पा ने सरे से जुड़ने पर कहा, मैं सरे के लिए खेलने और एक बार फिर किआ ओवल की भीड़ के सामने खेलने के लिए बेताब हूं। यह मैच खेलने के लिए दुनिया के सबसे बेहतरीन मैदानों में से एक है और मैं जानता हूं कि सरे के लिए खेलना लड़कों के लिए कितना मायने रखता है, इसलिए मैं यह देखने के लिए उत्सुक हूं कि यह सब क्या है। बता दें कि 33 वर्षीय जम्पा टी20 क्रिकेट में ऑस्ट्रेलिया के लिए सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज हैं, जिन्होंने 117 विकेट लिए हैं। वह 100 टी20आई विकेट लेने वाले पहले ऑस्ट्रेलियाई थे और 2021 में टी20 विश्व कप और 2023 में 50 ओवर का विश्व कप जीतने वाली टीमों का हिस्सा थे।

# मप्र भाजपा के नए अध्यक्ष का ऐलान दो जुलाई को

## -एक जुलाई को नामांकन, कई नेता हैं दावेदार

भोपाल। मप्र भाजपा को दो जुलाई को नया प्रदेश अध्यक्ष मिल जाएगा। चुनाव के लिए एक जुलाई को नाम निर्देशन पत्र दाखिल होंगे। अगले दिन भाजपा की वृहद कार्यसमिति की बैठक होगी, जिसमें नए अध्यक्ष के नाम का ऐलान किया जाएगा। संगठन ने मौजूदा प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा की जगह नए अध्यक्ष के चुनाव के लिए निर्वाचन कार्यक्रम तय कर लिया है। चुनाव की प्रक्रिया चुनाव प्रभारी और केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान की मौजूदगी में होगी। वे एक जुलाई को भोपाल पहुंचेंगे। मप्र में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष के दावेदारों में आदिवासी वर्ग के नेताओं में बैतूल सांसद और केंद्रीय राज्यमंत्री दुर्गादास उईके के नाम पर मंथन तेजी से शुरू हुआ है। वे बैतूल से दूसरी बार के सांसद और केंद्र सरकार में राज्यमंत्री हैं।

डीडी के नाम पर चर्चा इसलिए है कि मप्र में 22 फीसदी आदिवासी आबादी है। इनमें से 13 फीसदी आदिवासी गोंड समाज के हैं। दुर्गादास उईके संघ की विचारधारा से जुड़े रहे हैं। राजनीति में आने से पहले वे सरकारी शिक्षक थे। आदिवासी वर्ग में संघ की विचारधारा के निर्विवाद नेताओं में डीडी उईके का नाम आता है। एमपी में सत्ता और संगठन के साथ ही संघ भी उनके नाम पर सहमति दे सकता है। मप्र के पड़ोसी राज्य गुजरात में सीआर पाटिल भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष हैं। पाटिल केंद्र सरकार में जल शक्ति मंत्री भी हैं। ऐसे में एमपी में उईके को भी दोहरी जिम्मेदारी दी जा सकती है।

### प्रदेश अध्यक्ष के दावेदार

मप्र को भाजपा के संगठन की प्रयोगशाला माना जाता है। भाजपा यहां जो भी प्रयोग करती है, उसमें सफलता मिलती है। मप्र में 2028 में विधानसभा के चुनाव होंगे। वो भी नए परिसीमन और महिला आरक्षण के साथ। ऐसे में



भाजपा महिला नेता को भी मप्र में कमान देने पर मंथन कर रही है। वहीं प्रदेश अध्यक्ष के दावेदार में उनमें ब्राह्मण वर्ग से डॉ. नरोत्तम मिश्रा, राजेन्द्र शुक्ल , रामेश्वर शर्मा का नाम चर्चा में है। वहीं वैश्य वर्ग से हेमंत खंडेलवाल, क्षत्रिय वर्ग से अरविंद भदौरिया, अनुसूचित जाति से लाल सिंह आर्य, हरिशंकर खटीक, अनुसूचित जनजाति से गजेन्द्र सिंह पटेल, दुर्गादास उईके, फग्गन सिंह कुलस्ते, सुमेर सिंह सोलंकी का नाम शामिल हैं।

### 19 राज्यों के चुनावों के बाद होगा राष्ट्रीय अध्यक्ष का चुनाव

अब तक भाजपा के करीब 14 राज्यों में प्रदेश अध्यक्षों की घोषणा हो चुकी है। शुक्रवार 27 जून को भाजपा ने तीन राज्यों के चुनाव अधिकारियों के नामों का ऐलान किया है। भाजपा ने महाराष्ट्र में केंद्रीय मंत्री किरन रिरिजू, उत्तराखंड में केंद्रीय मंत्री हर्ष मल्होत्रा और पश्चिम बंगाल में रविशंकर प्रसाद को अपना प्रदेश चुनाव अधिकारी नियुक्त किया है। 19 राज्यों में प्रदेश अध्यक्षों का चुनाव होने के बाद राष्ट्रीय अध्यक्ष का चुनाव होगा।

### एमपी समेत इन राज्यों में होना है चुनाव

मप्र के साथ उत्तरप्रदेश, गुजरात, पश्चिम बंगाल, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना और उत्तराखंड जैसे राज्यों में प्रदेश अध्यक्ष का चुनाव होना है। जबकि असम, सिक्किम, बिहार, अरुणाचल, चंडीगढ़, छत्तीसगढ़, गोवा, केरल, लक्ष्यद्वीप, मेघालय, नागालैंड, राजस्थान और जम्मू कश्मीर में प्रदेश अध्यक्ष के चुनाव की प्रक्रिया पूरी हो चुकी है और नए प्रदेश अध्यक्ष की घोषणा हो चुकी है।

## बाबा साहब ने संविधान दिया, पर कांग्रेस-बीजेपी ने उसे नहीं निभाया- मायावती का तीखा हमला

नई दिल्ली। संविधान को लेकर छिड़ी राष्ट्रीय बहस के बीच बहुजन समाज पार्टी (बीएसपी) प्रमुख मायावती ने रविवार को केंद्र की मोदी सरकार और प्रमुख विपक्षी दल कांग्रेस, दोनों पर तीखा हमला बोला। प्रेस से बात करते हुए उन्होंने कहा कि डॉ. भीमराव अंबेडकर द्वारा निर्मित संविधान को इन दोनों ही दलों ने कभी पूरी ईमानदारी से लागू नहीं किया।



मायावती ने कहा, कि बाबा साहब ने भारत को ऐसा संविधान दिया, जो समाज के हर वर्ग के कल्याण के लिए था। लेकिन कांग्रेस ने सत्ता में रहते हुए और अब भाजपा नेतृत्व वाली एनडीए सरकार, दोनों ने इसे केवल राजनीतिक फायदे के लिए इस्तेमाल किया। उन्होंने आरोप लगाया कि इन दोनों दलों ने समय-समय पर संविधान के मूल स्वरूप के साथ छेड़छाड़ की है। उन्होंने कहा कि राजनीतिक अवसरवाद के तहत इन पार्टियों ने संविधान में अनावश्यक संशोधन किए। यह संविधान की आत्मा पर आघात है।

### होसबले के बयान पर भी जताई आपति

इसी दौरान मायावती ने आरएसएस महासचिव दत्तात्रेय होसबले के हालिया बयान की भी आलोचना की। दरअसल होसबले ने संविधान की प्रस्तावना में धर्मनिरपेक्ष और समाजवादी शब्दों की प्रासंगिकता पर राष्ट्रीय बहस की वकालत की थी। मायावती ने इसे संविधान के सिद्धांतों पर हमला करार दिया और कहा, कि जो लोग बाबा साहब के संविधान की आत्मा को नहीं समझते, वही इस तरह की बहस छेड़ते हैं। यह बहुजनों के अधिकारों पर हमला है।

## मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई ने कहा

## धारा 370 हटाने का फैसला स्वीकार किया ताकि देश में एक संविधान रहे

नागपुर। नागपुर में देश के मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई ने जम्मू-कश्मीर से धारा 370 हटाने के फैसले को लेकर बड़ा दावा किया। उन्होंने कहा कि देश को एकजुट रखने के एक ही संविधान की जरूरत है। हमने संसद द्वारा लिए गए धारा 370 को हटाने के फैसले को सर्वसम्मति से स्वीकार किया, ताकि देश में एक ही संविधान चले। देश के एक राज्य में अलग संविधान बाबा साहब आंबेडकर की विचारधारा के अनुरूप नहीं था।

उन्होंने कहा कि संविधान के केंद्रीकृत होने को लेकर बाबा साहब आंबेडकर की खूब आलोचना की गई थी। बाबा साहब ने उस आलोचना का जवाब देते हुए कहा था कि हम देश को सभी चुनौतियों के लिए उपयुक्त संविधान दे रहे हैं और मैं आपको आश्वस्त कर सकता हूं कि यह युद्ध और शांति के समय में देश



को एकजुट रखेगा। आज हम अपनी 75 साल की यात्रा में देख रहे हैं कि हमारे आसपास क्या स्थिति है? जब भी भारत ने किसी संकट का सामना किया है, तो देश एकजुट रहा है। यह संविधान से ही संभव हुआ है।

### तीनों अंगों की सीमाएं तय

इससे पहले मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई ने कहा कि संविधान ने सरकार के तीन अंगों विधायिका, कार्यपालिका और न्यायपालिका की सीमाएं तय की हैं। कानून बनाना विधायिका और राज्य विधानसभाओं की जिम्मेदारी है, जबकि कार्यपालिका संविधान और कानून के ढांचे के भीतर काम करती है। उन्होंने कहा कि संविधान और नागरिकों के अधिकारों को बनाए रखने के लिए आवश्यक है। सीजेआई ने कहा कि अगर न्यायपालिका हर मामले में कार्यपालिका और विधायिका के क्षेत्रों में हस्तक्षेप करने की कोशिश करती है, तो मैं हमेशा कहता हूं हालांकि न्यायिक सक्रियता बनी रहेगी, लेकिन इसे न्यायिक दुस्साहस और न्यायिक आतंकवाद में बदलने की अनुमति नहीं दी जानी चाहिए। मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि जब कोई कानून संसद या राज्य विधानसभा के अधिकार से परे बनाया जाता है और यह सांविधानिक सिद्धांतों का उल्लंघन करता है, तो न्यायपालिका के लिए हस्तक्षेप करना अनिवार्य है।

### ईरानी विदेश मंत्री की जयशंकर से बात, उधर अमेरिकी विदेश मंत्री ने शाहबाज को घुमाया फोन

## पाक ने सीजफायर करने के लिए ट्रंप की तारीफ की

नई दिल्ली। भारतीय विदेश मंत्री की बातचीत ईरान के विदेश मंत्री से हुई है। ईरानी विदेश मंत्री ने एस जयशंकर को मौजूदा हालात के बारे में जानकारी दी है। बातचीत के बारे में खुद जयशंकर ने पोस्ट करके लिखा है कि शनिवार दोपहर ईरानी विदेश मंत्री अराघची से बात की। मौजूदा जटिल स्थिति में ईरान के दृष्टिकोण और सोच को साझा करने के लिए उनकी सराहना करता हूं। उन्होंने कहा कि भारतीय नागरिकों को सुरक्षित निकालने में मदद करने के लिए उनका (अराघची को) धन्यवाद। यानी की ईरान ने अपना स्टैंड फोन करके भारत को साफ तौर पर बात दिया है। ईरान ने पूरे मामले की जानकारी दी है।

इस मामले में भारत शुरु से ही कह रहा था कि स्थिति चिंताजनक है और ईरान व इजरायल दोनों ही उनके मित्र देश हैं। इसके बाद दोनों देशों को अगर बातचीत करनी है, तब भारत उसमें अपनी भूमिका निभा सकता है।

इतना ही नहीं दोनों देशों से भारत ने डिस्क्लेशन की अपील कर कहा था कि दोनों देश बातचीत और डिप्लोमेसी के जरिए अपने मसले को सुलझा लें। यही ज्यादा बेहतर होगा। हालांकि ईरान बार बार कह रहा है कि वहां अपना परमाणु कार्यक्रम बंद नहीं करेगा। वहीं अमेरिका और इजरायल इस बात पर अड़िग हैं कि ईरान को अपने परमाणु कार्यक्रम को बंद करना ही होगा। यही सब तनाव के कारण लगातार स्थिति बिगड़ती चली गई और मामला युद्ध तक चला गया।

इधर अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज



शरीफ से फोन पर बात की। दोनों के बीच बातचीत का केंद्र बिंदु ईरान का परमाणु कार्यक्रम और क्षेत्रीय स्थिरता रहा।

अमेरिकी विदेश विभाग की प्रवक्ता टैमी ब्रूस ने बताया कि मंत्री रुबियो ने कहा कि ईरान किसी भी सूरत में परमाणु हथियार हासिल नहीं कर सकता। बातचीत में इजरायल-ईरान संघर्ष में स्थायी शांति के प्रयासों पर भी सहमति बनी।

वहीं पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की भूमिका की सराहना कर कहा कि ट्रंप ने ईरान-इजरायल संघर्ष में सीजफायर लाने में अहम भूमिका निभाई। शहबाज ने कहा कि पाकिस्तान मध्य पूर्व में शांति बनाए रखने में सक्रिय सहयोग देगा।

### भारत का स्पष्ट रुख

भारत ने दो टूक कहा है कि वह किसी तीसरे पक्ष की मध्यस्थता स्वीकार नहीं करेगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्पष्ट किया है कि भारत किसी भी मुद्दे पर स्वयं निर्णय लेने में सक्षम है। पश्चिम एशिया में जारी अस्थिरता के बीच भारत, अमेरिका, ईरान और पाकिस्तान की कूटनीतिक गतिविधियां तेज हो गई हैं।

## इतना पिटने के बाद भी नहीं सुधरा पाकिस्तान, तबाह हुए आतंकी ठिकानों को फिर खड़ा कर रहा

नई दिल्ली। भारतीय सेना द्वारा चलाए गए ऑपरेशन सिंदूर में तबाह हुए आतंकी ठिकानों को पाकिस्तान फिर से खड़ा करने में जुट गया है। यह साफ संकेत है कि पाकिस्तान न सिर्फ आतंकवाद को बढ़ावा दे रहा है, बल्कि सरकारी स्तर पर इसका समर्थन भी कर रहा है। हाल ही में भारतीय सेना ने पीओके (पाक अधिकृत कश्मीर) और पंजाब बॉर्डर के पास मौजूद जैश-ए-मोहम्मद और लश्कर-ए-तैयबा जैसे संगठनों के आतंकवादी अड्डों पर सटीक हमले किए। रिपोर्ट के मुताबिक, पाक सरकार और सेना मिलकर आतंकवादियों के लिए नई इमारतें खड़ी कर रही है। फंड की व्यवस्था आईएसआई और सेना प्रमुख जनरल आसिम मुनीर की देखरेख में हुई है। करीब 40 करोड़ का सरकारी फंड इन निर्माण कार्यों में लगा है। बात दें कि ऑपरेशन सिंदूर के बाद भारत के हमलों में घायल हुए आतंकियों से मिलने पाकिस्तान के दो मंत्री तनवीर हुसैन और बिलाल यासीन खुद पहुंचे थे। उन्होंने मारे गए आतंकियों को शहीद बताकर कहा कि इनका बलिदान व्यर्थ नहीं जाएगा। यह सीधे-सीधे आतंकी संगठनों के प्रति सरकारी समर्थन और सहानुभूति को दर्शाता है।

### भारत का क्या संदेश है?

भारत ने पाकिस्तान को यह स्पष्ट संदेश दिया है कि सीमा पार आतंकवाद बर्दाश्त नहीं करेगा। सिंधु जल संधि हो या अंतरराष्ट्रीय मंच भारत अपने अधिकारों का इस्तेमाल कर रहा है। अब यह बात साफ हो गई है कि पाकिस्तान सुधरने को तैयार नहीं है, चाहे कितनी भी सैन्य कार्रवाई क्यों न हो। पाकिस्तान द्वारा आतंक के खात्मे के बजाय, फिर से खड़ा करने के प्रयास, भारत के खिलाफ उसकी नियत को साफ उजागर करते हैं।

## महिला ने साधु पर दुष्कर्म करने और गर्भपात कराने का लगाया आरोप

कोलकाता। बंगाल में एक साधु के महिला से दुष्कर्म का मामला सामने आया है। महिला ने स्वामी प्रदिप्तानंद पर दुष्कर्म का आरोप लगाते हुए थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। स्वामी प्रदिप्तानंदा को कार्तिक महाराज के नाम से भी जाना जाता है। कार्तिक महाराज भारत सेवाश्रम संघ की मुर्शिदाबाद स्थित बेलडांगा यूनिट से जुड़े हुए हैं।

पुलिस के मुताबिक यह मामला करीब 12 साल पुराना है। वहीं, कार्तिक महाराज ने महिला के आरोपों को निराधार बताया है। उन्होंने इसे उन्हें बदनाम करने की साजिश बताया है। बता दें हाल ही में कोलकाता में एक लॉ कॉलेज में छात्रा के साथ गैंगरेप का मामला गर्माया हुआ है और अब एक महिला ने साधु पर दुष्कर्म का आरोप लगाया है।

पुलिस में दर्ज एफआईआर के मुताबिक महिला ने दावा किया है कि यह मामला साल 2012 का है। तब वह पहली बार महाराज से मिली थी और उन्होंने टीचर की नौकरी ऑफर की थी। महिला के मुताबिक उसने यह नौकरी स्वीकार कर ली थी। महिला के मुताबिक उसे स्कूल के अंदर ही पांचवीं मंजिल पर एक कमरा दिया गया था। कार्तिक महाराज उसे अक्सर अपने ऑफिस में बुलाया करते थे। कई मौकों पर उन्होंने उसका यौन उत्पीड़न किया। कई बार उसके साथ दुष्कर्म किया। साधु ने उसे हर महीने पैसे भेजने का भी वादा किया था।

पीड़ित महिला ने कहा कि 2013 में जब वह गर्भवती हो गई तो इसके बाद आरोपी साधु कार्तिक महाराज कुछ स्कूल कर्मचारियों के साथ उसका गर्भपात कराने के लिए बेरहामपुर के एक निजी नर्सिंग होम में ले गया। जब उसने इसका विरोध किया तो उसे स्टाफ सदस्यों के सामने धमकी दी। उन्होंने नर्सिंग होम में एक डॉक्टर से बात की और मुझे गर्भपात कराने के लिए मजबूर किया।

महिला ने कहा कि उसने मुर्शिदाबाद में आश्रम की कई शाखाओं में उसके साथ दुष्कर्म किया। वह उसे नौकरी देने का वादा करता रहा और मैं इंतजार करती रही। आखिरकार, वह मानसिक रूप से टूट गई। महिला का आरोप है कि इस साल 13 जून को दो व्यक्ति उसके पास आए थे। इन लोगों ने बताया कि वह कार्तिक महाराज से जुड़े हुए हैं। इसके बाद दोनों ने महिला का यौन उत्पीड़न किया और उसे एक घर के पास छोड़ गए। इन लोगों ने उसे चेतावनी दी कि वह महाराज से अपने सभी संबंध खत्म कर ले।

## मुहर्रम पर आठ फीट से ज्यादा ऊंचे ना हों ताजिए और अलम

फिरोजाबाद। मुहर्रम का चांद दिखते ही शुक्रवार से इस्लामी नए साल की शुरुआत हो गई। मुहर्रम के त्यौहार को लेकर डीएम ने मुस्लिम समुदाय के लोगों से अपील की है कि ताजिए और अलम की लंबाई आठ फीट से ज्यादा न रखें। डीएम, एसएसपी और नगर आयुक्त ने मुस्लिम धर्म गुरुओं और पीस कमेटी के साथ बैठक की थी। बैठक में डीएम ने कहा कि मुहर्रम के मद्देनजर बिजली इत्यादि की संपूर्ण व्यवस्था दुरुस्त कर ली गई है। जल भराव से निपटने की तैयारी भी पूरी है। ताजिए और अलम की लंबाई आठ फीट से ज्यादा न हो। गैर पारंपरिक तरीका न अपनाया जाए। डीजे की आवाज कम से कम हो, जिससे किसी को असुविधा न हो। आदेश का उल्लंघन होने पर लाइसेंस रद्द कर कार्रवाई की जाएगी। धर्मगुरु इन निर्देशों को जनता तक पहुंचाएं।

## जेएनपीए बंदरगाह पर 39 पाकिस्तानी कंटेनर जब्त, डीआरआई ने किया 9 करोड़ का माल जब्त

**मुंबई। राजस्व खुफिया निदेशालय (डीआरआई) ने दुबई, यूएई जैसे देशों के जरिए पाकिस्तान निर्मित सामानों के अवैध आयात पर लगाम लगाने के लिए ऑपरेशन डीप मैनिफेस्ट शुरू किया है। इस ऑपरेशन में अब तक 1115 मीट्रिक टन माल ले जा रहे 39 कंटेनर जब्त किए गए हैं। माल की कीमत करीब 9 करोड़ रुपये है। इससे साफ पता चलता है कि पाकिस्तान निर्मित सामानों के प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष आयात या परिवहन पर सरकार द्वारा लगाई गई आयात नीति की शर्तों और प्रतिबंधों का उल्लंघन किया गया है। आयात करने वाली फर्म के एक साझेदार को 26 जून को गिरफ्तार किया गया था। यह जानकारी मुंबई में डीआरआई अधिकारियों ने दी।**

### पहलगाम आतंकी हमले के बाद पाकिस्तान से आयातित माल पर रोक

पहलगाम आतंकी हमले के बाद केंद्र सरकार ने 2 मई 2025 से पाकिस्तान से आने या निर्यात किए जाने वाले सामानों के प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष आयात या पारगमन पर व्यापक प्रतिबंध लगा दिया है। इन सख्त उपायों के बावजूद, कुछ आयातक माल की उत्पत्ति को गलत बताकर और संबंधित शिपिंग दस्तावेजों को जाली बनाकर सरकारी नीति को दरकिनार करने की कोशिश करते हैं। ऐसे माल को जेएनपीए बंदरगाह पर जब्त कर लिया गया। माल की उत्पत्ति को संयुक्त अरब अमीरात से आने वाले झूठे रूप से घोषित करके छुपाया गया था। हालांकि, जांच से पता चला कि माल वास्तव में पाकिस्तान से आया था और केवल गुमराह करने के लिए दुबई के रास्ते भारत भेजा गया था। जांच से पता चला कि माल को शुरू में पाकिस्तान से दुबई तक कंटेनरों और जहाजों में ले जाया गया और फिर भारत जाने वाले अन्य कंटेनरों और जहाजों में स्थानांतरित कर दिया गया। माल की आगे की जांच और जांच के दौरान अब तक एकत्र किए गए दस्तावेजों के विश्लेषण से माल के मार्ग का पता चला है। माल पाकिस्तान के कराची बंदरगाह से रवाना हुआ और दुबई के जेबेल अली बंदरगाह पर भारत जाने वाले जहाजों पर लोड किया गया। इसके अलावा, पाकिस्तानी संस्थाओं के साथ धन हस्तांतरण का पता चला है, जिससे अवैध वित्तीय लेनदेन के बारे में चिंता बढ़ गई है।

## आई मिस यू पूनम, आई हेट यू पूनम...सुसाइड नोट में लिख वकील ने की आत्महत्या

प्रयागराज। मेरा 9 साल का प्यार अधूरा रह गया। आई मिस यू पूनम। आई हेट यू पूनम। तुम खुश रहना। मैं दुनिया को छोड़कर जा रहा हूं। प्रयागराज में सुसाइड नोट में यह बातें लिखकर वकील ने आत्महत्या कर ली।

दरअसल, वकील की शादी घरवालों ने दूसरी जगह तय की थी। 16 मई को बारात जानी थी, कार्ड बांट चुके थे, लेकिन वकील ने प्रेम प्रसंग के चलते शादी से इंकार कर दिया। शुक्रवार रात उसका शव किराए के मकान में लटका मिला। पुलिस का कहना है कि वकील ने खुदकुशी की है। सिविल कोर्ट के वकील अजय साहू की मौत के बाद मां शकुंतला देवी का रो-रोकर बुरा हाल है।

कुकुहा गांव निवासी अजय साहू (27) सिविल कोर्ट में वकील थे। शुक्रवार शाम वह कचहरी से कमरे पर पहुंचे। देर रात करीब 10 बजे उन्होंने पंखे में प्लास्टिक की रस्सी बांधकर फंदा लगा लिया।

रात करीब 10.30 बजे मकान मालिक ने कमरे का दरवाजा खटखटाया। मगर दरवाजा नहीं खुला। कई बार आवाज लगाने के बाद भी कोई जवाब नहीं मिला, फिर उन्होंने कमरे की खिड़की को खोलकर देखा, अजय का शव फंदे से लटक रहा था।

## संविधान से समाजवाद और धर्मनिरपेक्ष शब्द हटाने पर बरसे अखिलेश यादव

लखनऊ। समाजवादी पार्टी के मुखिया एवं उप्र के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के बयान पर निशाना साधते हुए कहा कि जो लोग संविधान और आरक्षण के खिलाफ हैं, वे सीधे आरक्षण खत्म करने की बात नहीं कह सकते। इसलिए वे समाजवाद जैसे शब्दों को हटाने की बात करते हैं। उन्होंने कहा कि जिनका दिमाग नफरत और नकारात्मक राजनीति से भरा है, वे समाज को बांटकर, जाति और धर्म के आधार पर दीवार खड़ी करना चाहते हैं। वे समाजवाद और धर्मनिरपेक्षता के खिलाफ हैं।

शनिवार को यहां पत्रकारों से बातचीत में सपा मुखिया अखिलेश यादव ने बीजेपी के गठन के समय की बहस का जिक्र करते हुए कहा कि तब यह तय हुआ था कि बीजेपी समाजवाद और धर्मनिरपेक्षता को अपनाएगी। अगर बीजेपी



अपने मूल सिद्धांतों से भटकती है, तो वह बीजेपी नहीं रह जाती। उन्होंने सीएम योगी पर तंज कसते हुए, कहा कि योगी आरएसएस के बयान का समर्थन करेंगे, क्योंकि वे बीजेपी के सदस्य नहीं रहे और मजबूरी में मुख्यमंत्री बने हैं। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के चुनाव आयोग पर लगाए आरोपों पर अखिलेश ने कहा कि बीजेपी पीछे के रास्ते से कुछ भी कर सकती है। उन्होंने कुंदरकी चुनाव का उदाहरण देते हुए कहा कि सीसीटीवी में पुलिसकर्मियों के वर्दी उतारकर वोट डालने की घटना कैद हुई थी। अगर ममता बनर्जी कुछ कह रही हैं, तो इसका मतलब है कि बीजेपी कोई साजिश रच रही है। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र और संविधान की रक्षा जरूरी है, वरना हमारे अधिकार खतरे में पड़ जाएंगे। बीजेपी, चुनाव आयोग से मिलकर साजिश कर रही है और विपक्ष को मिलने वाले वोटों को कम करने के लिए बूथ खत्म किए जा रहे हैं।

## जल्द ही इंदौर जिला कांग्रेस को नया अध्यक्ष मिल सकता

इंदौर। मध्यप्रदेश के इंदौर में जिला कांग्रेस अध्यक्ष पद को लेकर चल रही रायशुमारी शनिवार को अंतिम दौर में पहुंची। पार्टी द्वारा नियुक्त केंद्रीय पर्यवेक्षक दानिश अबरार ने सभी दावेदारों और पदाधिकारियों से गहन चर्चा की। इस दौरान कई दावेदारों ने चुनाव में पार्टी के भीतर हुए भीतरघात की बात कहकर जिम्मेदार नेताओं के नाम पर्यवेक्षक को सौंपे। केंद्रीय पर्यवेक्षक अबरार ने भरोसा दिलाया कि इन नामों को दिल्ली भेजा जाएगा और हाईकमान इन पर विचार करेगा। उन्होंने कहा कि पार्टी यह देखेगी कि क्या इसतरह के नेताओं को भविष्य में कोई जिम्मेदारी मिलानी चाहिए या नहीं। सूत्रों के अनुसार, पर्यवेक्षक ने प्रत्येक दावेदार से अलग-अलग चर्चा की और जानने की कोशिश की कि किस विधानसभा क्षेत्र में किस जाति का प्रभाव है, साथ ही लोकसभा और विधानसभा चुनाव में पार्टी को ग्रामीण क्षेत्रों में हार का कारण क्या रहा। इसके अलावा पर्यवेक्षक ने जिला पंचायत, जनपद सदस्य और सरपंचों से भी मुलाकात की। इन जनप्रतिनिधियों ने भी चुनाव में पार्टी प्रत्याशी के खिलाफ काम करने वाले कुछ स्थानीय नेताओं के नाम उजागर किए। रायशुमारी की प्रक्रिया अब समापन की ओर है और जल्द ही इंदौर जिला कांग्रेस को नया अध्यक्ष मिल सकता है।

# नगर के कई वार्डों में घुसा बारिश का पानी

## वार्ड न ०6 इतवारी गंज के रहवासियों ने किया चक्काजाम, बंद पड़े नाले को खोलने की मांग को लेकर मंचाया जमकर हंगामा, पुलिस टीम ने संभाला मोर्चा, तो नपा अमले ने जेसीबी की मदद से बनाई निकासी की व्यवस्था





**बालाघाट( पद्मेश न्यूज )। शनिवार को सुबह 11 बजे से शुरू हुई तेज बारिश ने शहर को पानी-पानी कर दिया। जहां दोपहर करीब 2 बजे तक होती रही बारिश ने नगरी क्षेत्र के विभिन्न इलाकों में जमकर आफत बरसाई तो वहीं नगर के कई वार्डों के घरों में बारिश का पानी घुस गया ।जहां पानी निकासी के पर्याप्त इंतजाम न होने के चलते लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। बारिश का पानी लोगों के घरों में घुसने पर लोगों ने नगर पालिका के प्रति अपना जमकर आक्रोश जताया, तो वही व्यवस्थाओं में सुधार किए जाने की मांग की। नगर में इस बारिश से सबसे ज्यादा आफत नगर के वार्ड नंबर 10 वार्ड नंबर 4 वार्ड नंबर 1 वार्ड नंबर 6 वार्ड नंबर 11 वार्ड नंबर 24 ,,वार्ड नं 33 ,हनुमान चौक, जयस्तंभ चौक अंबेडकर चौक सहित अन्य इलाकों में देखने को मिली ।नगर के निचले इलाकों में सड़कों से बहता हुआ नाली का गंदा पानी लोगों के घरों में घुस गया जिसके चलते उनके घरों में रखा घरेलू सामान व जरूरतों की समाग्री भींग गई ।तो वही नगर के वार्ड नंबर 6 में पानी निकासी की व्यवस्था न होने के चलते स्थानीय लोगों ने जमकर हंगामा मचाते हुए चकाजाम कर दिया।। स्थानीय लोगों का आरोप है कि एक निजी प्लाट धारक ने वर्षों से बने नाले पर भरन डालकर उसे पूरी तरह से बंद कर दिया है। जिसके चलते पानी निकासी की व्यवस्था नहीं हो पा रही है और बरसात का पानी बहता हुआ ओवर फ्लो होकर उनके घरों में घुस रहा है।**

### वार्ड नंबर 1 की गलियां हुई जल मग्न

बारिश के चलते वार्ड नंबर 10 के निचले इलाकों और वार्ड नंबर 1 की कई गलियों में जल जमाव की स्थिति देखी गई। जहां पानी निकासी के उचित इंतजाम न होने के चलते जगह-जगह जल जमाव हो गया ।जिससे स्थानीय लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। चर्चा के दौरान पूर्व नपा उपाध्यक्ष अनिल सोनी ने बताया कि नगर पालिका ने बारिश के पूर्व जल निकासी के इंतजाम नहीं किए। जिसका खामियाजा स्थानीय लोगों को भुगतना पड़ रहा है। उन्होंने नालियों की साफ सफाई न होने पर ऐतराज जताते हुए जल्द से जल्द पानी निकासी की व्यवस्था बनाए जाने की मांग की है।

### वार्डवासियों ने किया चकाजाम तो हरकत में आई नपा, प्लाट खोदकर बनाई व्यवस्था

नगरीय क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 06 में बारिश के पानी की निकासी के उचित प्रबंध नहीं होने से लोगों के घरो में बारिश का पानी घुस गया। जिससे रहवासी आक्रोशित हो उठे और उन्होंने चक्काजाम कर दिया। जिसके चलते, मार्ग पर आवागमन पूरी तरह से बंद हो गया। रहवासियों का आरोप है कि, वार्ड के पानी निकासी के लिए बड़े नाले की भूमि को प्लाट मालिक ने बंद कर दिया है। जिसके चलते बरसात का पानी सीधे नाली से ओवरफ्लो होकर उनके घरों में घुस रहा है। जिससे नाराज वार्ड वासियों ने सड़क पर मोटरसाइकिल अड़ाकर चक्का जाम कर दिया और नगर पालिका के खिलाफ जमकर नारेबाजी शुरू हो गई ।उधर मामले की जानकारी मिलते ही कोतवाली पुलिस ने मोर्चा संभालते हुए मामले को शांत कराया, तो वहीं वार्डवासियों के आक्रोश व उनके द्वारा किए गए चक्का जाम के बाद नगर पालिका हरकत में आई और तत्काल जेसीबी मंगाकर निजी प्लांट को खोलकर पानी निकासी की व्यवस्था बनाई ।तब जाकर स्थानीय लोगों ने राहत की सांस ली और चकाजाम समाप्त कर दिया।

### वर्षों पुराने नाले को बंद करने से बिगड़ी व्यवस्था

स्थानीय वार्डवासियों ने बताया कि यह वर्षो पुराना नाला है, जिससे, पानी की निकासी होती थी। लेकिन गर्मी के दिनों में प्लाट मालिक ने भरन डालकर नाले को पूरी तरह से बंद कर दिया था ।जिसका वार्डवासियों ने विरोध भी किया था ।लेकिन नपा प्रशासन, पुलिस प्रशासन ने उनकी एक नही सुनी। चूंकि नाला बंद कर दिए जाने के कारण, जो छोटी नालियां है, उससे पानी की समुचित निकासी नहीं होने से बारिश का पानी, नाली से ओवरफ्लो होकर घरो में घुस रहा है। घरो में बुजुर्ग और बच्चे है, बारिश का पानी घर में घुसने से ना केवल परेशानी हो रही है बल्कि घरो में रखा सामान भी खराब हो रहा हैं। रहवासियों ने वार्ड पार्षद रैना सुराना के भी समस्या को नजरअंदाज करने पर नाराजगी जाहिर की।

### विधायक सांसद भी नही कर रहे सुनवाई-महिलाए

चकाजाम में शामिल महिला लता बेन, कविता नेवारे सहित अन्य महिलाओ ने बताया कि घर में बुजुर्ग ससुर है, पानी भर गया है, उसे लेकर वह कहा जाए। महिला लता बेन ने बताया पानी निकासी को लेकर कई बार सांसद, विधायक और नगरपालिका को जानकारी दी गई लेकिन, किसी ने ध्यान नहीं दिया। कविता नेवारे ने बताया कि उसका कच्चा मकान है, बारिश का पानी घर में घुसने से मकान के क्षतिग्रस्त होने के साथ ही बच्चों का डर सता रहा है। इससे पहले कभी घरो में पानी नहीं घुसा, लेकिन भूमि मालिक के नाला बंद कर दिए जाने से पानी की निकासी नहीं होने से बारिश का पानी घरो में घुस रहा है।

### नगर में सभी जगह बनाई जा रही निकासी की व्यवस्था- कतरौलिया

उधर वार्डवासियों के आक्रोश के बाद नगरपालिका, ने बंद नाले को जेसीबी की मदद से खोल दिया, ताकि रहवासी के घरो में घुस रहे पानी की निकासी हो सके। नगरपालिका सीएमओ बी.डी. कतरौलिया ने बताया कि मामले की जानकारी मिली है, बारिश के पानी की निकासी के लिए प्रबंध किए जा रहे है। उन्होंने बताया कि नगर के विभिन्न क्षेत्रों में जल जमाव की खबरें मिली है ।हनुमान चौक से भी 15-20 मिनट तक ही पानी भर रहा है ।वार्ड नं 10 निचला इलाका है ।रेलवे लाइन के चलते पानी निकासी में दिक्कत होती है ।रेलवे प्रशासन से चर्चा कर उनकी भी व्यवस्था




पैसा ठीक होने के बाद देना
शादी से पहले एवं शादी के बाद
उम्र की अधिकता से कमजोर सेक्स, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, लिंग का छोटापन, टेडापन, निःसंतान, शुक्राणुओं की कमी, शुगर से आयी कमजोरी आदि सभी सेक्स समस्याओं का शर्तिया ईलाज किया जाता है।
पता-जगजीवन आयुर्वेदिक दवाखाना
गुरूनानक पेट्रोल पंप के सामने समाजवाड़ी रोड, बालाघाट, मो. 9243880464







AICTE भारत सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त एवं RGPV & DTE भोपाल से सम्बध्द
सतपुड़ा इंजीनियरिंग & पॉलिटेक्निक कॉलेज
प्रवेश प्रारंभ
B.Tech. & Polytechnic
COMPUTER SCIENCE ENGINEERING
MINING ENGINEERING
CIVIL ENGINEERING
MECHANICAL ENGINEERING
ELECTRICAL ENGINEERING
Lateral Entry Admission NEP 2020 के तहत किसी भी ब्रांच से डिप्लोमा/B.Sc. (Maths) उत्तीर्ण छात्रों का B.Tech. एवं ITI उत्तीर्ण छात्रों का पॉलिटेक्निक के
द्वितीय वर्ष में सीधे प्रवेश
सतपुड़ा कैम्पस, लालबर्रा रोड, गर्रा, बालाघाट
6262604111, 9425836824







स्वत्वाधिकारी, मुद्रक एवं प्रकाशक उमेश बागरेचा द्वारा पद्मेश पब्लिकेशन, वार्ड नं.9, गुजरी चौक, बालाघाट ( म.प्र. ) से मुद्रित कराकर काली पुतली चौक, बालाघाट से प्रकाशित, संपादक- उमेश बागरेचा, मो.नं. - ९४२५१३८७१० रजि. नं. एम.पी. एच. आई. एन. /२००९/३२३११, न्यायालयीन क्षेत्राधिकार बालाघाट